# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को मिठाई खिलाते हुए



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नितिन नबीन को भेंट की महाकाल की मूर्ति




## नबीन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला, पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी और कहा

# मैं कार्यकर्ता हूं और नितिन नबीन मेरे 'बॉस'

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं दी
- मप्र के मंत्रियों और नेताओं ने नितिन नबीन को पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी



नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को नितिन नबीन ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रक्रिया से चलती है। उन्होंने कहा कि आज से नितिन नबीन ही हमारे अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे यहां मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप चलती है।

**नए नेताओं के लिए भाजपा एक मंच है। हमारे अध्यक्ष सबसे युवा हैं और ऊर्जा से भरे हुए हैं**



### राजनाथ सिंह अमित शाह और नड्डा की भी तारीफ

इस दौरान पीएम ने मंच पर बैठे राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के अध्यक्ष कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के दौर में ही भाजपा पूर्ण बहुमत से केंद्र में आई। फिर अमित शाह के अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा दूसरी बार केंद्र में पूर्ण बहुमत से आई।

### नबीन ने 20 मिनट के भाषण में कहा

## ये पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है.. हमें अपने हिस्से का 'त्याग' करना होगा

नितिन नबीन ने कहा कि हमने कार्यकर्ता के तौर पर पीएम मोदी को देशसेवा के काम करते हुए देखा। आपको देख कर ही सीखा है कि जो व्यक्ति खुद को लोगों की भावनाओं से जुड़ने वाला बना सकता है,वही बड़ा शख्स बनता है। आपने कहा था कि हम जो विकास का काम करते हैं। लोग हमसे उम्मीद करते हैं। हमसे जुड़ते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता कुछ नारों को जनसंघ के समय से गढ़ते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।




## खबर संक्षेप

### प्रजापति के बेटे ने पिता के बयान पर जताई आपत्ति

**भोपाल।** पूर्व विधायक आरडी प्रजापति के विवादित बयान पर उनके बेटे भाजपा से पूर्व विधायक राजेश प्रजापति ने औचित्यहीन बताया है। उन्होंने बयान को समाज व्यवस्था बिगाड़ने वाली राजनीति बताया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि यदि उनके पिता गलत बोलते हैं, तो सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करे।



### कान्हा नेशनल पार्क में फिर मृत मिला तेंदुआ

**मंडला।** जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व में एक माह के भीतर तेंदुए की दूसरी मौत दर्ज की गई है। सोमवार रात किसली रेंज के मोचीदादर क्षेत्र में गश्त कर रहे वनकर्मियों को एक तेंदुए का शव मिला।



### मथुरा में 70 करोड़ की चांदी ले उड़े व्यापारी

**मथुरा।** मथुरा सराफा बाजार में अभी तक 2300 किलो चांदी जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 करोड़ रुपए है, गायब होने की जानकारी मिली है। उधर, पुलिस भी गायब व्यापारियों की तलाश में जुट गई है।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर रात स्विटजरलैंड के दावोस पहुंचे**

### दोवोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम: मप्र में कृषि और शिक्षा में जेमिनी एआई के उपयोग पर हुआ संवाद

# गूगल करेगा मप्र में आईटी,आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश, दिखाई रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता के साथ दावोस में मंगलवार को मप्र के अधिकारियों ने बैठक कर राज्य में आईटी, आईटीईएस सेक्टर और मौजूदा प्रस्तावित डेटा सेंटर परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। गुप्ता ने मप्र में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश की रूचि दिखाई। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देर रात स्विटजरलैंड के दावोस पहुंच गए। वे 21 जनवरी को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे। राज्य सरकार ने पर्यटन नीति-2025 एवं फिल्म पर्यटन नीति-2025 के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और सतत पर्यटन विकास को नई दिशा दी है।

**गूगल के एशिया पैसिफिक प्रेसिडेंट गुप्ता से हुई चर्चा**



एशिया पैसिफिक के अध्यक्ष संजय गुप्ता से चर्चा करते हुए मप्र के मंत्री व प्रतिनिधिमंडल

### सिंथेटिक मीथेन और लो-कार्बन ईंधन अवसरों पर हुआ मंथन

#### विकास भी, विरासत भी का दूरदर्शी दृष्टिकोण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास भी, विरासत भी के दूरदर्शी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर मप्र ने पर्यटन को समावेशी और सतत विकास के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया है।

#### हरित ऊर्जा आधारित नीति की योजना बताई गई

गूगल की ओर से राज्य में जेमिनी एआई के माध्यम से कृषि एवं शिक्षा क्षेत्रों में नवाचार और डिजिटल समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए गए। बैठक में राज्य शासन की ओर से आईटी एवं डेटा सेंटर परियोजनाओं के लिए पर्याप्त एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरित ऊर्जा आधारित नीति तैयार करने की योजना से अवगत कराया गया।

#### कार्बन ईंधन के क्षेत्र में संभावित अवसरों पर गहन चर्चा

उधर, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस यात्रा के दूसरे दिन अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने टीईएस-एच2 के ओरिजिनेशन एवं बिज़नेस डेवलपमेंट प्रमुख फिलिपो कोमेल्ली के साथ सिंथेटिक मीथेन और लो-कार्बन ईंधनों के क्षेत्र में संभावित अवसरों पर गहन चर्चा हुई। टीईएस-एच2 विश्व के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंथेटिक मीथेन उत्पादकों में से एक है, जिसके वाणिज्यिक परिचालन कई देशों में संचालित हैं।

#### मप्र के कम कार्बन विकास उद्देश्यों के अनुरूप परियोजनाओं को बताया

अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार की रणनीतिक प्रासंगिकता को उजागर करते हुए बताया कि राज्य से होकर गुजरने वाली हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर (एचवीजे) गैस पाइपलाइन और गन्ना जैसी कृषि-आधारित उद्योगों से उपलब्ध बायोजेनिक सीओटू स्रोत, कम कार्बन तीव्रता वाले ईंधन विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

### आगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 33 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त आरोपी फैजान पठान गिरफ्तार

**आगर मालवा।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने 33 लाख रुपए मूल्य की 330 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि नुरानी नगर सुसनेर निवासी फैजान पठान आगर-सुसनेर रोड पर स्थित मां दुर्गा माताजी मंदिर, आमला के पास से वैध एमडी ड्रग्स लेकर आगर की ओर जाने वाला था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक पारदर्शी पॉलीथीन में 330 ग्राम एमडी ड्रग्स व फोन बरामद हुआ।

#### ड्रग कांड का फरार मास्टरमाइंड
#### भाजपा नेता राहुल आंजना अरेस्ट

रविवार को आगर मालवा जिले में बहुचर्चित केटामाइन ड्रग तस्करी मामले के मुख्य आरोपी और भाजपा नेता राहुल आंजना को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह करीब 4 महीने से फरार चल रहा था। इस मामले में 9 किलो से अधिक केटामाइन ड्रग जब्त की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आंकी गई थी।

### छिंदवाड़ा मिठाई कांड में बड़ा खुलासा

## मिठाई में जानबूझकर मिलाई गई थी चूहा मारने की दवा

**यानी, मारना ही था मकसद, 3 की हुई थी मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के जुन्नारदेव में सामने आए मिठाई कांड में बड़ा खुलासा हुआ है। खाद्य विभाग की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि लावारिस थैले में रखी मिठाई में अत्यधिक




मात्रा में आर्सेनिक (चूहा मार दवा) मिला हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार आर्सेनिक की मात्रा सामान्य स्तर से करीब ढाई सौ गुना अधिक पाई गई, जिससे मिठाई पूरी तरह जहरीली बन चुकी थी।

**प्रधान आरक्षक पर लगाए अभद्रता के आरोप**

### रायसेन जिला अस्पताल में हंगामा

## नर्सों ने पुलिस चौकी पर जड़ दिया 'ताला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर स्थित पुलिस चौकी पर नर्सों ने ताला जड़ दिया। नर्सों के समर्थन में डॉक्टर भी काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन में शामिल हुए और आरोपी प्रधान आरक्षक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। यह विवाद तीन दिन पहले शनिवार रात का है। रात के समय कुछ मरीजों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान ड्यूटी



चौकी पर ताला लगाती हुई नर्सें

पर तैनात एक नर्स और प्रधान आरक्षक कृष्ण पाल के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। नर्सों का आरोप है कि बहस के दौरान प्रधान आरक्षक ने मर्यादा की सीमा लांघते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### अश्लील वीडियो कांड में संलिप्तता

## कर्नाटक के डीजीपी रामचंद्र राव को केंद्र ने किया सस्पेंड

**राव ने कहा- ये वीडियो पूरी तरह से फेक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के डीजीपी के रामचंद्र राव पर सख्त एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। उनके कई अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वो महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे थे। रामचंद्र ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर



के रामचंद्र राव | वायरल फोटो

दिया। उनका कहना है कि उन्हें फंसाया जा रहा है। ये पूरी तरह से मनगढ़ंत है और ये वीडियो पूरी तरह से फेक है। वीडियो कांड के बाद रामचंद्र कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर से भी मिलने पहुंचे थे, मगर दोनों की मुलाकात नहीं हो सकी।

## भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बड़ी सुनवाई

**भोजशाला में मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ा, भारी पुलिस बल तैनात**



### करीब 8000 से अधिक पुलिस बल की होगी तैनाती

रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ सहित विभिन्न कंपनियां के लगभग 8000 से अधिक पुलिस बल बाहर से बुलवाया गया है जो जिले भर में तैनात किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से भोजशाला परिसर के भीतर और बाहर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात रहे।

#### बसंत पंचमी व जुमे की नमाज का टकराव हिंदू पक्ष ने मांगी पूरे दिन पूजा की इजाजत

*धार। धार स्थित भोजशाला विवाद पर हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बसंत पंचमी पूजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट बसंत पंचमी से एक दिन पहले गुरुवार को सुनवाई करेगा। 23 जनवरी को बसंत पंचमी और शुक्रवार दोनों ही है। लिहाजा याचिका में उस दिन मुस्लिमों की नमाज-ए-जुमा पर रोक लगाने की मांग की गई है।*

**पुलिस ने पीड़ित की मां को लगवाए चक्कर**

### राजगढ़ में युवक के साथ बर्बरता

## रस्सी से बांधा, सिर से खून बहता रहा, पर कैंची से काटते रहे बाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो, जिसमें एक युवक के साथ बर्बरता की जा रही है। युवक को बांधकर रखा। इस दौरान उसकी दाढ़ी खींची, कैंची से बाल भी काटे।

शनिवार को हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवक के सिर से खून बहता दिखाई दे रहा है। मामला तब सामने आया जब पीड़ित युवक की मां रविवार को इसकी शिकायत करने



वीडियो में हंसता दिखा आरोपी

एसपी ऑफिस पहुंची। यहां से उसे राजगढ़ थाने जाने की बात कही गई। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला ब्यावरा का बताकर वहीं भेज दिया। जबकि ब्यावरा पुलिस ने भी शिकायत नहीं सुनी। महिला ने दावा किया है कि वीडियो में दिख रहा बर्बरता का शिकार युवक उसका बेटा है। महिला ने कहा कि शुक्रवार को काम पर जाने की बात कहकर बेटा घर से निकला था। इसके बाद से वह नहीं लौटा। किसी परिचित ने यह वीडियो दिखाया, जिससे उसे घटना की जानकारी मिली। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा- मप्र में अब भाजपा का नहीं, गुंडा राज चल रहा है।

### आवारा कुत्तों का मामला : सुप्रीम कोर्ट मानव सुरक्षा, एबीसी नियमों के क्रियान्वयन और जानवरों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने पर कर रहा विचार

**वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा एक ऐसा सिस्टम हो जहां लोग उन लावारिस कुत्तों की रिपोर्ट कर सकें जिनका स्टरलाइजेशन नहीं हुआ**

## सुप्रीम कोर्ट - हम कुत्तों से सर्टिफिकेट लेकर चलने को क्यों नहीं कह सकते?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को लावारिस कुत्तों के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान एक याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि उनके इलाके में बहुत सारे लावारिस कुत्ते हैं, जो पूरी रात एक-दूसरे का पीछा करते रहते हैं, भौंकते हैं, जिससे उन्हें नींद नहीं आती और उनके बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते। याचिकाकर्ता ने इस मामले में अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनका कहना कि वे केवल वैक्सीनेशन और स्टरलाइजेशन कर सकते हैं। एनएचआरसी को भी भी पत्र लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल रूल्स (एबीसी नियम) केवल एक खास दायरे में काम करते हैं। कुत्तों को स्टरलाइजेशन या वैक्सीनेशन के बाद फिर से छोड़ दिया जाता है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कहा कि दुनियाभर में यह स्वीकार किया जाता है।



### कोर्ट रूम में क्या हुआ?

- **प्रशांत भूषण :** कोर्ट की कुछ टिप्पणियां गलत संदेश दे सकती हैं। इसी कोर्ट ने कहा था कि कुत्तों के काटने के लिए फीडर्स को जिम्मेदार ठहराया जाए, जो शायद व्यंग्य था
- **जस्टिस विक्रम नाथ:** यह व्यंग्य में नहीं कहा गया था, बल्कि बहुत गंभीरता से कहा गया था

### पूर्व केंद्रीय मंत्री के पॉडकास्ट को माना आपत्तिजनक

इसके अलावा एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा इस मामले पर किए गए पॉडकास्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने पूर्व मंत्री की तरफ से पेश हुए वकील राजू रामचंद्रन से कहा कि थोड़ी देर पहले आप कोर्ट से टिप्पणियों को लेकर सावधान रहने की बात कर रहे थे। क्या आपको पता है कि आपके क्लाइंट किस तरह की बातें कर रही हैं?

## ट्रंप ने नाटो चीफ को किया फोन

# सोशल मीडिया पर कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा बताया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नाटो चीफ मार्क रूट से फोन पर बात की। बातचीत में ग्रीनलैंड के मुद्दे पर स्विट्जरलैंड के दावोस बैठक बुलाने का फैसला लिया गया। हालांकि उन्होंने बैठक की तारीख नहीं बताई। ट्रंप ने रूट को साफ तौर पर बताया कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में शांति ताकत के जरिए ही कायम की जा सकती है और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर एक मैप भी शेयर किया, जिसमें कनाडा, ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया गया।

ट्रंप ग्रीनलैंड का फ्यूचर स्विट्जरलैंड में तय करेंगे

नाटो चीफ रूट ने भी ग्रीनलैंड पर ट्रंप का किया समर्थन


ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड और वेनेजुएला को अमेरिका का हिस्सा दिखाया

### ट्रंप इंटरनेशनल गैंगस्टर ब्रिटिश संसद डेवी ने कहा



ब्रिटेन के लिबरल डेमोक्रेट नेता एड डेवी ने ब्रिटिश संसद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना की। उन्होंने ट्रंप को 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' तक बता दिया। डेवी ने कहा कि ट्रंप एक 'इंटरनेशनल गैंगस्टर' और 'धौंस जमाने वाले नेता' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

### नाटो चीफ का मैसेज सार्वजनिक किया

*ट्रंप ने नाटो चीफ मार्क रूट का एक पर्सनल मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस मैसेज में ने ट्रंप से कहा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आज आपने सीरिया में जो हासिल किया है, वह अविश्वसनीय है। मैं दावोस में अपने मीडिया इंटरव्यू में सीरिया, गाजा और यूक्रेन में आपके काम को सामने रखूंगा।*



ट्रंप ने ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बताते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की

### धमकियों का सख्ती से करें सामना: न्यूजॉम



*टैरिफ धमकियों के खिलाफ कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें ट्रंप की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रंप के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है।*

### ग्रीनलैंड में मिलिट्री एयरक्राफ्ट भेजा

अमेरिका ने नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) का एक सैन्य विमान ग्रीनलैंड भेजा है। यह विमान जल्द ही पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेगा। नोराड ने एक्स पर कहा कि यह तैनाती पहले से तय सैन्य गतिविधियों के तहत की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी डेनमार्क और ग्रीनलैंड को दी गई है। वहीं, डेनमार्क ने भी ग्रीनलैंड में अतिरिक्त सैनिक तैनात किए हैं। सोमवार को कई विमान डेनमार्क के सैनिकों और सैन्य उपकरणों को लेकर ग्रीनलैंड पहुंचे।

### फ्रांस के राष्ट्रपति के निजी मैसेज लीक

ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों के साथ हुई बातचीत को शेयर किया है। मैक्रों ने सीरिया और ईरान के मसलों पर ट्रंप से सहमति जताई, लेकिन उन्होंने ट्रंप के ग्रीनलैंड वाले फैसले पर खुलकर सवाल उठाए। साथ ही मैंकों ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि मैं फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैक्स (टैरिफ) लगा दूंगा। फिर मैक्रों शामिल हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मिशिगन में 100 वाहनों की भीषण दुर्घटना

**मिशिगन।** ग्रेट लेक्स से आई बर्फ के कारण सोमवार को मिशिगन में 100 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए।



सोमवार को हुए इस भीषण हादसे के चलते मिशिगन स्टेट पुलिस ने ग्रैंड रैपिड्स के दक्षिण-पश्चिम में हडसनविले के पास इंटरस्टेट 196 के दोनों तरफ के रास्ते बंद कर दिए, जबकि अधिकारी 30 से अधिक सेमीट्रेलर ट्रकों सहित सभी वाहनों को हटाने के लिए काम कर रहे थे। राज्य पुलिस ने बताया कि कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी की मौत की खबर नहीं है।

### बुल्गारिया के राष्ट्रपति रादेव का इस्तीफा

**सोफिया।** बुल्गारिया के वामपंथी राष्ट्रपति रूमेन रादेव ने सोमवार को अपने पद से हटने की घोषणा की। मंगलवार को उन्होंने संवैधानिक न्यायालय में औपचारिक रूप से अपना इस्तीफा सौंपे दिया।



संविधान के अनुसार वर्तमान उपराष्ट्रपति इलियाना योतोवा को सरकार के कार्यकाल के अंत तक पद संभालने के लिए संसद द्वारा शपथ लेनी होगी। रादेव का यह निर्णय इस सार्वजनिक उम्मीद के बीच आया है कि वह एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे।

## दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी बोले

# भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में करें निवेश, विश्व के लिए 'समाधान' करें तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान दुनिया भर के निवेशकों से भारत के स्वच्छ और हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने की जोरदार अपील की है।

भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है। दावोस में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड और सीओओ सारा बुशार्ड के साथ बैठक की।

*प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भारत ने सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया है और बड़े स्तर पर इन परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की क्षमता दिखाई है*

**'पार्टनर विद इंडिया' पहल को बढ़ाने की अपील**

**बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था मजबूत करेंगे**


कनाडा की कंपनी ला काइस के अध्यक्ष और सीईओ चार्ल्स एमोंड से मुलाकात करते केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी

### ऊर्जा भंडारण के नए उपायों पर चर्चा

*जोशी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बातचीत के दौरान सोलर, पवन और मिश्रित नवीकरणीय परियोजनाओं को बढ़ाने, बिजली ट्रांसमिशन व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रीन हाइड्रोजन तथा ऊर्जा भंडारण के नए उपायों पर बात की गई। उन्होंने कहा कि 'पार्टनर विद इंडिया' पहल को और बड़े स्तर पर बढ़ाया जाए, ताकि 2030 तक जलवायु कार्यों के लिए तय 400 अरब डॉलर के निवेश का फायदा भारत को मिल सके। उन्होंने कहा कि भारत की स्वच्छ ऊर्जा योजनाएं और ला कैस की जलवायु निवेश रणनीति एक-दूसरे से मेल खाती हैं। दोनों का लक्ष्य ऐसे मजबूत और प्रभावी समाधान तैयार करना है, जो भारत को स्वच्छ ऊर्जा की ओर आगे बढ़ाने में मदद करें।*

### भारत-ओमान के बीच ऊर्जा सहयोग पर चर्चा



प्रल्हाद जोशी ने ओमान के डिप्टी पीएम के आर्थिक मामलों के कार्यालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सईद मोहम्मद अहमद अल सकरी के साथ भी बैठक की। इस बैठक में भारत और ओमान के बीच नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि भारत ने सूखे और रेगिस्तानी इलाकों में भी सोलर, पवन, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

### निर्यात ढांचे में निवेश को देंगे बढ़ावा

दावोस में हुई चर्चाओं में सोलर मॉड्यूल, इलेक्ट्रोलाइजर और ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण और निर्यात में संयुक्त सहयोग पर भी ध्यान दिय गया। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा से चलने वाले हाइड्रोजन हब, एकीकृत ऊर्जा परियोजनाओं और बंदरगाह आधारित निर्यात ढांचे में निवेश को बढ़ावा देने की बात कही।

### बेल्जियम के डिप्टी पीएम से की मुलाकात



मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बेल्जियम के डिप्टी पीएम और विदेश मामलों, यूरोपीय मामलों और विकास सहयोग मंत्री प्रवोट मेक्सिम के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत को एक भरोसेमंद और पूर्वानुमानित भागीदार के रूप में रेखांकित किया, और बेल्जियम में भारत के कुशल कार्यबल को शामिल करने के अवसरों पर प्रकाश डाला।

## चीनी रेस्टोरेंट पर आत्मघाती हमला

# आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान ग्रुप ने ली 'जिम्मेदारी'


चीनी रेस्टोरेंट में धमाका

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया गया है। तालिबान प्रशासन के मुताबिक इस विस्फोट में कई लोग मारे गए मरने वालों में दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इस धमाके की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासान (आईएसआईएस-के) ग्रुप ने ली है।

आतंकवादी समूह ने सोमवार देर रात अपनी समाचार एजेंसी आमाक पर जारी एक बयान में कहा कि एक आत्मघाती हमलावर शहर के एक रेस्तरां में घुस गया, जहां चीनी नागरिक अक्सर आते-जाते थे। वहां चल रही सभा के दौरान उसने विस्फोटक जैकेट में विस्फोट कर दिया। समूह ने दावा किया कि इस हमले में तालिबान गार्डों समेत 25 लोग मारे गए या घायल हुए। यह हमला अफगानिस्तान में चीनी हितों को निशाना बनाने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था।

### वीवीआईपी है ये इलाका

*अफगान अधिकारियों ने सोमवार को हुए विस्फोट के कारण की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने मंगलवार को कहा कि वे अभी भी विस्फोट की जांच कर रहे हैं। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने बताया कि काबुल के बीचों-बीच स्थित एक बेहद सुरक्षित इलाके में एक होटल में धमाका हुआ। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा कि यह धमाका शहर-ए-नव इलाके में एक होटल को निशाना बनाकर किया गया। यह इलाका व्यावसायिक माना जाता है, जहां बड़े ऑफिस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और कई दूतावास मौजूद हैं। इसे काबुल के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है।*

### उइगुर मुसलमानों के उत्पीड़न से जोड़ा

आईएस समूह का दावा जारी किए गए पिछले दावों से मिलता-जुलता था, और आतंकवादियों के समर्थकों ने मंगलवार की सुबह इसे बड़े पैमाने पर साझा किया। इस दावे में अफगानिस्तान में चीनी नागरिकों के खिलाफ एक और धमकी शामिल थी, जिसमें हमले को चीन द्वारा उइगुर मुसलमानों के साथ किए जा रहे व्यवहार से जोड़ा गया था। 2021 में तालिबान के आक्रमण के बाद, जिसमें उन्होंने काबुल पर कब्जा कर लिया था।

## 154 देशों का किया जाएगा आकलन

# 'रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स' लॉन्च, जिम्मेदारी नैतिक शासन, नागरिक भलाई से होगा मूल्यांकन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत में पहली बार एक ऐसा वैश्विक स्तर का इंडेक्स लॉन्च किया गया है, जो किसी देश की प्रगति को केवल जीडीपी या आर्थिक आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी जवाबदेही, नैतिक शासन, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और नागरिकों की भलाई के आधार पर मापेगा। इसका नाम 'जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक (रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स-आरएनआई)' है, जिसे देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस



लॉन्चिंग के दौरान पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

इंडेक्स के लिए आईआईएम मुंबई, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) और डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी) ने वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन (डब्ल्यूआईएफ) के साथ मिलकर काम करने की घोषणा की है।

### पारदर्शी ढंग से होगा आंकलन

रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स में दुनिया के 154 देशों का आकलन किया जाएगा। यह आकलन पारंपरिक आर्थिक आंकड़ों से अलग और ज्यादा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा, जिससे बेहतर नीतियां बनाने, देशों के बीच सकारात्मक बातचीत और लोगों की जीवन गुणवत्ता सुधारने में मदद मिल सके। यह इंडेक्स यह समझने का जरिया है कि कोई देश अपने नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है।

## समुद्री निर्यात को मिलेगी रफ्तार

# 6 महाद्वीपों के 83 देशों के साथ भारत आज करने जा रहा राउंडटेबल बैठक


समुद्री मछली को पकड़े हुए मछुआरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मत्स्य विभाग 21 जनवरी को देश के समुद्री निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन करेगा। इस बैठक में 83 से अधिक देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भाग लेंगे। इस राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन मंत्री राजीव रंजन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और एस.पी. सिंह बघेल भी मौजूद रहेंगे।

भारत मछली और मत्स्य उत्पादों के निर्यात में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। वर्ष 2024-25 में समुद्री खाद्य पदार्थों का निर्यात 16.98 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जिसका मूल्य 62,408 करोड़ रुपए (7.45 अरब डॉलर) रहा। यह भारत के कुल कृषि निर्यात में लगभग 18% का योगदान करता है।

## आईएनएस सुदर्शिनी लोकायन 26 के लिए रवाना



**कोच्चि।** फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने 20 जनवरी, 2026 को कोच्चि के नौसैनिक बेस से आईएनएस सुदर्शिनी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक लंबी दूरी की नौकायन यात्रा - लोकायन 26 की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिण ने लोकायन 26 पट्टिका का अनावरण किया। दस महीने की इस तैनाती के दौरान, आईएनएस सुदर्शिनी लगभग 22,000 नॉटिकल मील की यात्रा करेगा, और 13 देशों के 18 बंदरगाहों का दौरा करेगा।

### मशहूर डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का निधन

**रोम।** मशहूर इतालवी डिजाइनर वैलेंटिनो गारवानी का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने रोम स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली।



उनके निधन की दुखद खबर उनके फाउंडेशन ने दी। फाउंडेशन ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर बुधवार और गुरुवार को रोम स्थित संस्था के मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार शुक्रवार को रोम के पियाजा डेला रिपब्लिका में स्थित बेसिलिका सांता मारिया डेगली एंजेली ई डेई मार्टिरी में होगा।

## एस4 कैपिटल के ईसी और डब्ल्यूपीपी के फाउंडर मार्टिन सोरेल बोले

# 'इंडिया इज ऑन फायर', भारत की आर्थिक गति बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' की अच्छी इमेज बनाई, ग्लोबल कंपनियों के लिए भारत अच्छा ऑप्शन

दुनिया के सबसे बड़े विज्ञापन और मार्केटिंग समूह डब्ल्यूपीपी के संस्थापक और एस4 कैपिटल के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन दिग्गज ब्रिटिश व्यवसायी सर मार्टिन सोरेल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दावोस तेजी से अमेरिका की तरफ झुक रहा है, भारत एक ऐसे फोरम में सबसे बड़े रणनीतिक विजेता के तौर पर उभर रहा है, जिसे अब अमेरिकी दखल ने आकार दिया है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल कंपनियां भारत की तरफ अपना रुख कर रही हैं। टैरिफ के साये के बावजूद, सोरेल ने कहा कि भारत की आर्थिक गति बरकरार है।


सर मार्टिन सोरेल

### भारत इस साल और अगले साल भी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

*सर मार्टिन सोरेल ने वर्ल्ड बैंक के अनुमानों का हवाला दिया, जिसमें भारत को न सिर्फ पिछले साल, बल्कि इस साल और अगले साल भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था करार दिया गया है। उन्होंने कहा कि सात, छह और शायद उन्हें यह संख्या और बढ़ानी पड़े। भारत आग लगा रहा है। सोरेल ने कहा कि ग्लोबल कैपिटल के लिए एशिया में भारत चीन का सबसे भरोसेमंद आप्शन बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर आपका चीन में बड़ा निवेश है और आप चीन पर ज्यादा निर्भर होने को लेकर चिंतित हैं, तो भारत अगला सबसे अच्छा आप्शन है, भले ही टैरिफ का दबाव और भू-राजनीतिक मजबूरियां बढ़ रही हों।*

### दावोस में भारत का आत्मविश्वास दिख रहा, उसकी मौजूदगी बढ़ रही

सोरेल ने कहा कि दावोस में भी भारत का बढ़ता आत्मविश्वास दिख रहा है। भारतीय एंटरप्रेन्योर इस फोरम में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। दावोस में उनकी मौजूदगी हमेशा से बड़ी रही है, लेकिन अब यह और भी बड़ी हो गई है। सोरेल ने भारत की ग्लोबल इमेज को बेहतर बनाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत मजबूत स्थिति में है। पीएम मोदी ने ब्रांड इंडिया के लिए बहुत अच्छा काम किया है, खासकर देश को प्रतिस्पर्धी पावर सेंटर्स के बीच संतुलन बनाने के लिए तैयार किया है।

## आम लोगों की रोटी पर आफत

# बांग्लादेश में एलपीजी संकट, सिलेंडर बाजार से गायब, सप्लाई चेन बाधित

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश इन दिनों एक और नए संकट की गिरफ्त में है। आफत आम लोगों की रोटी पर है। देश एलपीजी संकट से जूझ रहा है। अवामी लीग ने इसकी वजह सत्ता की अनदेखी को बताया है।


मुहम्मद यूनुस

पार्टी ने मंगलवार को कहा कि पूरे बांग्लादेश में हो रहा गैस संकट मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की लापरवाही का सीधा नतीजा है, जिसने सुधार की आड़ में एक जरूरी पब्लिक सर्विस का बुरा हाल कर दिया है। पार्टी के अनुसार, बांग्लादेश का ये मौजूदा संकट अचानक नहीं पेश आया। ये किसी वैश्विक परिस्थिति के कारण या आपूर्ति की समस्या से नहीं हुआ, बल्कि इसे टाला जा सकता था। जो हुआ है वो शासन की विफलता है और यूनुस सरकार के कुशासन का एक और उदाहरण है।

अवामी लीग ने अपने बयान में कहा कि यह संकट रातों-रात पैदा नहीं हुआ। बांग्लादेश ने हाल के वर्षों में इससे कहीं ज्यादा बड़े ग्लोबल एनर्जी संकटों का सामना किया है और फिर भी सिस्टम को पूरी तरह से गिरने से रोकने में कामयाब रहा है।

## मध्य प्रदेश में अनुपूरक बजट के लिए विभागों से फाइनेंस के मांगे प्रस्ताव

# नए वाहन, फर्नीचर खरीदी के प्रस्ताव नहीं दे सकेंगे विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा

वित्त विभाग के सभी विभागों से तीसरे अनुपूरक बजट के लिए आईएफएमआईएस के जरिए ऑनलाइन प्रस्ताव मांगे हैं। वाहन खरीदी, फर्नीचर, कार्यालय उपकरण के खरीदी के प्रस्ताव नहीं भेज सकेंगे।

ऐसे नवीन मद के प्रस्ताव भी वित्त विभाग नहीं लेगा, जिनमें राज्य के वित्तीय संसाधनों से अतिरिक्त मांग की जा रही है। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिव को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि तृतीय अनुपूरक बजट के प्रस्ताव प्रशासकीय विभाग के समक्ष अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही ई-ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी। केवल ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे। अनूपूरक अनुमान से संबंधित जानकारी विभाग के सभी बीसीओ के जरिए प्रस्ताव के साथ भेजना होगा।

**अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख सचिव और सचिवों को निर्देश जारी**

**प्रदेश के वित्त विभाग को 23 जनवरी तक जानकारी देनी होगी**


फाइल फोटो।

जिन मदों के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्राप्त होनी है। इसके अलावा राज्य के लोन और अनुदान के बारे में भी जानकारी देनी होगी उसका भी उल्लेख अवशयक रूप से किया जाएगा। यदि कोई व्यय के लिए राशि मांगी जाती है तो उसमें स्वीकृति बजट के बचत से समायोजित होगी। उसके संबंध में अनुदान संख्या साहित पूरा विवरण देना होगा।

### मैराथन बैठक - 31 विभाग के 10 दिन के भीतर प्रस्ताव पर होगी चर्चा

मध्य प्रदेश में बजट पेश करने के लिए सरकार तैयारी में जुट गई है। 16 फरवरी से मध्य प्रदेश का बजट सत्र शुरू हो जाएगा। इससे पहले बजट संबंधी विषयों पर अधिकारियों की मैराथन बैठक होगी। 19 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक लगातार बैठकों का दौर जारी रहेगा। इसमें 10 दिन के भीतर 31 विभाग के बजट संबंधी विषयों पर अधिकारी चर्चा करेंगे। इसके बाद वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से चर्चा करने के बाद विधानसभा में सरकार बजट पेश करेगी। आगामी बजट सत्र 16 फरवरी से लेकर 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिनों मैं 12 बैठकें होगी।

### इन प्रस्ताव पर होगी चर्चा

ऐसे प्रस्ताव जो राज्य की आकस्मिता निधि से अग्रिम स्वीकृति वित्त विभाग ने दी हो। भारत सरकार और एजेंसी से वित्तीय सहायता केंद्र से स्वीकृति मदों से विमुक्त नहीं हो सके। अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था प्रशासकीय विभाग की अन्य प्रचलित योजनाओं में उपलब्ध राशि से कटौती कर बचत राशि से नहीं कर पाएंगे।

## बाउंड्री वॉल कूदकर घुसे, अलमारी का लॉकर तोड़कर चुराए 4.90 लाख

# मैहर गए परिवार के खाली मकान में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा




कैलाश नगर एकता चौक निवासी आदित्य विक्रम केशरवानी अपने परिवार के साथ 16 जनवरी की रात मैहर माता के दर्शन के लिए घर में ताला लगाकर निकले थे। परिवार 18 जनवरी की सुबह मैहर से वापस घर लौटे तो घर पहुंचने पर देखा कि मुख्य गेट का ताला बाहर से बंद था। जब गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया गया तो घर के भीतर कुछ लाइटें जली हुई थीं। किचन का दरवाजा बंद था, लेकिन उसका लॉक खुला हुआ मिला। अंदर देखने गए तो अलमारी का लॉकर खुला हुआ पाया गया और अलमारी के लॉकर में रखे गए सोने के दो हार, दो जोड़ी कान के सेट, तीन जोड़ी कंगन, एक कान की नथनी और मंगलसूत्र का पेंडल चोर अपने साथ ले गए। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है।

पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे जिसमें 2 से 3 लड़के चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है जो लोकल चोर गिरोह है।

## ओबीसी-एससी-एसटी के महासम्मेलन में लगे जय बिरसा, जय ज्योति, जय भीम के नारे

# संतोष वर्मा पर कार्रवाई दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने जैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय, आरक्षण और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर रविवार को भेल दशहरा मैदान में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में महासम्मेलन और प्रदर्शन आयोजित किया गया। महासम्मेलन में जयस, भीम आर्मी, अपाक्स, अजाक्स समेत 21 सामाजिक संगठनों के साथ प्रदेशभर से कर्मचारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। महासम्मेलन का मुख्य मुद्दा आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के समर्थन का रहा। आंदोलनकारियों ने संतोष वर्मा पर की गई कार्रवाई को तुरंत वापस लेने की मांग की। अपाक्स के संरक्षक भुवनेश पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संतोष वर्मा पर कार्रवाई दबाव में और एकतरफा तरीके से की गई है। संतोष वर्मा पर कार्रवाई करना दलित, आदिवासी और पिछड़ा वर्ग की आवाज दबाने का प्रयास है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है।

## आठ लाख का इनामी डीवीसीएम दिलीप बेड़जा भी शामिल

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 4 महिला सहित 6 माओवादी ढेर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना भोपालपटनम और फरसेगढ़ के सीमावर्ती नेशनल पार्क एरिया में हुई मुठभेड़ में चार महिला माओवादियों सहित कुल छह माओवादी कैडर मारे गए। मारे गए माओवादियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी का इंचार्ज और आठ लाख रुपये का इनामी डीवीसीएम दिलीप बेड़जा भी शामिल है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीवीसीएम दिलीप बेड़जा और अन्य सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ कोबरा (202, 206, 210) और सीआरपीएफ 214 की संयुक्त टीम ने 17 जनवरी 2026 को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। अभियान के दौरान 17 जनवरी की सुबह से 18 जनवरी की शाम तक सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग होती रही।

### बड़ी मात्रा में हथियार बरामद

मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन में मौके से 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए। इनके पास से 2 एक-47, 1 इंसास राइफल, 2 .303 राइफल और 1 कार्बाइन सहित कुल 6 अत्याधुनिक हथियार जब्त किए गए। इसके अलावा, भारी मात्रा में गोला-बारूद, विस्फोटक सामग्री, बीजीएल लॉन्चर, वायरलेस सेट, स्कैनर, नकद राशि, माओवादी साहित्य, वर्दी और अन्य सामग्री भी बरामद की गई। अभियान के दौरान दुर्गम परिस्थितियों में कार्य करते हुए कोबरा 206 के प्रधान आरक्षक नीरज शर्मा भालू के हमले में तथा एसटीएफ के प्रधान आरक्षक कृष्णा नेताम वनभैंसा के हमले में घायल हो गए। दोनों जवानों को सुरक्षित रूप से उपचार हेतु हायर सेंटर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए माओवादियों पर कुल 27 लाख रुपये का इनाम घोषित था।दिलीप बेड़जा के विरुद्ध बीजापुर जिले के विभिन्न थानों में 135 आपराधिक मामले दर्ज थे और वह कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहा था।

## रुकने से लेकर भोजन और इलाज फ्री, देखने पहुंचे थे सीएम डॉ. यादव भी

# पूर्व मंत्री भार्गव ने सरकारी बंगले को बनाया 'मरीज घर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के निवास पहुंचे थे। जहां उनके द्वारा संचालित सेवा कार्य और वैदिका फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी ली। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मरीजों का हाल चाल भी जाना। बता दें कि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने सरकारी बंगले को 'मरीज घर' बना दिया है। जहां उनकी फाउंडेशन दूसरे जिलों से आने वाले मरीज और उनके परिजनों के रुकने की और इलाज की मदद की जाती है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए एक प्ले गेम एरिया भी बनाया है। यही नहीं, सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी वह करते हैं।

**बच्चों के लिए प्ले गेम एरिया भी बनाया गया**


सेवा कार्य की जानकारी लेते सीएम।



**अब तक 30 हजार से मरीजों ने उठाया लाभ**

पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव यहां न सिर्फ मरीजों की सेहत का ख्याल रखते हैं, बल्कि स्वाद की चिंता भी करते हैं। यही वजह है कि इलाजरत लोगों और परिजनों को यहां की रसोई में मटर पनीर और मलाई कोफ्ता जैसे स्वादिष्ट व्यंजन मिलते हैं। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य को देखते हुए दलिया और खिचड़ी जैसे पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां ठहरने से लेकर नाश्ता और दोनों समय का भोजन पूरी तरह मुफ्त है। उनका यह मिशन 2004 से लगातार जारी है, जिसका अब तक करीब 30 हजार गरीब मरीज लाभ उठा चुके हैं।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 31 जनवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.

# सहायक कमांडेंट सिमरन कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का करेंगी नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जनवरी को जब कर्तव्य पथ पर देश की ताकत, अनुशासन और एकता की झलक दिखाई देगी, तब इतिहास के पन्नों में सीआरपीएफ की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा। सिमरन बाला वह पहली महिला अधिकार हैं, जो सीआईरपीएफ की पूरी पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। बाला को 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी की कमान सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली 26 वर्षीय बाला इस साल गणतंत्र दिवस पर एक नया इतिहास लिखेंगी। सिमरन पहली ऐसी महिला अधिकारी होंगी जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वे अपने जिले की पहली महिला हैं जो अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल का हिस्सा बनी हैं। यह कामयाबी उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए गर्व का विषय है।

## सिमरन गणतंत्र दिवस पर इतिहास रचेंगी    दिखेगी ताकत और एकता की झलक

26 जनवरी को सुनहरे अक्षरों में दर्ज होगा नाम

यह परिवार के लिए ही नहीं जम्मू- कश्मीर के लिए भी गर्व

### महिला का देश देखेगा नेतृत्व



सिमरन सिर्फ एक अधिकारी नहीं, एक विचार हैं जो बताता है कि भारत बदल रहा है। गणतंत्र दिवस पर जब वह कदमताल करेंगी, तब हर बेटी के भीतर यह विश्वास और मजबूत होगा कि सुरक्षा बलों का नेतृत्व और कमान एक महिला कितने दमदार तरीके से निभा सकती हैं।

### सिमरन का परिचय

- वे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से ताल्लुक रखती हैं।
- सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बड़े सपने देखे।
- पढ़ाई में शुरू से ही मेहनती रहीं सिमरन ने राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।
- इसके बाद परीक्षा में सफलता हासिल कर सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट बनीं।

### इस तरह रही प्रशिक्षण और नेतृत्व क्षमता

सीआरपीएफ अकादमी में प्रशिक्षण के दौरान सिमरन बाला ने अनुशासन, नेतृत्व कौशल, शारीरिक क्षमता और आत्मविश्वास में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने यह साबित किया कि नेतृत्व लिंग से नहीं, क्षमता से तय होता है।

### महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल

*सिमरन बाला की यह उपलब्धि उस सोच को तोड़ती है जिसमें सुरक्षा बलों को केवल पुरुषों का क्षेत्र माना जाता रहा है। उनका नेतृत्व यह संदेश देता है कि महिलाएं केवल भागीदारी नहीं, नेतृत्व भी कर सकती हैं। अवसर मिलने पर महिलाएं हर मोर्चे पर खुद को साबित कर सकती हैं। यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता आसान करेगा।*

### पुरुष टुकड़ी को लीड करने वाली पहली महिला

आमतौर पर गणतंत्र दिवस की परेड में महिला अधिकारी महिला टुकड़ियों का ही नेतृत्व करती रही हैं लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला ऑफिसर पुरुषों के दस्ते को लीड करेगी। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा बल है जिसमें करीब सवा तीन लाख जवान शामिल हैं।

### नक्सल मोर्चे पर पहली तैनाती

सिमरन बाला को अप्रैल 2025 में सीआरपीएफ में शामिल किया गया था और उनकी काबिलियत को देखते हुए उनकी पहली पोस्टिंग छत्तीसगढ़ की खतरनाक 'बस्तरिया' बटालियन में की गई। यहां उन्होंने नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करना सीखा।

## खबर संक्षेप

### असम में भड़की हिंसा एक की मौत

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में हिंसा के बाद आदिवासियों के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं,



जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। त्वरित कार्रवाई बल तैनात किया गया है और इंटरनेट मोबाइल डेटा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं। वेशी चोरी के संदेह में सोमवार को भीड़ ने पांच लोग पर हमला किया था।

### बसताड़ा टोल प्लाजा पर बिना रुके कटेगा टैक्स

**चंडीगढ़।** नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ी खबर है। अब हरियाणा के



करनाल जिले में स्थित बसताड़ा टोल प्लाजा पर अब टोल टैक्स भरने के लिए वाहनों को रुकना नहीं पड़ेगा। यहां पर ऑटोमैटिक टोल कट जाएगा। बसताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो सिस्टम लगभग तैयार है।

### राहुल गांधी ने प्रीमियर लीग का किया शुभारंभ

**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के अपने संसदीय क्षेत्र के 2 दिनी दौरे से पहले मंगलवार



को रायबरेली में पोस्टर लगाए गए हैं। इनमें राहुल और सपा के प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 और 2029 के लिए इंडिया के कप्तान के रूप में दर्शाया गया है। इस दौरान राहुल ने भाजपा को देश के हालातों के लिए अपने भाषण में घेरा।

### 72 घंटे पहले रद्दीकरण पर मिलेगा 25% रिफंड

**नई दिल्ली।** 16 जनवरी से रेलवे ने नया नियम बनाया है। अब वंदे भारत में प्रस्थान समय से 72 घंटे



से अधिक समय पहले कैंसिल किया जाता है तो 25 प्रतिशत राशि काटी जाएगी। 72 घंटे से लेकर 8 घंटे तक के अन्दर कैंसिल किया जाता है तो कैंसिलेशन चार्ज के तौर पर 50 फीसदी राशि काटेगी। 8 घंटे से कम समय में कैंसिल किया है तो रिफंड नहीं होगा।

## तमिलनाडु में विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले ही नाराजगी बढ़ी

# राष्ट्रगान का 'अपमान' का आरोप लगाकर राज्यपाल ने नहीं दिया उद्घाटन भाषण, लौटे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवी ने मंगलवार को विधानसभा का साल का पहला सत्र शुरू होने से पहले परंपरागत उद्घाटन भाषण नहीं दिया और गुस्से में कक्ष छोड़ दिया। इसका कारण राष्ट्रीय गान के प्रति सम्मान की कमी बताया। राज्यपाल ने कहा कि डीएमके सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में कुछ असत्य और गलत तथ्य थे। उनके माइक को बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। राज्यपाल ने कहा मैं बेहद निराश हूं। राष्ट्रीय गान का उचित सम्मान नहीं किया गया। मेरा भाषण बार-बार रोका गया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा के अंदर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और सभापति एम. अप्पावु ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे विधानसभा के नियमों और प्रथाओं का पालन करें। वहीं मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके मंत्रिपरिषद सदस्य इन हमलों का मुकाबला करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे विधानसभा सत्र राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण बन गया है।

### डीएमके के भाषण के कुछ हिस्से को बताया गलत



सदन में राज्यपाल रवि

- राज्यपाल ने विधानसभा छोड़ने के कारण बताए
- राजभवन ने प्रेस रिलीज जारी कर राज्यपाल के कक्ष छोड़ने के कारण स्पष्ट किए।
- राज्यपाल का माइक बार-बार बंद किया गया और उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई।
- भाषण में भ्रामक दावे और असत्यापित बातें शामिल थीं।
- दलितों के खिलाफ अत्याचार और दलित महिलाओं के साथ यौन हिंसा के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है
- युवाओं में ड्रग्स का दुरुपयोग भी बढ़ रहा है, लेकिन इन गंभीर मुद्दों को भाषण में शामिल नहीं किया गया।

### सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर लगाया शिष्टाचार के उल्लंघन का आरोप

स्टालिन ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने परंपरा और शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए कक्ष छोड़ा। सरकार द्वारा तैयार किए गए भाषण में राज्यपाल को अपनी राय जोड़ने या अलग कुछ कहने की कोई जगह नहीं थी। राज्यपाल ने यह कदम जानबूझकर उठाया और इसका मतलब विधानसभा की अवमानना है। डीएमके का मानना है कि राज्यपाल की आवश्यकता नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई और एम करुणानिधि ने इस पद का सम्मान किया था।

### भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं होगा

मुख्यमंत्री ने सदन में एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया कि राज्यपाल का भाषण न पढ़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल सरकार द्वारा तैयार किया गया टेक्स्ट जिसे स्पीकर एम अप्पावु ने तमिल में पढ़ा था, वही रिकॉर्ड में जाएगा। स्टालिन ने इसके लिए विधायकों को धन्यवाद भी दिया।

### बोले स्टालिन

### हम नियम में बदलाव की करेंगे कोशिश

मुख्यमंत्री स्टालिन ने इस पर कहा कि उनकी पार्टी संविधान में बदलाव लाने की कोशिश करेगी। वे चाहते हैं कि साल की शुरुआत में विधानसभा में राज्यपाल के भाषण को जरूरी



बनाने वाला नियम हट जाए। इसके लिए वे संसद में दूसरी पार्टियों का समर्थन लेंगे। यह बयान तब आया जब रवि ने सरकार का लिखा भाषण पढ़ने से मना कर दिया और सदन से चले गए। राज्यपाल ने भाषण में गलतियां होने की बात कही थी। स्टालिन ने कहा कि राज्यपाल का हर साल ऐसा करना ठीक नहीं है। रवि ने 2021 के बाद चौथी बार ऐसा किया है। जब राज्यपाल बार-बार परंपरा तोड़ते हैं, तो इस नियम की जरूरत ही क्या है? डीएमके संसद में दूसरी पार्टियों की मदद से इस नियम को हटाने की कोशिश करेगी। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर भी लिखा कि राज्यपाल के भाषण को गैर-जरूरी बनाने के लिए संविधान में बदलाव होना चाहिए।

### विधायकों ने जमकर की नारेबाजी

सीएम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 176 के तहत भाषण सरकार तैयार करती है और राज्यपाल को इसे पूरा पढ़ना चाहिए। उन्हें इसमें अपनी मर्जी से बदलाव करने या इसे छोड़ने का हक नहीं है। स्टालिन ने डीएमके संस्थापक अन्नादुरई की बात याद दिलाई कि बकरी को दाढ़ी की जरूरत नहीं होती, वैसे ही राज्य को राज्यपाल की जरूरत नहीं है। जब राज्यपाल सदन से जा रहे थे, तब सत्ताधारी पार्टी और उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने जमकर नारेबाजी भी की।

## सबरीमाला सोना चोरी मामला

# तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पतनमतिट्टा

केरल में सबरीमाला मंदिर से जुड़े बहुचर्चित सोना चोरी मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। ईडी मनी लॉटरी से जुड़े फंड ट्रांजैक्शन की जांच के तहत 21 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। ये छापे केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के अलगअलग ठिकानों पर मारे गए। केरल के विश्व-प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से जुड़ा सोना चोरी विवाद पहली बार 2019 में सामने आया, लेकिन जांच में पता चला कि इसकी जड़ें 1998–99 तक जाती हैं। 2019 में मंदिर की मरम्मत और गोल्ड प्लेटिंग के नाम पर भगवान अयप्पा मंदिर की मूर्तियों और संरचनाओं पर चढ़ा सोना बाहर भेजा गया था। 42.8 किलो सोने की प्लेटेड मूर्तियां मरम्मत के लिए चेन्नई की एक निजी फर्म को दी गईं, लेकिन जब ये मूर्तियां लौटीं, तो उनका वजन केवल 38.2 किलो पाया गया।करीब 4.5 किलो सोना गायब था। इस मामले में अब तक 11 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं।



### 'घिसावट' बताकर दी गई सफाई, कागजों में खेल कर दिया

जब वजन कम निकलने पर सवाल उठे, तो इसे सामान्य घिसावट बताकर नजरअंदाज कर मामले पर लीपापोती करने की कोशिश की गई। इससे भी गंभीर बात यह थी कि मंदिर प्रबंधन संस्था त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कागजों में सोने की प्लेटों को तांबे की प्लेट के रूप में दर्ज कर दिया। कोर्ट ने इसे गंभीर लापरवाही और संदिग्ध कार्रवाई माना। विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने पुरानी और नई तस्वीरों की तुलना की। इससे स्पष्ट हुआ कि मंदिर की मूर्तियों, दरवाजों, सीढ़ियों, नक्काशीदार हिस्सों से सोने की परतहटाई गई थी। हालांकि भगवान अयप्पा की मुख्य मूर्ति से सोना चोरी के सीधे सबूत नहीं मिले हैं।

### नियम तोड़कर मंदिर से बाहर भेजी गई मूर्तियां

जांच में सामने आया कि सोने की प्लेटिंग वाली मूर्तियों को मंदिर परिसर से बाहर ले जाने की अनुमति दी गई थी। मरम्मत मंदिर के अंदर के परिसर में ही होती है। कोर्ट ने इसे भी गलतबताया। उन्नीकृष्णन पोट्टी को 475 ग्राम अतिरिक्त सोना रखने की अनुमति दी गई थी।

### केमिकल प्रोसेस से निकाला गया सोना

जांच में पता चला कि चेन्नई की फर्म में केमिकल प्रोसेस के जरिए सोना निकाला गया और कम मात्रा में फिर से प्लेटिंग की गई। निकाला गया सोना बाद में कर्नाटक के बेल्लारी के एक ज्वेलर तक पहुंचा।

## नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच बोले सुरेश

# शिवकुमार कांग्रेस आलाकमान के फैसले का शांति से कर रहे इंतजार

कर्नाटक में सीएम की कुर्सी का विवाद गहराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई और पूर्व सांसद डीके सुरेश ने मंगलवार को जानकारी दी कि नेतृत्व के मुद्दे पर शिवकुमार कांग्रेस आलाकमान के फैसले का शांति से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए सुरेश ने कहा कि शिवकुमार पार्टी के एक अनुशासित सिपाही हैं। वे पार्टी और विधायकों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। सुरेश ने बताया कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भरोसा दिया है कि सही समय आने पर उचित फैसला लिया जाएगा। मैसूर में हुई बैठक में भी राहुल गांधी ने यही बात कही थी। सुरेश ने कहा कि पार्टी और सभी 140 विधायकों को एकजुट रखने के लिए मेरे भाई धैर्यपूर्वक फैसले का इंतजार कर रहे हैं।



उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

### सत्ता किसी को आसानी से नहीं मिलती?

क्या धैर्य की कोई समय सीमा है। इस पर उन्होंने कहा, सत्ता किसी को आसानी से नहीं मिलती। अगर यह मेरे भाई की किस्मत में लिखा है, तो वे मुख्यमंत्री जरूर बनेंगे। बिना सब्र के यह पद हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने 2028 के चुनाव से पहले पार्टी में एकता बनाए रखने पर जोर दिया। शिवकुमार की पार्टी अनुशासन के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए सुरेश ने कहा कि वे पार्टी अध्यक्ष भी हैं और उन्हें सबसे पहले अनुशासन बनाए रखना चाहिए।

## मेला प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को जारी किया नोटिस

# आप शंकराचार्य होने का प्रमाण दें, शिविर के बाहर नोटिस चस्पा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मेला प्राधिकरण ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी किया है। 24 घंटे में जवाब मांगा है कि साबित करें की आप ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य हैं। सुप्रीम कोर्ट के रोक के बाद बी आपने अपने नाम के आगे शंकराचार्य लगाया है, जो कि गलत है। मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर मेला प्रशासन और शंकराचार्य में काफी विवाद हो गया था। इसके बाद अविमुक्तेश्वरानंद को बिना स्नान किए ही शिविर में लौटा दिया गया था। आरोप है पुलिस ने उनके शिष्यों को पीटा और बाल पकड़कर घसीटा।अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि वह भी मेला प्रशासन को नोटिस जारी करेंगे।

### शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआ: सुप्रीम कोर्ट का दिया हवाला



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि किसी भी धर्माचार्य का ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य के रूप में पट्टाभिषेक नहीं हुआ है। इसके बावजूद शिविर के बोर्ड पर खुद को शंकराचार्य प्रदर्शित करना इस आदेश की अवहेलना है। अभी कोई पदाधिकारी नहीं है जो नोटिस रिसीव कर सके। इसके बाद नोटिस को शिविर के बाहर चस्पा किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने शंकराचार्य लिखने पर नहीं लगाई रोक : वकील

अविमुक्तेश्वरानंद धरने पर बैठे हैं। शंकराचार्य लिखने के जवाब में उनके अधिवक्ता सामने आ गए हैं। अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता पीएन मिश्र ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पट्टाभिषेक पर रोक लगाई है। ज्योतिष्पीठ का शंकराचार्य लिखने पर रोक नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके गुरु ने उनके नाम रजिटर्ड वसीयत की है। इसी के आधार पर वह शंकराचार्य लिख रहे हैं।

### मैं पक्ष में हूं न विपक्ष में स्वामी निश्चलानंद

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने शंकराचार्य के रूप में पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का मौन समर्थन मिलने का दावा किया था। स्वामी निश्चलानंद ने उस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, मैं इस मामले में कुछ बोलना नहीं चाहता। मैं किसी के पक्ष में हूं न विपक्ष में।

## सीजेआई सूर्यकांत ने जिला न्यायपालिका की अहमियत पर दिया जोर

# युवा हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट से पहले यहीं से सीखें 'न्याय'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने दिल्ली बार काउंसिल में आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित किया। इसमें सीजेआई स ने जिला न्यायपालिका की अहमियत पर जोर देते हुए युवा और भावी एडवोकेट्स को बड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में जाने से पहले युवा एडवोकेट्स को जिला न्यायपालिका में ही अपने वकालत की शुरुआत करनी चाहिए। असली न्याय जमीनी स्तर की अदालतों में ही निहित है, क्योंकि किसी मुवक्किल का पहला सामना तब होता है जब वह अपने अधिकारों को लागू करवाने के लिए जिला अदालतों में जाता है। उन्होंने कहा कि जिला अदालतें अपीलीय मंचों के बराबर, बल्कि उनसे कहीं अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, क्योंकि यहीं पर कानून वास्तविक और तात्कालिक रूप लेता है और मानवीय नजरिए को अपनाता है।

असली न्याय जमीनी स्तर की अदालतों में ही निहित

दिल्ली बार काउंसिल में सम्मान समारोह



कार्यक्रम में सीजेआई

### याद की अपनी जूनियरशिप

अपने कानूनी पेशे के शुरुआती वर्षों को याद करते हुए सीजेआई ने कहा कि वे एक प्रमुख वरिष्ठ सिविल वकील के कार्यालय में शामिल होने के लिए भाग्यशाली थे, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने याचिकाएं, वाद पत्र, हलफनामे आदि तैयार करने की कला सीखी। इसमें जिरह और मुख्य गवाहों की जांच की तैयारी भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में मिली सफलता जिला न्यायालय में उनके अनुभव के कारण है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि एक वर्ष की जूनियरशिप के बाद मैंने स्वतंत्र रूप से वकालत करने का निर्णय लिया, लेकिन जिला न्यायालयों में विकसित कौशल के कारण कई वरिष्ठ वकीलों ने उनसे अपनी याचिकाएं तैयार करने का अनुरोध किया।

### जिला अदालतों को बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

सीजेआई सूर्यकांत ने जिला अदालतों की तुलना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से करते हुए कहा-यदि किसी वादी का इलाज इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संतोषजनक ढंग से हो जाता है, तो मुझे यकीन है कि उसे बड़े अस्पतालों में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी। निश्चित रूप से उसे किसी ट्रामा सेंटर जाने की भी जरूरत नहीं होगी।

### गलत धारणा का किया जिक्र

*सीजेआई ने कहा कि युवा वकीलों में यह गलत धारणा है कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी या इसी तरह के किसी महत्वपूर्ण विधि विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में ही वकालत करनी चाहिए। जिला न्यायालय पेशेवर संस्कृति को विकसित करने के केंद्र हैं जो विधि पेशे की नींव को मजबूत करते हैं। भावी वकीलों को हमें यह प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट से पहले जिला न्यायालयों में वकालत करें।*

## नोएडा में इंजीनियर की मौत

# मामले में नामजद बिल्डर अभय कुमार अरेस्ट, बर्खास्त भी किया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा के 150 सेक्टर में इंजीनियर की मौत मामले में पुलिस ने बड़ा कार्रवाई की है। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने नामजद बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अभय कुमार नॉलेज पार्क इलाके में स्थित एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट एमजेड विश्टाउन का मालिक है। यह गिरफ्तारी इंजीनियर की मौत से जुड़े हालात की जांच के बाद हुई है, जिसमें बिल्डर कथित तौर पर शामिल था। इस दुखद घटना के बाद दो रियल एस्टेट डेवलपर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



बिल्डर अभय



मृतक इंजीनियर

एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंगलवार को एसआईटी की टीम घटना स्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने डेवलपर्स पर लापरवाही और दुर्घटना वाली जगह पर सुरक्षा उपायों की कमी का आरोप लगाया है। नोएडा अथॉरिटी ने एक जूनियर इंजीनियर को नौकरी से निकाल दिया है और इलाके में ज़िम्मेदार दूसरे अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने हल्ला बोला

# एसपी आफिस में कांग्रेस का घेराव बेरीकेट पर झड़प, धक्कामुक्की

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते संगठित एवं असंगठित अपराध, अवैध नशे के कारोबार, अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था तथा विपक्षी जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध की जा रही पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान एसपी आफिस के बाहर भारी पुलिस बल तैनात था और पुलिस ने बैरीकेटिंग कर रखी थी। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प व धक्का मुक्की भी हुई। इस अवसर पर पूर्व केबिनेंट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि जबलपुर शहर में विधि द्वारा स्थापित शासन व्यवस्था का निरंतर क्षरण हो रहा है। आम नागरिक भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन यापन करने को विवश है। हत्या, लूट, चोरी, डकैती, चाकूबाजी, अवैध वसूली, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, अवैध नशा तथा जुआ-सट्टा जैसी घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जबकि पुलिस प्रशासन अपने संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में निष्क्रिय एवं असफल सिद्ध हो रहा है।



विधायक ने आगे कहा कि सत्ताधारी दल के दबाव में विपक्षी दल के जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध झूठे, दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतिकूल है।

ज्ञापन में हाल के एक माह में घटित कई गंभीर आपराधिक घटनाओं का उल्लेख किया गया, जिनमें हनुमानताल क्षेत्र में जहरीली शराब से 19 नागरिकों की मृत्यु, विजय नगर थाना परिसर में युवक की चाकू मारकर हत्या, पत्रकार को धमकाने की घटना, रिछाई, पाटन, सिविल लाइन, सिहोरा, कांचघर एवं तिलवारा क्षेत्र में हुई हत्याएँ एवं जानलेवा हमले प्रमुख हैं।

कांग्रेस ने मांग की है कि अपराधियों के विरुद्ध निष्पक्ष, त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की जाए, अवैध नशे, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों के नेटवर्क पर तत्काल सख्ती हो, निर्दोष नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में फँसाने पर रोक लगे, यातायात व्यवस्था को जनसुरक्षा के अनुरूप सुधारा जाए, नशे में प्रयुक्त प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए, एवं शहर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे तत्काल चालू किये जाए, अपराध रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन को उसके संवैधानिक उत्तरदायित्वों के प्रति जवाबदेह बनाया जाए।

आन्दोलन में यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, दिनेश यादव, शहर प्रभारी राजकुमार खुराना, नेता प्रतिपक्ष अमरीक्ष मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सत्येन्द्र कुकरेले, हाजी कदीर सोनी, मतीन अंसारी, पार्षद जितेन्द्र सिंह ठाकुर, संजय साहू, कल्लन गुप्ता, राकेश पांडे, गुलाम हुसैन, कलीम खान, प्रमोद पटैल, याकूब अंसारी, डॉ.रमाकांत रावत ब्लाक अध्यक्ष आजम अली खान, अभिषेक चंदेल, आदि हजारों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थें।





## हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर दिया निर्देश

## पूर्व महापौर प्रभात साहू व पुलिस कर्मी के बीच विवाद की जांच करेगी एसटीएफ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू और पुलिस कर्मी के बीच विवाद के मामले की जांच एसटीएफ द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने एसटीएफ को आगामी सुनवाई के दौरान सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट पेश करने कहा है। अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता मोहित वर्मा की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि पूर्व महापौर साहू द्वारा पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता और वर्दी फाड़ने का स्पष्ट वीडियो वायरल होने के बावजूद उनके व समर्थकों के विरुद्घ राजनीतिक दबाव में नामजद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसी रवैये को जनहित याचिका में चुनौती दी गई है।

### टीआई उभयपक्षों की एफआइआर व केस डायरी सहित हाजिर हुए

कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन मं लार्डगंज टीआई दोनों पक्षों की ओर



से दायर कराई गई एफआइआर व केस डायरी के साथ उपस्थित हुए। कोर्ट ने पाया कि दोनों शिकायत में सही व निष्पक्ष जांच नहीं की गई है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार दोनों प्रकरणों में सही व निष्पक्ष जांच नहीं हुई है। इस अवलोकन के साथ नई व्यवस्था दे दी गई।

### क्या है मामला

जनहित याचिकाकर्ता के अनुसार पूर्व महापौर प्रभात साहू को लार्डगंज थानान्तर्गत बल्देवबाग के समीप वाहन चेकिंग दौरान पुलिसकर्मी ने बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए रोका था। पूर्व महापौर अपना परिचय देते हुए पुलिसकर्मी के साथ अभद्राता करने लगे। इसके बाद समर्थकों के हुजूम एकत्र हो गया और पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ दी थी। पूरा घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ था। इसके बावजूद राजनीतिक दबाव के कारण ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी के विरुद्ध नामजद एफआइआर दर्ज करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया। पुलिस कर्मी की शिकायत पर अज्ञात आरोपितों के विरुद्घ प्रकरण दर्ज किया गया है। वायरल वीडियो में आरोपितों की शिनाख्त स्पष्ट है।

### पुलिसकर्मी सुरक्षित नहीं तो वह आम जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान करेंगे

हाई कोर्ट ने याचिका की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि जब पुलिसकर्मी सुरक्षित नहीं तो वह आम जनता को कैसे सुरक्षा प्रदान करेंगे। कोर्ट लार्डगंज थाना प्रभारी को निर्देशित किया था कि वे अगली सुनवाई में दर्ज की गई दोनों एफआइआर व केस डायरी के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। कोर्ट ने पूर्व महापौर व पुलिस अधीक्षक जबलपुर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था।

### *जबलपुर नगर निगम को सी.एम. हेल्पलाइन में तीसरी बार अव्वल रैंक*

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम की सक्रियता रंग लाई। सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर 98.95% प्राप्त कर प्रदेश में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान हासिल किया। नगर निगम ने कुल 2,652 शिकायतों में से लगभग 59.43% प्रकरण शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर समाधान किए। निगमायुक्त अहिरवार ने टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और इसी तरह मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। मध्यप्रदेश शासन की ग्रेडिंग में जबलपुर को ए ग्रेड प्राप्त हुआ, जिससे यह नगर निगम के लिए बड़ी उपलब्धि बन गई।

## डीन कार्यालय का घेराव, सफाई व्यवस्था ठप्प

## वेतन की मांग : मेडिकल के ऑउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर

**जबलपुर।** संभाग के सबसे बड़े सरकारी अस्तपाल नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में मंगलवार सुबह से अस्पताल की साफ सफाई का जिम्मा संभालने वालें सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। पूरे अस्पताल परिसर व वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई। आउटसोर्स कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें दो-दो, तीन-तीन माह तक वेतन नहीं मिलता जिसके फलस्वरुप उन्हें घर चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भुगतान में विलंब का ठीकरा मेडिकल प्रबंधन ठेकेदार पर और ठेकेदार मेडिकल प्रबंधन पर फोड़ देते हैं, लेकिन कर्मचारियों को कुछ हाथ नहीं आता। समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर पहले भी कई बार ठेका कंपनी के अलावा मेडिकल प्रबंधन के समक्ष आउटसोर्स कर्मियों ने कई बार आवेदन किए परंतु कोई राहत न मिलने पर मंगलवार सुबह से अस्पताल के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों ने अस्पताल प्रबंधन व ठेका कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुबह से काम बंद कर सभी



कर्मचारी अस्पताल के बच्चा वार्ड के समक्ष एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने मेडिकल अधीक्षक के समक्ष भी अपनी बात रखी। अधीक्षक ने ठेका कंपनी को शीघ्र ही भुगतान करने के निर्देश दिए जाने का आश्वासन इन कर्मचारियों को दिया है। हालांकि सुबह से ही आउटसोर्स कर्मियों के हड़ताल पर होने के कारण पूरे अस्पताल परिसर और वार्डो में असर देखा जा रहा हैं और यदि शीघ्र ही समाधान न निकला तो हालात बदतर हो सकते है।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने बताया कि वे सभी निम्न मध्यम वर्ग से आते हैं और उनके घर का चूल्हा इसी मासिक वेतन से जलता है। धरना-प्रदर्शन में राजेश चौधरी, संतोष वर्मन, अजय गोटिया, मुन्ना लाल, सीमा बाई, आशा ठाकुर, दीपक मेहरा, रोहित झारिया, संजू केवट, राहुल कोल, और सुनीता झारिया सहित समस्त आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण निर्देश

## 2005 के बाद नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को ओल्ड पेंशन स्कीम का दो लाभ

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2005 के बाद नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ प्रदान करें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने 90 दिन के भीतर कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि भर्ती वर्ष 2003 की थी। नियुक्ति आदेश एक जनवरी 2005 को जारी किया गया होगा, लेकिन याचिकाकर्ता पुरानी पेंशन योजना के हकदार होंगे। क्योंकि भर्ती वर्ष 2003 से संबंधित है।

जबलपुर निवासी डॉ अभय सिंह उइके, डॉ मोना मरकाम सहित अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2003 में मप्र लोक सेवा आयोग ने सहायक प्राध्यापक के पद पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अहर्ता हासिल की, लेकिन उन्हें एक जनवरी 2005 के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए गए। दलील दी गई कि चूंकि चयन प्रक्रिया का विज्ञापन 2003 में जारी हुआ है, इसलिए आवेदक का पेंशन प्रकरण उसी वर्ष में प्रचलित नियम के अधीन आता है। कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के अधीन रखा गया है, जबकि 2005 में नियुक्त कुछ उम्मीदवारों को ओपीएस का लाभ दिया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इसके लिए विभाग को आवेदन किया था। विभाग ने 10 जून 2022 को याचिकाकर्ताओं के आवेदन अमान्य कर दिया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विभाग का उक्त आदेश निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं को ओपीएस का लाभ प्रदान करें।

## राज्य शासन व एआइसीटीई सहित अन्य को नोटिस

## पालिटेक्निक व्याख्याता भर्ती नियम को चुनौती पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पालिटेक्निक व्याख्याता भर्ती नियम को चुनौती पर सरकार से जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, एआइसीटीई सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता पालिटेक्निक कालेजों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं ने गेट-2026 के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी है। मध्य प्रदेश तकनीकी शिक्षा पालिटेक्निक कालेज, शिक्षण कैडर सेवा भर्ती नियम-200 की संवैधानिक वैधता को भी कटघरे में रखा गया है। क्योंकि यह नियम मध्य प्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1973 की धारा 43(1) के तहत बनाए गए हैं। जिसका उद्देश्य केवल सोसायटियों के पंजीकरण से संबंधित है, न कि राज्य में व्याख्याताओं की भर्ती व सेवा शर्तें तय करने से है। इसी आधार पर इन नियमों को अपने मूल अधिनियम के दायरे से बाहर, मनमाना व संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 21 का उल्लंघन बताया गया है। नियमों में 2015 के संशोधन द्वारा लिखित परीक्षाश्को अनिवार्य किया गया। जिसके आधार पर अब गेट-2026 को भर्ती का मानदंड बनाया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि गेट मूलतः स्नातकोत्तर प्रवेश व फेलोशिप के लिए है, न कि शिक्षक भर्ती के लिए। एआइसीटीई ने भी शिक्षक पद के लिए गेट को अनिवार्य नहीं किया है। इन्हीं नियमों के आधार पर 2019 में जारी भर्ती विज्ञापन को ग्वालियर बेंच में चुनौती दी गई थी। जहां अंतरिम रोक लगाई गई थी। वह मामला अभी भी लंबित है। पटना उच्च न्यायालय ने राम मनोहर पांडे बनाम बिहार राज्य (2019) में गेट की अनिवार्यता को असंवैधानिक ठहराया था। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा। इसी आधार पर याचिका में मांग की गई है कि 21 सितंबर, 2025 के गेट आधारित भर्ती विज्ञापन को निरस्त किया जाए। 2004 के भर्ती नियमों व उनके संशोधनों को अवैध घोषित किया जाए और संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत उचित नियम बनाए जाने तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।

## अन्य शहरों को राशि मिली, जबलपुर पिछड़ गया

## *नालों से गुजर रही पाईप लाईनों को बदलने क्यों नहीं बनी डीपीआर*

**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच सहित अनेक जनसंगठनों ने नगर निगम के रवैये पर चिंता व्यक्त की है। मंच के अध्यक्ष डॉ पीजी नाजपांडे ने इस बात पर घोर आश्चर्य जताया है कि नाले नालियों से गुजर रही पाईप लाईनों को हटाने के लिए जबलपुर नगर निगम द्वारा अब तक डिटेल प्रोजेक्टर रिपोर्ट (डीपीआर) नहीं बनाई गई, जबकि जबलपुर में 80 प्रतिशत पाईप लाईनें नाली नालों से गुजर रही है। ऐसी लाईनों को हटाने या बदलने के लिए चिन्हित नहीं किया गया, लिहाजा मप्र सरकार से काम के लिए आर्थिक अनुदान नहीं मिल पाया है, जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर इस काम में आगे निकल गए, उन्हें अमृत जल परियोजना के तहत अतिरिक्त राशि भी मिल गई और जबलपुर पिछड़ गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग का प्रस्ताव सरकार को नहीं भेजा गया। इस संबंध में जनसंगठनों की ओर से महापौर और नगर निगम आयुक्त को एक ज्ञापन देकर शीघ्र ही डीपीआर बनाने और पाईपलाईनों को बदलने की मांग की गई। जनसंगठनों ने मांग की है कि डीपीआर के आधार पर आंकी गई लागत की राशि हेतु पत्र शासन को विधानसभा सत्र शुरु होने के पूर्व भेजा जाए। जनसंगठनों ने मंगलवार को नगर निगम जाकर महापौर तथा नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, दिलीप कुंडे, पीएस राजपूत, अर्जुन कुमार, एड.ब्रजेश साहू तथा राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## 25 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन की गयी जब्त

## इंदिरा मार्केट में प्रतिबंधित पॉलीथिन पर बड़ी कार्रवाई, लगाया 5 हजार रू. का स्पॉट फाइन

**जबलपुर।** शहर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाने की दिशा में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज एक प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। संभाग क्रमांक 11 के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र इन्दिरा मार्केट में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध चलाए गए इस अभियान ने शहर के जागरूक नागरिकों के बीच एक सकारात्मक संदेश भेजा है। प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित पक्ष पर 5 हजार रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया, मौके से 25 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई, जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोका जा सका। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि यह कार्रवाई केवल दंड नहीं, बल्कि व्यापारियों और आम जनता के लिए एक संदेश है कि शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। "हमारा उद्देश्य शहर को प्रदूषण मुक्त बनाना है। प्रतिबंधित पॉलीथिन न केवल नालियों को जाम करती है, बल्कि हमारे पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। नागरिकों से अपील है कि वे कपड़े के थैलों का उपयोग करें।" कार्वाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम आदि उपस्थित रही।

## 3 करोड़ 50 लाख रुपये की धान की हेराफेरी का मामला

## खरीदी केंद्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

### बोरियों में भरी गई थी 40 किलो की जगह 35 किलो धान

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर वृहताकार सहकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित खरीदी केंद्र में 3 करोड़ 53 लाख 79 हजार 830 रुपये कीमत की धान के उपार्जन में की गई हेराफेरी के मामले में खाद्य विभाग द्वारा मझौली थाने में खरीदी केंद्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। खरीदी केन्द्र प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर से इस राशि की वसूली भू-राजस्व की बकाया राशि के रूप में की जायेगी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के अनुसार वृहताकार सहाकारी संस्था मझौली द्वारा संचालित श्रीजी वेयर हाउस (136) पिपरिया में संचालित धान उपार्जन केन्द्र में खरीदी केन्द्र प्रभारी रत्नेश भट्ट और कम्प्यूटर ऑपरेटर अमन सेन द्वारा अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से बिना भराई, तुलाई, सिलाई एवं बिना रेडी टू ट्रांसपोर्ट किये 14 हजार 934.50 क्विंटल धान की आवक और उपलब्धता के बगैर ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाईन फर्जी तरीके से अवैध प्रविष्टि कर ली गई थी। इस अनियमित्ता की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर इसकी जांच संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन के नेतृत्व में प्रभारी उपायुक्त सहकारिता प्रशांत कौरव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहाकारी केन्द्रीय बैंक चंद्रशेखर पटले एवं तहसीलदार दिलीप हनवत के संयुक्त दल द्वारा की गई थी।

जांच के दौरान खरीदी केन्द्र में ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार कुल 65 हजार 235.54 क्विंटल धान की खरीदी करना पाया गया। संयुक्त दल द्वारा खरीदी



स्थल पर 13 जनवरी को की गई जांच में धान से भरी हुई 31 बोरियों की तौल कराने पर बारदाना सहित 22 किलो से 38 किलो वजन पाया गया। इन बोरियों का औसत वजन 33.42 किलो था, इसी प्रकार 14 जनवरी को पुनः की गई जांच में धान से भरी 45 बोरियों की तौल कराने पर उनका औसत वजन 35 किलो पाया गया। जबकि नियमानुसार बारदाना सहित धान से भरी प्रत्येक बोरी का वजन 40 किलो 580 ग्राम होना चाहिए था। इस प्रकार जहां 65,235.54 क्विंटल धान का भंडारण पाया जाना था वहां 45,658.64 क्विंटल धान भंडारित पाई गई। इसमें 19,576.9 क्विंटल ऑनलाइन शेष परिदान मात्रा पाई गई थी, जिसका केन्द्र परिसर में उपलब्ध 13 हजार 264 बोरियो का औसत वजन 35 किलोग्राम से भौतिक सत्यापन करने पर 14 हजार 934.50 क्विंटल धान कम पाई गई। इसकी कीमत 3 करोड़ 53 लाख 79 हजार 830 रूपये आंकी गई है। जांच के दौरान मौके पर धान से भरी बोरियों में किसान कोड एवं स्टेकसिल भी नहीं पाई गई थी तथा बारदाना की 87 गठान और लगभग 5 हजार खुले बारदाने तथा कुल मिलाकर 48 हजार 500 बारदाने पाये गये थे। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि खरीदी केन्द्र प्रभारी रत्नेश भट्ट एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर अमन सेन को धान उपार्जन में हेराफेरी का संयुक्त रूप से उत्तरदायी माना गया है तथा उपार्जन नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित मानक प्रक्रिया के उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर दोनों पर मझौली थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की 316(2), 318(4) एवं 3(5) धारा के अंतर्गत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मझौली ब्रिजेश कुमार जाटव द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों से धान के उपार्जन में की गई हेराफेरी की राशि 3 करोड़ 53 लाख 79 हजार 830 हजार रूपये की भू-राजस्व बकाया के रूप में वसूली की जायेगी।



राष्ट्रीय मधुमेह कॉन्फ्रेंस का समापन

## देश भर के विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार तकनीकों पर किया मंथन

**जबलपुर।** विशुद्ध हेल्थकेयर जनसेवा समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन डायबिटीज अक्रॉस लाइफ स्पैन का गत दिवस समापन हुआ। इस कॉन्फ्रेंस में मधुमेह (डायबिटीज) के क्षेत्र में आ रहे नए बदलावों और आधुनिक उपचार प्रणालियों पर देश के विख्यात चिकित्सकों ने गहन चर्चा की। उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर डॉ. निखत जहाँ ब्रिगेडियर मध्य भारत ने किया, जिन्होंने चिकित्सा जगत में निरंतर शैक्षणिक विकास के महत्व पर जोर दिया। 'गेस्ट ऑफ ऑनर' के रूप में डॉ. नवनीत सक्सेना अधिष्ठाता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज उपस्थित रहे, जिनके मार्गदर्शन ने इस आयोजन को एक मजबूत शैक्षणिक आधार प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. संजय मिश्रा (संयुक्त संचालक एवं सीएमएचओ), डॉ. रिचा शर्मा (अध्यक्ष, आईएमए जबलपुर) और डॉ तापस चकमा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयासों की सराहना की।वैज्ञानिक समिति का नेतृत्व डॉ. ऋतु गुप्ता (एचओडी मेडिसिन, जबलपुर) और डॉ. मनोज इंदुरकर (रीवा) ने किया, कॉन्फ्रेंस के मुख्य वक्ता डॉ. सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आरएसएसडीआई) ने महिलाओं में गर्भधारण-पूर्व परामर्श और मधुमेह की रोकथाम के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित करने पर विशेष प्रकाश डाला।डॉ. नवनीत अग्रवाल और डॉ. संदीप जैन ने कंटीन्यूअस ग्लूकोज मॉनिटरिंग सिस्टम और मधुमेह प्रबंधन में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर चर्चा की। डॉ. सुधा राव ने नवजात शिशुओं में मधुमेह के आनुवंशिक विश्लेषण और डॉ. राजेश अग्रवाल ने युवाओं में मोटापे व मधुमेह की दोहरी महामारी पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।डॉ राजेश केशरी ने मधुमेह में विभिन्न प्रकार की फास्टिंग तकनीकों की उपयोगिता पर चर्चा की।सत्रों के दौरान डायबिटिक फुट (डॉ. मनीषा सिंह जादौन), किडनी की सुरक्षा (डॉ. नीरज जैन) और आंखों पर प्रभाव (डॉ. हिमांशु शुक्ला) जैसे गंभीर विषयों पर विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी।अकादमिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉन्फ्रेंस में लगभग २० ई-पोस्टर के माध्यम से युवा डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने मधुमेह से संबंधित अपने शोध प्रस्तुत किए।आयोजन अध्यक्ष डॉ. वी. के. भारद्वाज और आयोजन सचिव डॉ. अंकित सेठ ने बताया कि यह सम्मेलन चिकित्सा जगत के लिए ज्ञानवर्धन का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुआ। इस आयोजन को आईएमए जबलपुर, जबलपुर एंडोक्राइन सोसायटी, एपीआई, जेएपी, जॉग्स और हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से को-होस्ट किया गया। इसमें 200 से अधिक चिकित्सकों ने भाग लियाकार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ दीपक बहरानी,डॉ परिमल स्वामी,डॉ. यतिश जैन, डॉ. रीति सेठ, डॉ. कनिका सेठ, डॉ आकाश सेठ, मीडिया प्रभारी नितिन जैन, संकेत मलैया और स्वयंसेवकों की टीम का विशेष योगदान रहा।

# देश के विकास में भागीदार बनें युवाः आकर्षण महाराज

## स्कूल ग्रांउड में केशव बस्ती का हिन्दू सम्मेलन





सिहोरा।

सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केशव बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बीडी हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित किया। सम्मेलन के पहले मातृशक्ति ने मैना कुआं,झंडा बाजार,आजाद चौक से होकर भारत माता की झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में हिंदू सनातनी शामिल हुए जिससे पूरा क्षेत्र भगवामय नजर आया।

### भव्य स्वागत और सांस्कृतिक प्रस्तुति

सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों के गरिमामयी आगमन के साथ हुई। ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के बीच मंचासीन अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन-अर्चन से हुआ जिसके बाद स्कूली छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अनुशासन व्यक्ति को महान बनाता है

किसी कार्य को करने की निरंतरता और अनुशासन ही व्यक्ति और संगठन को महान बनाता है उक्त उद्गार हिंदू सम्मेलन में संघ के विभाग सह कार्यवाह विवेकानंद पटेल ने मुख्य वक्ता के रुप में संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है हम स्व बोध को अपना कर स्वदेशी,स्व आचरण, स्व भूषा,स्व भोजन,स्व भाषा को प्राथमिकता दी जाए । सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कथावाचक आकर्षण जी महाराज ने कहा कि हमें हमारे बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा ताकि वे देश के विकास में भागीदार बन कर देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा सके। बच्चे कितना भी माडल बने लेकिन सनातन की जड़ों को न भूलें अगर वे सनातन को साथ लेकर नहीं चले तो अस्तित्व ख़तरे में पड़ जायेगा। आगे कहा कि सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करना ही इस आयोजन का मुख्य ध्येय है। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित ये सम्मेलन हिंदू धर्म की एकता,गौरवशाली विरासत और भविष्य की नई दिशा तय कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता साधना जैन ने सभी परिवारों की एकता में जोर दिया उन्होंने कहा कि हमे अपने अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ हर सप्ताह कम से कम एक बार साथ बैठकर भोजन करना चाहिए और साथ उस दौरान अपने विचारों का आदान प्रदान भी करना चाहिए जिससे हम परिवार के हर सदस्य से भावनात्मक रूप से जुड़ कर परिवार को एक रख पाए। इस गौरवमयी अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।




## नगर निगम का वायु गुणवत्ता सुधार अभियान हुआ तेज

**जबलपुर।** शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर निगम जबलपुर ने व्यापक अभियान चलाया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्टेम फील्ड इंटरनेशनल स्कूल, स्मॉल वंडर हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, सी एम-राइस स्कूल, जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आदर्श भारतीय स्कूल और अन्य 30 से अधिक शिक्षण संस्थानों में कुल 7609 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छ वायु और स्वस्थ जीवन के महत्व के साथ दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई, जैसे - पौधारोपण, कचरा न जलाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और घर व स्कूल में ग्रीन हैबिट्स अपनाना। नगर निगम ने बच्चों को संदेश दिया कि "आज का जागरूक बच्चा, कल का स्वच्छ और सुरक्षित जबलपुर बनाएगा।"

# दहेज प्रताड़ना के मामले दर्ज

**सिहोरा।** थानान्तर्गत एक महिला को घरेलू बातों को लेकर उसकी पति द्वारा प्रताड़ना दी जा रही है प्रताड़ना से तंग आकर महिला अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही है। सिहोरा पुलिस ने बताया कि श्रीमती शक्ति तिवारी की शादी वर्ष 2013 में कटनी निवासी मुकेश तिवारी से हुई थी। उसके दो बच्चे हैं शादी के 5-6 माह बाद से ही पति मुकेश तिवारी घरेलू बातों को लेकर शक्ति को प्रताड़ित करने लगा माता पिता के समझाने के बाद भी मुकेश के स्वभाव में बदलाव नहीं आया परेशान होकर एक वर्ष पूर्व से शक्ति अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही है। उसका पति मुकेश तिवारी में भी मायके में आ गया और शक्ति के साथ घर के काममाज को लेकर मारपीट की।

### नवविवाहिता का दहेज प्रताड़ना

**मझौली।** थानान्तर्गत ग्राम विछिया निवासी श्रीमती निधि शुक्ला की शादी दो वर्ष पूर्व कटनी निवासी नवनीत गर्ग से हुई है शादी के बाद से ही सास पुष्पा बाई गर्ग कम दहेज मिलने का ताना देकर कर निधि को प्रताड़ित करने लगी गत वर्ष 19 जुलाई की दोपहर पति नवनीत व सास पुष्पा बाई ने निधि के साथ मार पीट कर गहने व मोबाईल छीनकर उसे घर से निकाल दिया। आरोपी पति सास पर दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पमरे की रश्मि दिवाकर आरआरबी भोपाल की चेयरमैन नियुक्त

**जबलपुर।** पमरे मुख्यालय के यांत्रिकी विभाग में वरिष्ठ यांत्रिकी अभियंता (एसएजी) श्रीमती रश्मि दिवाकर को रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) भोपाल का चेयरमैन नियुक्त किया गया है. पमरे मुख्यालय में श्रीमती दिवाकर पिछले काफी दिनों से नई पदस्थापना का इंतजार कर रही थी. 19 जनवरी को रेलवे बोर्ड ने उनका तबादला भोपाल आरआरबी में कर दिया है।

# मुख्यालय व कारखानों के कर्मचारी कर सकेंगे सैर सपाटा

**जबलपुर।** मंडल वार रेल कर्मचारियों के पर्यटन स्थल भ्रमण टूर में मुख्यालय व कोटा-भोपाल मंडल कारखानों के कर्मचारी काफी सीमित संख्या में टूर में शामिल किए जाते थे जिससे कम कर्मचारियों को सैर सपाटा करने का अवसर मिल पाता था जबकि मुख्यालय व कारखाने पृथक ईकाई है। उक्त समस्या को मुख्यालय व कारखानो के कर्मचारियों ने महामंत्री अशोक शर्मा के समक्ष रखा । संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि महामंत्री ने उक्त पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए भोपाल कोटा जबलपुर के सदस्यों को निर्देशित करते हुए मंडलो, मुख्यालय व कारखानों के भ्रमण टूर पृथक करने को कहा। जिस पर मंडल सचिव व पाटीदार के समक्ष रखा जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति दी । जिससे अब मंडल के भी अधिक कर्मचारी भ्रमण टूर पर जा सकेंगे ।

### केन्द्रीय कर्मचारी हित निधि की बैठक में करोड़ों की राशि स्वीकृत

सीएसबीएफ के मुख्य प्रतिनिधि डी.पी. अग्रवाल के नेतृत्व में अन्य प्रतिनिधि अर्जुन बैरागी , संतोष चतुर्वेदी , एच.एस. मीणा, अनिल सैनी कोटा मंडल ने उक्त प्रस्ताव को बैठक में पुरजोर तरीके से सीएसबीएफ के अध्यक्ष व प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. दिव्यांग कर्मचारी एवं आश्रित दिव्यांग बच्चो को आर्थिक सहायता हेतु 21 कर्मचारियों को हाइड्रो थेरेपी, प्रोस्थेटिक थेरेपी, ट्राई साइकल, हेयरिंग मशीन, थ्री व्हीलर व्हीकल, कृत्रिम अंग, स्पीच थेरेपी, कैलिपर्स स्ध्त कैफो, आर्टिफिशियल लेग, स्पेशल टीचर एवं कोहलर इंप्लांट के लिए 9 लाख 35 हजार रुपए का भुगतान कराया गया। प्रत्येक दियांग कर्मचारी एवं आश्रित को कुल अट्ठाईस लाख छप्पन हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। उक्त सफलता पर संघ के संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, सतीश कुमार, सविता त्रिपाठी , हर्ष वर्मा, रोशन यादव, आर.ए.सिंह, संजय चैधरी, संतोष त्रिवेणी, सुधीर कुमार, योगेन्द्र सिंह, भूपत सिंह, तरूण बत्रा, दुर्गा तिवारी, श्याम कला श्रीवास्त, डॉली सक्सेना आदि ने हर्ष व्यक्त कर लाभांन्वित कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की ।



## 1 फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों शुरु

**मझौली।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों की शुरुआत आज नगर मझौली में की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विष्णु वाराह मंदिर से ध्वज यात्रा के साथ हुई, जिसमें नगर का भ्रमण कर बाजार प्लाट मझौली में ध्वजारोहण, पूजन-अर्चन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक एवं विधायक ने आगामी 1 फरवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन की जानकारी दी और उपस्थित नागरिकों को अक्षत प्रदान किया। उन्होंने सभी घरों में जाकर अक्षत वितरण और सम्मेलन में परिवार सहित शामिल होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संघ के जिला कार्यवाह, विधायक एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आगामी 1 फरवरी से पहले नगर के प्रत्येक घर में स्वयंसेवक जाकर अक्षत वितरण और आमंत्रण करेंगे, ताकि सभी नगरवासी सम्मेलन में भाग ले सकें।

## गंदे पानी की समस्याओं का तत्काल किया जा रहा निराकरण

**जबलपुर।** मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान नगर निगम में विभिन्न वार्डो से अन्य समास्याओं के साथ ही लोग दूषित जल की समस्या लेकर पहुंचे। इस दौरान मुख्यालय में जनसुनवाई के लिए तैनात एडीशनल कमिश्नर देवेंद्र सिंह ने गंदे पानी की समस्याओं पर तत्काल निराकरण के निर्देश मातहत कर्मचारियों को दिए। श्री सिंह ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर नगर निगम के सभी जोनों में दल गठित किए गए है और उनके माध्यम से तत्काल ही लीकेज और दूषित जल से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा हैं। इस संबंध में सभी वार्डो में शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं उन्होंने बताया है कि अब तक ऐसी 500 से अधिक समस्याओं का निराकरण किया जा चुका है और दूषित जल या लीकेज से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता में पहले स्थान पर रखकर उसका त्वरित समाधान किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम

**बरेला।** जय श्री कृष्ण विश्व कल्याण गौशाला युवा मंडल व जन कल्याण शिक्षा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रिय बालिका दिवस 24 जनवरी2026 को सांस्कृतिक कार्यक्रम काआयोजन रामलीला रंगमंच थाने के सामने बरेला में होने जा रहा है ।आयोजन समिति ने सभी लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# कम उपस्थिति और अव्यवस्थाओं पर नाराजगी, शीघ्र सुधार के निर्देश

## जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कुण्डम विकासखंड के विद्यालयों का औचक

जबलपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कुण्डम विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान शासकीय बालक उमावि बघराजी में कई अव्यवस्थाएँ पाई गईं। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम, कक्षा-कक्ष एवं स्टाफ रूम में अनुशासनहीनता, और परिसर में स्वच्छता का अभाव देखा गया। भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषयों के पाठ्यक्रम अपूर्ण पाए गए, और कुछ विद्यार्थियों के पास भौतिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं थीं। इस पर



जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को समस्त व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार करने और शैक्षणिक कार्यों को नियमित, सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। प्राचार्य और स्टाफ से नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है। इसी क्रम में शासकीय कन्या उमावि बघराजी का निरीक्षण भी किया गया, जहाँ विद्यार्थियों की उपस्थिति अत्यंत कम पाई गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि अनुपस्थित विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाए। शिक्षकों को बच्चों को विषय वस्तु रटाने के बजाय विस्तारपूर्वक समझाने और उन्हें स्वयं उत्तर लिखने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए, ताकि उनकी समझ, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का विकास हो सके।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोनी ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, स्वच्छता और अनुशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। भविष्य में पुनः निरीक्षण कर सुधार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत 23 जनवरी शुक्रवार को सदर के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे समारोह के मद्देनजर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने मंगलवार को सुबह ग्रैरीसन ग्राउंड में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में साधु, संत और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

लिहाजा सुरक्षा के साथ साथ यातायात, बैठक व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए । मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का गैरीसन ग्राउंड में 23 जनवरी को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही शहर के 3 अन्य कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।



# श्रीश्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ हुआ, दिन में चल रही भागवत कथा व शाम रामलीला

मझौली।

नगर बाजार प्लाट में आज श्री श्री मां अम्बा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ के दौरान भागवत कथा का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें श्री दत्त जी महाराज ने ब्राह्मण धुन्धकारी की कथा का वाचन किया। कथा में बताया गया कि ब्राह्मण को प्रेतयोनि प्राप्त हुई थी, और भागवत कथा सुनने और करवाने से उसके मोक्ष की प्राप्ति हुई। महाराज जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत कथा सुनने से घर-परिवार में आने वाली सारी बाधाएँ दूर हो जाती हैं और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जा रही है।शाम 7 बजे भगवान राम की रामलीला का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया और कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा।



**श्री तपन कुमार बनर्जी-** अनमोल हाइट्स, जबलपुर निवासी श्री तपन कुमार बनर्जी का निधन हो गया है।अंतिम यात्रा आज 21 जनवरी प्रातः 9:30 बजे, निज निवास अनमोल हाइट्स, जबलपुर से गौरीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती प्रभा बाई विश्वकर्मा-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री तुलसीराम विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा बाई (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला बाई पाण्डेय-** जमुनिया कुआं दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री दशरथ प्रसाद पाण्डेय की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई पाण्डेय का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरी सिंह थापा-** शांति नगर रांझी निवासी श्री खड़क सिंह थापा के पुत्र श्री हरी सिंह थापा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम चंद्र वर्मा-** रामनगर रांझी निासी श्री उत्तम चंद्र वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जीतेंद्र कुमार रैदास-** समता कॉलोनी शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री रामाधार रैदास के पुत्र श्री जीतेंद्र कुमार रैदास (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दुर्गा सिंह राजपूत-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री दुर्गा सिंह राजपूत (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सोना देवी तिवारी- शिवनगर अधारताल निवासी श्री राजाराम तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना देवी तिवारी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई प्रधान-** लालमाटी चांदमारी तलैया ओम टोरिया निवासी श्री ओमकार प्रसाद प्रधान की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई प्रधान (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अरूण पिल्ले- डिफेंस कॉलोनी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अनिल पिल्ले के पुत्र श्री अरूण पिल्ले (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मालती भुलन-** पवनसुत कॉलोनी धोबीघाट गोराबाजार निवासी श्री वीरो भुलन की धर्मपत्नी श्रीमती मालती भुलन (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री बाई अग्रवाल-** प्रोफेसर्स कॉलोनी करमेता निवासी श्री माखन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई अग्रवाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सुजान तिवारी-** सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री राम सुजान तिवारी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता समुंदे-** झामनदास चौक के पास द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री रूप कुमार समुंद्रेर की धर्मपत्नी श्रीमती ममता समुंद्रेर (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गंगाराम पाल-** वृंदावन कॉलोनी टेमर भीटा रोड निवासी श्री गंगाराम पाल (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री उमेश चंद्र ताम्रकार-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री उमेश चंद्र ताम्रकार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बद्री प्रसाद सोनी-** जूड़ी तलैया तिलक वार्ड निवासी श्री बद्री प्रसाद सोनी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप




### हैवेल्स का लाभ 8% बढ़कर 300 करोड़

**नई दिल्ली।** बल्ब, ट्यूबलाइट, पंखे जैसे बिजली के उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर, 2025 को सताप्त तीसरी तिमाही में 7.9 प्रतिशत बढ़कर 300.05 करोड़ रुपये रहा। हैवेल्स इंडिया ने कहा कि कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 277.96 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। दिसंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 14.3 प्रतिशत बढ़कर 5,587.89 करोड़ रुपये हो गया।

### छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 5जी नेटवर्क का विस्तार

**इंदौर।** अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने कहा कि उसने गुजरे एक साल के दौरान मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 2,400 से



अधिक नये स्थानों पर 5जी नेटवर्क का विस्तार किया है। भारती एयरटेल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों राज्यों के कुल 87 जिलों में कंपनी के इस विस्तार से अब शहरों और तेजी से विकसित हो रहे कस्बों के साथ ही दूर-दराज के गांवों में भी 3.60 करोड़ ग्राहकों को उच्च गति वाला नेटवर्क कवरेज मिल रहा है।

### रुपया सात पैसे टूटकर 90.97 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.97 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर



बंद हुआ। धातु आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है और उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बनाए रखा है। इसके अलावा, विदेशी पूंजी की निकासी के कारण घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती भी इसकी एक वजह रही।

### एलटीआई माइंड ट्री का लाभ घटकर 970 करोड़

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एलटीआई माइंडट्री का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10.5 प्रतिशत घटकर 970.6 करोड़ रहा। मुख्य




रूप से नए श्रम संहिता लागू होने की वजह से एकमुश्त प्रावधान के कारण कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 1,085 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा (शेयरधारकों को देय) अर्जित किया था। एलटीआई माइंडट्री ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि नवंबर 2025 में नए श्रम संहिता लागू होने के कारण कंपनी पने 590 करोड़ की एकमुश्त राशि का प्रावधान किया है।

### बाणगंगा ने नाम बदल रखा असगार्ड अल्कोबेव



**नई दिल्ली।** कागज बनाने वाली कंपनी बाणगंगा पेपर इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को कहा कि उसने अपना नाम बदलकर असगार्ड अल्कोबेव लि. कर लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि पिछले सप्ताह कंपनी की आसाधारण आम बैठक में बाणगंगा ने अपना नाम बदल कर असगार्ड अल्कोबेव कर दिया है। कंपनी ने इसके साथ ही अपना पंजीकरण कार्यालयय भी महाराष्ट्र से मेघालय में स्थानांतरित किया है। मेघालय राज्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के कंपनी पंजीयक के अधिकार क्षेत्र में आता है।

# टाटा लाई इलेक्ट्रिक व डीजल श्रेणियों में 17 ट्रकों का पोर्टफोलियो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी दरों में कटौती के बाद वाणिज्यिक वाहनों की मांग में आई तेजी का लाभ उठाने के मकसद से टाटा मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक और डीजल इंजन दोनों श्रेणियों में 17 ट्रकों का नया पोर्टफोलियो लेकर आई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गिरीश वाघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। टाटा समूह की वाणिज्यिक वाहन कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रमुख ने कहा कि कंपनी अब इलेक्ट्रिक ट्रकों को अधिक वहन क्षमता के साथ पेश कर इस खंड में भी अपना विस्तार कर रही है। इलेक्ट्रिक ट्रकों के बारे में वाघ ने कहा कि सात टन से लेकर 55 टन तक की क्षमता वाले टाटा ट्रक्स डॉट

## वृद्धि रफ्तार कायम रखने नई श्रृंखला से उम्मीदें: सीईओ

### टाटा मोटर्स की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़ी

वाघ ने कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वाणिज्यिक वाहन उद्योग में स्पष्ट सुधार देखा गया है। वाघ ने कहा, "सितंबर तिमाही से दिसंबर तिमाही के बीच इस उद्योग के कुल पंजीकरण में 25.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि टाटा मोटर्स की बिक्री मात्रा करीब 29.4 प्रतिशत बढ़ी है।"




### आई-मोएव इलेक्ट्रिक ट्रक भी शामिल

सीईओ ने कहा कि कंपनी इस सकारात्मक रुझान का फायदा उठाने के लिए अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों की नई श्रृंखला पेश कर रही है, जिसमें 'आई-मोएव' (इंटेलिजेंट मॉड्यूलर इलेक्ट्रिक व्हीकल) संरचना पर आधारित इलेक्ट्रिक ट्रक भी शामिल हैं। कंपनी कम दूरी वाले इलेक्ट्रिक आपूर्ति खंड में पहले से मौजूद है और अब भारी श्रेणी के इलेक्ट्रिक ट्रकों की तरफ अपना विस्तार कर रही है।

ईवी पिछले कुछ वर्षों में ग्राहकों के साथ मिलकर विकसित किए गए हैं और अब तक 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक का परीक्षण पूरा कर चुके हैं।

### नई डीजल श्रृंखला अजुरा पेश

वाघ ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक ट्रक इस्पात, सीमेंट, रसायन, ई-कॉमर्स और वाहन कलपुर्जा जैसे क्षेत्रों को चरणबद्ध तरीके से अपने लॉजिस्टिक आधार को कार्बन-मुक्त करने में मदद करेंगे। इसके साथ ही कंपनी ने मध्यम एवं हल्के वाणिज्यिक वाहन खंड में नई डीजल इंजन श्रृंखला 'अजुरा' को भी पेश किया जो ग्राहकों को अधिक भार-वहन क्षमता, बेहतर ईंधन दक्षता और उन्नत सुरक्षा के जरिये बेहतर लाभप्रदता प्रदान करेगी।

### फिक्की की विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

# फिक्की विनिर्माण सूचकांक तीसरी तिमाही में पहुंचा अब तक के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्पादन लागत अधिक रहने के बावजूद फिक्की विनिर्माण सूचकांक चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसमें 91 प्रतिशत कंपनियों ने स्थिर या उससे अधिक उत्पादन दर्ज किया है जो जुलाई-सितंबर के 87 प्रतिशत से अधिक है।

- उत्पादन लागत अधिक रहने के बावजूद उत्पादन बढ़ा

फिक्की के विनिर्माण पर तिमाही सर्वेक्षण (क्यूएसएम) के 68वें संस्करण में तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में आठ प्रमुख क्षेत्रों के विनिर्माताओं के प्रदर्शन एवं बाजार की स्थिति का आकलन किया गया।

### ये उद्योग व वस्तुएं शामिल

इनमें मोटर वाहन कलपुर्जों, पूंजीगत सामान, रसायन, उर्वरक तथा दवा, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल, मशीन उपकरण, धातु व धातु उत्पाद, वस्त्र, परिधान तथा प्रौद्योगिकी वस्त्र तथा विविध वस्तुएं शामिल हैं। लघु एवं मझोले उद्यम दोनों क्षेत्रों की विनिर्माण इकाइयों से प्रतिक्रियाएं प्राप्त की गई हैं जिनका वार्षिक कारोबार संयुक्त रूप से तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

**खास बातें**

- इसमें 91 प्रतिशत कंपनियों ने स्थिर या अधिक उत्पादन दर्ज किया
- यह उत्पादन जुलाई-सितंबर के 87 प्रतिशत अधिक है



### बिजली व यूटिलीटी लागत में वृद्धि

करीब 57 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बिक्री के प्रतिशत के रूप में उत्पादन लागत में वृद्धि की जानकारी दी जो पिछली तिमाही के निष्कर्षों के अनुरूप है और यह दर्शाता है कि लागत अब भी अधिक है। उद्योग मंडल ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन लागत में वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे माल की उच्च लागत, मुद्रा में उतार-चढ़ाव और लॉजिस्टिक, बिजली एवं यूटिलीटी लागत में वृद्धि के कारण हुई है।

### विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि जारी

तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में विनिर्माण सूचकांक का प्रदर्शन भारत के विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि एवं बढ़ते आशावाद को दर्शाता है। यह आशावाद घरेलू मांग में भी स्पष्ट है क्योंकि 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में अधिक या समान ऑर्डर की उम्मीद जताई है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती की घोषणा के बाद और भी बढ़ गई है।

### औसत उपयोग क्षमता करीब 75 फीसदी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में मौजूदा औसत क्षमता उपयोग करीब 75 प्रतिशत है जो इस क्षेत्र में निरंतर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है। आगामी छह महीनों में निवेश एवं विस्तार के लिए भविष्य का निवेश दृष्टिकोण स्थिर है। 70 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने तीसरी तिमाही में निर्यात के स्तर में वृद्धि या पिछले तिमाही के 69 प्रतिशत की तुलना में समान स्तर की वृद्धि दर्ज की।

### कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बढ़ी

सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माणकर्ताओं द्वारा भुगतान की जाने वाली औसत ब्याज दर 8.9 प्रतिशत बताई गई है। 87 प्रतिशत से कुछ अधिक उत्तरदाताओं ने कार्यशील पूंजी या दीर्घकालिक पूंजी के लिए बैंकों से पर्याप्त धनराशि की उपलब्ध होने की जानकारी दी है।

# एलटीआईमाइंडट्री चौथी तिमाही में शुरू करेगी वेतन वृद्धि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आईटी सेवा कंपनी एलटीआई माइंडट्री वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही से वार्षिक वेतन वृद्धि की शुरुआत करेगी। इसके तहत पहले चरण में लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि परिचालन मार्जिन पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रबंधित करने के लिए वेतन वृद्धि को दो तिमाहियों वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में विभाजित किया जाएगा। एलटीआई माइंडट्री के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) विपुल चंद्रा ने कंपनी के तिमाही नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा, ''वेतन वृद्धि की समयसीमा की बात करें तो... हम चौथी तिमाही से वेतन वृद्धि शुरू करेंगे। लेकिन इसे एक बार में करने के बजाय, हम इसे कुछ तिमाहियों में फैलाएंगे...। हम चौथी तिमाही में अपने लगभग 50 प्रतिशत कार्यबल के लिए वेतन वृद्धि करेंगे।'' यह फैसला पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही) में प्रबंधन द्वारा पेश किए गए मसौदे के अनुरूप है, जिसमें पहली बार वेतन वृद्धि को दो हिस्सों में बांटने का संकेत दिया गया था। उस समय कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक वेणु लांबू ने कहा था कि पहली किश्त एक जनवरी से प्रभावी होगी, उसके बाद दूसरी किश्त एक अप्रैल को आएगी।

- पहले चरण में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा



### वेतन वृद्धि का प्रभाव तिमाही पर एक फीसदी होगा

चंद्रा ने कहा कि वेतन वृद्धि का वित्तीय प्रभाव प्रत्येक तिमाही में लगभग एक प्रतिशत होने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी का लक्ष्य परिचालन दक्षता से इसकी भरपाई करना है। एलटीआईमाइंडट्री के कर्मचारियों की कुल संख्या 31 दिसंबर, 2025 तक 87,958 थी, जिसमें तीसरी तिमाही के दौरान 1,511 कर्मचारियों की शुद्ध वृद्धि हुई।

# एआई का लक्ष्य हर किसी के जीवन को बेहतर बनाना हो

एजेंसी ⏭ दावोस

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का लक्ष्य हर किसी के जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए। इसमें शिक्षा से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की दक्षता तक शामिल है। सीईओ यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यदि एआई से जुड़ी सारी चर्चा केवल आपूर्ति पक्ष या तकनीकी कंपनियों पर ही केंद्रित रही, तो यह एक 'बुलबुला' साबित हो सकता है। नडेला ने कहा कि जीवन के सभी पहलुओं में एआई की भूमिका को समझने की जरूरत है, जैसे कि यह कैसे दवा कंपनियों को महत्वपूर्ण दवाओं को तेजी से तैयार करने या परीक्षणों में तेजी लाने में मदद कर रहा है। उन्होंने केवल खर्च बढ़ाने के बजाय एआई आधारित आर्थिक वृद्धि पर जोर दिया। सीईओ ने बताया कि कैसे एआई और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियां उत्पादकता बढ़ा रही हैं और हमारे काम करने के तरीके को बदल रही हैं। नडेला ने कहा, ''एक वैश्विक समुदाय के रूप में हमें उस बिंदु तक पहुंचना होगा, जहां हम कुछ उपयोगी करने के लिए एआई का इस्तेमाल करें, जिससे लोगों, समुदायों, देशों और उद्योगों के नतीजों में बदलाव आए।''

- माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ नडेला डब्ल्यूईएफ की बैठक में बोले



### एआई के लाभों को वितरित करने की जरूरत

नडेला ने एआई क्रांति को पर्याप्त ऊर्जा बुनियादी ढांचे का समर्थन सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक-निजी सहयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई के लाभों को समान रूप से वितरित करने की जरूरत है।

# स्विगी की विस्तार की अभी कोई योजना नहीं

**दावोस।** खाद्य व पेय पदार्थ की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच स्विगी के 'फूड मार्केटप्लेस' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने कहा कि कंपनी ने अभी तक भारत में 85-90 प्रतिशत बाजार का दोहन नहीं किया है और घरेलू बाजार में मौजूद अपार संभावनाओं को देखते हुए, अभी वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कपूर ने कहा कि भारत में अब भी बदलाव की काफी संभावनाएं हैं और फिलहाल वैश्विक विस्तार की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि अवसर न केवल खाद्य क्षेत्र में हैं बल्कि देश भर के कई अन्य व्यवसायों में भी मौजूद हैं। कपूर ने कहा, '' खास तौर पर खाद्य क्षेत्र में, हम सालाना 18-20 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले तिमाही के आंकड़ों में भी ये रुझान दिखते हैं।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में खाद्य पदार्थों की पहुंच का स्तर न केवल पश्चिमी देशों से बल्कि कुछ दक्षिण-पूर्वी एशियाई तथा एशियाई देशों से भी काफी कम है जिससे वृद्धि की अपार संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।

# चीनी उत्पादन जनवरी के मध्य तक 22 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ टन हो गया है। उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन 1.3 करोड़ टन था। इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

- सालाना आधार पर बढ़कर 1.59 करोड़ टन हुआ : इस्मा



सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 प्रतिशत बढ़कर 64.5 लाख टन हो गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन हो गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर 27.5 लाख टन से बढ़कर 31 लाख टन हो गया। इस्मा ने कहा, ''गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता, बेहतर पैदावार और प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सुचारू कामकाज के कारण 2025-26 के सत्र में भारत के चीनी क्षेत्र ने अब तक स्थिर प्रगति की है।'' हालांकि, उद्योग निकाय ने चेतावनी दी कि गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी की कीमतों में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है और किसानों को गन्ने के भुगतान में देरी हो रही है।

### कीमतें गिरकर 3,550 रुपए प्रति क्विंटल पर आई

इस्मा ने बताया कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों से निकलने वाली चीनी की कीमतें गिरकर लगभग 3,550 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई हैं, जो उत्पादन लागत से काफी कम है। संस्था ने कहा कि चीनी का भंडार बढ़ रहा है, और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो यह और बढ़ सकता है।

# टाटा कैपिटल के लाभ में 39 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 1,285 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 922 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। टाटा कैपिटल ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कुल ब्याज आय 26 प्रतिशत बढ़कर 2,936 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले लगभग 2,323 करोड़ रुपये थी। प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति (एयूएम) 26 प्रतिशत बढ़कर 2,34,114 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1,86,404 करोड़ रुपये थी।




# इंडिगो का परिचालन स्थिर, पर्याप्त संख्या में पायलट मौजूद: डीजीसीए

**नईदिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि लगातार नियामक निगरानी और सुधारात्मक उपायों से इंडिगो के परिचालन को स्थिर करने में मदद मिली है। नियामक के अनुसार एयरलाइन के पास अब पर्याप्त संख्या में पायलट हैं, ताकि बिना किसी व्यवधान के नए उड़ान ड्यूटी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले महीने उड़ानों में हुए भारी व्यवधान के लिए इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के कुछ ही दिनों बाद डीजीसीए ने यह भी कहा कि वह एयरलाइन के परिचालन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि इसमें ''रोस्टर की मजबूती, चालक दल की उपलब्धता, पर्याप्त बफर, प्रणाली की मजबूती और एफडीटीएल आवश्यकताओं के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।'' नियामक ने बताया कि 19 जनवरी को हुई समीक्षा बैठक के दौरान इंडिगो ने 10 फरवरी के बाद की अनुमानित परिचालन आवश्यकताओं के मुकाबले पायलटों की पर्याप्त उपलब्धता के बारे में बताया है।

### कंपनी करीब 15 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर बाजार में उतर सकती है

# फोनपे आईपीओ को सेबी से मिली मंजूरी, 12 हजार करोड़ जुटाने की योजना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनियों में शामिल फोनपे ने अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने कंपनी को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक फोनपे करीब 15 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर बाजार में उतर सकती है और इस पेशकश के जरिए लगभग 12,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए आने की संभावना है, जिससे मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचेंगे। फोनपे को 20 जनवरी को सेबी की मंजूरी मिली, जिसके बाद कंपनी अगले कुछ दिनों में अपना अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकती है। इससे पहले कंपनी ने सितंबर में कॉन्फिडेंशियल प्री-फाइलिंग रूट के जरिए दस्तावेज जमा किए थे। फोनपे वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली डिजिटल पेमेंट कंपनी है और इसका मुख्यालय बेंगलुरु में स्थित है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा माहौल में यह आईपीओ निवेशकों के लिए खासा आकर्षक हो सकता है।

- आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल के जरिए आने की संभावना




### कारोबार में भी विस्तार

*हालांकि फोनपे ने अपने कारोबार को पेमेंट से आगे बढ़ाया है, लेकिन आज भी इसकी 90 प्रतिशत से ज्यादा कमाई पेमेंट बिजनेस से आती है। कंपनी के पास शेयर मार्केट ट्रेडिंग ऐप, लेंडिंग प्लेटफॉर्म और बीमा पॉलिसी बेचने जैसे कई वर्टिकल मौजूद हैं। इसके बावजूद डिजिटल पेमेंट ही कंपनी की ग्रोथ की रीढ़ बना हुआ है। नए यूज केसेस और लगातार हो रहे इनोवेशन से फोनपे की स्थिति और मजबूत हो रही है।*

### दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ

अगर फोनपे का आईपीओ तय वैल्यूएशन पर आता है, तो यह भारत की नई अर्थव्यवस्था का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इससे पहले 2021 में पेटीएम करीब 20 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर लिस्ट हुई थी, जिसका इश्यू साइज लगभग 18,000 करोड़ रुपए था। वहीं, 2024 में स्विगी ने करीब 1.35 अरब डॉलर का आईपीओ लाकर 11,300 करोड़ रुपए जुटाए थे। फोनपे का प्रस्तावित इश्यू साइज इन दोनों के बीच मजबूती

**COLLEGE OF AGRICULTURE, JNKVV, JABALPUR**

**WALK IN INTERVIEW**

Eligible candidates may appear for "Walk in interview" for the 01 Post of Young Professional-I (YP-I) on temporary basis with the original documents and two sets of application form (with attested photograph and photocopies of documents) on 04.02.2026 at 11:00 am under project. entitled **"Enhancing vermi compost quality through microbial inoculation" funded by GoMP, Bhopal** in the Chamber of the Dean, College of Agriculture, JNKVV, Jabalpur. Details and format for application can be obtained from **(http://www.jnkvv.org)**

IPRO/DAC/Dairy2026/20 — Dean

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**(छठवीं निविदा) निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख मे) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO NO 776 DATE -20/01/2026 | संभाग क्र. 11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्रं. 79 में पिपरिया हाईस्कूल से नहर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा मद) | 02 माह | 2000/- | 05/02/2026 |
| | 2026_UAD_477077_1 | | 8.32 | 8328/- | |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

## चिंतन

# भाजपा में अब 'युवा युग' की शुरुआत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नेतृत्व परिवर्तन केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं है, बल्कि यह उस राजनीतिक सोच का संकेत है, जिसमें भविष्य की राजनीति को ध्यान में रखते हुए युवाओं को निर्णायक भूमिका सौंपी जा रही है। 45 वर्षीय नितिन नबीन का भाजपा अध्यक्ष बनना इसी रणनीतिक दिशा की पुष्टि करता है। यह कदम न केवल पार्टी के भीतर पीढ़ीगत संतुलन को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भाजपा अब स्वयं को "नए भारत" की आकांक्षाओं के अनुरूप ढाल रही है और भविष्य की राजनीति को वर्तमान में आकार देना चाहती है। यह फैसला भाजपा की उस दीर्घकालिक रणनीति को दर्शाता है, जिसमें संगठन को उम्र, ऊर्जा और विचार तीनों स्तरों पर नई धार देने का प्रयास किया जा रहा है। जनसंघ काल से ही भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन का दावा किया है और यह नियुक्ति उसी परंपरा का विस्तार है। 46 वर्ष पुरानी पार्टी का अध्यक्ष यदि 45 वर्ष का हो, तो यह केवल संयोग नहीं, बल्कि सोची-समझी रणनीति का परिणाम है। इसे भाजपा में नए युग, या कहें 'युवा युग' यानी जेन जेड की औपचारिक शुरुआत माना जा सकता है। भाजपा का यह निर्णय कि संगठन में 70 फीसदी पद 60 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को और 30 फीसदी पद 60 वर्ष से अधिक आयु के अनुभवी कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे, एक संतुलित और व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत करता है। यह मॉडल भारतीय राजनीति में एक नई कार्य संस्कृति को जन्म दे सकता है। आंकड़े इस बदलाव की पुष्टि करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में 55 वर्ष से कम आयु के 20 मंत्री यानी 33 फीसदी संख्या होना, भाजपा शासित राज्यों में 9 मुख्यमंत्री 55 साल की उम्र से कम होना यानी 64 फीसदी मुख्यमंत्रियों का युवा होना और प्रदेश अध्यक्षों में लगभग 14 का 55 साल की उम्र से कम होना यानी 38 फीसदी युवा नेतृत्व यह दर्शाता है कि यह बदलाव केवल शीर्ष स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की जड़ों तक पहुंच चुका है। यह भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देता है, जहां नेतृत्व परिवर्तन अक्सर मजबूरी में होता है, न कि रणनीति के तहत। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों पर फोकस भी इसी युवा रणनीति का हिस्सा है। ये दोनों राज्य राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यहां युवा नेतृत्व न केवल संगठन को मजबूती दे सकता है, बल्कि स्थानीय मुद्दों, युवाओं की आकांक्षाओं और क्षेत्रीय अस्मिता को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि "अब 45 साल के नबीन मेरे बॉस होंगे" केवल औपचारिक बधाई नहीं, बल्कि पार्टी कैडर के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि नेतृत्व की कसौटी उम्र नहीं, बल्कि क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन है। मंगलवार को नितिन नबीन का कार्यभार संभालना इसी विश्वास को संस्थागत रूप देता है। 1951 में जनसंघ की स्थापना, 1980 में भाजपा का गठन और अब 46 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने कई राजनीतिक दौर देखे हैं। आज का यह बदलाव उसी यात्रा का अगला पड़ाव है, जहां भाजपा खुद को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रही है। अंततः, भाजपा में यह 'युवा युग' केवल चेहरों का बदलाव नहीं है, बल्कि सोच, कार्यशैली और राजनीतिक संवाद में परिवर्तन का संकेत है। यदि युवा ऊर्जा को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ जोड़ा गया, तो यह बदलाव न केवल भाजपा, बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक नया मानक स्थापित कर सकता है।



मिशन
गीता शुक्ला

# क्या बंगाल में भी परचम लहराएगी बीजेपी

> बीजेपी ने गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रहा है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं।

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौकाया है। बीजेपी के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि भगवा पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन अब इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है कि बीजेपी में जिस प्रोफेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं, और अब उन्हीं गृह मंत्री के हाथों में बीजेपी ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब लोगों में यह उम्मीद बंध गई है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भी इस बार बीजेपी दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी।

बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि टीएमसी बाहर होती है, तो इसके पीछे बीजेपी के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी एक बड़ा कारण होगा। दरअसल, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की, स्थानीय लोगों और बीजेपी कार्यकर्त्ताओं में इसी तरह का जज्बात साफ दिखाई दिया था। यह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चीरपरिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कीं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ आरएसएस के पदाधिकारियों को भी जाग्रत कर दिया और लगे हाथ उन्होंने पश्चिम बंगाल में बीजेपी के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी।

अमित शाह जिस भी विधान सभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहां सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं और उस पर कार्पेट बॉम्बिंग शुरू कर देते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित हैं। सबसे ऊपर बीजेपी जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है, वह है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं।

अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने



बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। बीजेपी ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी हैं। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं।

ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे, लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बंगाल की संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा, आदि. सब कुछ बदल गया है। बीजेपी के इस वादे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो बीजेपी की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। 2016 के विधान सभा चुनाव में बीजेपी को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुईं थी, लेकिन 2021 में 77 सीटों को जीतने में बीजेपी सफल रही। उसी तरह से 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में बीजेपी को 17 प्रतिशत वोट मिले थे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। पिछली हार से सबक लेते हुए भाजपा इस बार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गयी है। पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने के लिए नेताओं को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि पिछली बार बंगाली अस्मिता का मुद्दा उठाकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को बाहरी पार्टी के तौर पर प्रचारित किया और चुनाव में इसका लाभ तृणमूल कांग्रेस को मिला। इस बार भाजपा बंगाली अस्मिता के मुद्दे पर सतर्क है। बिहार जीत से उत्साहित भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल को लेकर सटीक और सधी रणनीति अपना रही है। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्रियों का दौरा तेज होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि बीजेपी अमित शाह के नेतृत्व में बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान बूथों में से बीजेपी ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली हैं और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ, ममता बनर्जी के शासन काल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है।

पीएम मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता का असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी बीजेपी नेतृत्व इसकी मांग से बच रहा है। बीजेपी संभवतः यह मान रही है कि 2026 में बंगाल की सीएम ममता नहीं होंगी और टीएमसी के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। माना जा रहा है कि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, अब देखना यह है कि बंगाल भी उनके लिए उनके वादे के साथ खड़ा होगा या नहीं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
ऋतुपर्ण दवे



# ग्रीनलैंड का सपना ट्रंप का बाल हठ या राज हठ

कभी ट्रम्प तानाशाह तो कभी तुनक मिजाज लगते हैं। शायद अमेरिकावासियों को भी अब ट्रम्प को समझ पाना मुश्किल हो रहा होगा। उन्हें चुनते वक्त भी ऐसा अंदाजा हरगिज नहीं रहा होगा। इतना तो समझ आ रहा है कि अपनी दूसरी पारी में ट्रम्प दुनिया में सबसे अलग करने की नीयत से हर वो काम करने पर आमादा हैं, जिससे उनकी चर्चा और धमक बनी रहे। लगता नहीं कि वो कभी अमेरिका के आदर्श राष्ट्र प्रमुखों में गिने जाएंगे! उनका दर्द जब-तब उनके बयानों से झलकता भी है। शांति के नोबल पुरस्कार की होड़ में मात खाने के बाद ट्रम्प एकाएक अशांतिपूर्ण हरकतों पर उतारू हो गए। उनकी टीस इसी बात से समझ आती है कि इस पुरस्कार के लिए खुद अपनी पैरवी करने वाले ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को चिट्ठी लिख नोबेल नहीं मिलने की शिकायत तक कर दी। साथ ही यह भी लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने अब शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर जबरन कब्जे की उनकी नीयत और कोशिशों की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने की खीझ भी स्पष्ट समझ आती है। रूस और चीन के खतरे की दुहाई देकर ट्रम्प नाटो सदस्य डेनमार्क के ग्रीनलैंड को हथियाने का जो दंभ भर रहे हैं, उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नाटो की एकता के साथ ही वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। ट्रम्प की जिद कहें या दादागिरी, यह उनका दुनिया का तानाशाह बनने जैसा ही कदम कहलाएगा। देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका ही भुगतेगा, क्योंकि वैश्विक मंच पर दुनिया का दारोगा कहलाने वाले मजबूत देश की विश्वसनीयता कमेगी। ग्रीनलैंड की जिद पर दुनिया भर में शांति के पक्षधर लोगों की समझाइश का भी ट्रम्प पर कोई असर न पड़ना मामले को गंभीर बनाता है। ग्रीनलैंड में 1979 से स्व-शासन है। उसकी विदेश और रक्षा नीति नाटो संगठन का सदस्य देश डेनमार्क देखता है। ग्रीनलैंड डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त भाग है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क सरकारों ने भी हमेशा कहा है कि ग्रीनलैंड न कभी पहले बिकाऊ था, न आज है। नाटो देश भी कभी नहीं चाहेंगे कि कोई दादागिरी कर कब्जा कर ले।

खुद यूरोपीय देश फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन, डेनमार्क और इटली ने भी ट्रम्प के बयान की आलोचना की है। इतना ही नहीं, सामूहिक तौर पर जवाब देने की बात भी कह ट्रम्प को चेताया है। आठ यूरोपीय देशों डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड पर टैरिफ की धमकी को ये देश ट्रम्प का ब्लैकमेल, समझ से परे और अनुचित बता रहे हैं। ट्रम्प की हरकतों से यूरोप और अमेरिका के सुरक्षा सहयोग संगठन नाटो के भविष्य पर भी प्रश्न चिन्ह दिख रहा है। खुद 80 प्रतिशत अमेरिकी भी नहीं चाहते कि ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा बने, क्योंकि इससे नाटो में दो फाड़ होगी, जिसका फायदा चीन और रूस जैसे अमेरिका विरोधियों को मिलेगा। ऐसा भी नहीं है कि यूरोपीय संघ यानी ईयू ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ का जवाब देने में पीछे है। ईयू 27 यूरोपीय देशों का राजनीतिक और आर्थिक संगठन है। इन देशों का रुख अमेरिका पर ट्रेड पाबंदियां लगाने का है, जिस पर वो गंभीरता से विचार कर रहे हैं। जबकि इनका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना है। ऐसी स्थिति में नाटो देश भी अमेरिका की मुखालफत करेंगे। हालांकि, ईयू एक खास कानूनी हथियार के इस्तेमाल की सोच रहा है, जिसे 'ट्रेड बाजूका' कहते हैं। इसका मकसद उन देशों के खिलाफ कड़ा कदम उठाना है, जो यूरोपीय देशों पर जबरदस्ती आर्थिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। ईयू सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में भी हैं। जाहिर है इससे बहुपक्षीय तनाव बढ़ना ही है, जिसमें अमेरिका के विरोध में कई होंगे। इन सबके लिए जिम्मेदार ट्रम्प ही होंगे। ट्रम्प की मौजूदा सनक की वजह ग्रीनलैंड है जो सैन्य रणनीतिक लिहाज से बेहद खास है। जब ग्रीनलैंड अमेरिका का होगा तो निश्चित तौर पर वह रूस-चीन की बढ़त रोकने में मददगार होगा। इसीलिए ट्रम्प ग्रीनलैंड को अमेरिकी सुरक्षा का फ्रन्ट लाइन मानते हैं। दूसरी ओर ग्रीनलैंड में दुर्लभ खनिज, तेल, गैस और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार हैं। अब ट्रम्प की नीयत चाहे जो हो, वो उनका अंतर्मन ही जाने, लेकिन क्या नोबेल का शांति पुरस्कार मिलता तो भी ट्रम्प ऐसा करते? अब यह ट्रम्प का बाल हठ है या राज हठ, वही जानें फिलहाल ट्रम्प दुनिया में खुद को तमाशा जरूर बना रहे हैं। देखना है कि उनका खेल कब तक चलेगा?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी। वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया। तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए। *- अनिल पांडे, भिलाई*

## ट्रेंड

### नबीन को बधाई



नितिन नबीन संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बिहार सरकार में कई बार मंत्री रहे हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने एकनिष्ठता से निर्वहन किया है। ऐसे नौजवान, ऊर्जावान एवं प्रतिभावान अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के लिए बधाई।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### कार्यकर्ताओं की मेहनत



आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है, तो इसकी वजह हमारा प्रेरणादायी नेतृत्व है, हमारी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। वो कार्यकर्ता, जो कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है।
- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### सत्र का घटता समय



देश में संसद व राज्य विधानमण्डलों के सत्र के घटते समय के साथ-साथ हर बार इनके भारी हंगामेदार एवं स्थगन आदि से इनकी जन उपयोगिता का घटता प्रभाव अक्सर गंभीर चिन्ता का विषय रहा है। इस पर सरकार और विपक्ष दोनों को अति-गंभीर होकर अमल भी ज़रूर करना चाहिये।
- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### पुलिसिया दुर्व्यवहार



प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ पुलिसिया दुर्व्यवहार और उनका अन्न-जल त्यागकर धरने पर बैठने के हालात बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।
-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय गिराना शुरू



फलस्तीनियों को सहायता प्रदान करने वाले मानवीय समूहों पर प्रतिबंधों को कड़ा किए जाने के बीच इजराइल के कर्मचारियों ने पूर्वी यरुशलम में संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय को बुलडोजर से गिराना शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने 'एक्स' पर कहा कि इजराइली सेना ने संरा कार्यालय के कर्मचारियों के उपकरण जब्त कर लिए और उन्हें शेख जर्राह इलाके में स्थित इमारत से जबरन बाहर निकाल दिया। पोस्ट में कहा गया, यह न केवल यूएनआरडब्ल्यूए और उसके परिसर पर अभूतपूर्व हमला है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के विशेषाधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है।' इजराइल लंबे समय से यूएनआरडब्ल्यूए की आलोचना करता रहा है, क्योंकि उसका कहना है कि यह फलस्तीन समर्थक है। इजराइल ने समूह पर हमास से संबंध रखने का भी आरोप लगाया है जिसे संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने पूरी तरह से नकार दिया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कार्रवाई उस नए कानून के तहत की गई है जिसके तहत आतंकवादी समूहों और हमास से संबंध रखने के आरोप में संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# माँ बगलामुखी के 26वें पाटोत्सव पर निकली भव्य-दिव्य शोभायात्रा

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर में भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी जी का दो दिवसीय भव्य-दिव्य 26वाँ पाटोत्सव अत्यंत श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह पावन सिद्ध पीठ अनन्त श्रीविभूषित पूज्यपाद ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित है, जो वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। पाटोत्सव का आयोजन ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के परम सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। पाटोत्सव के मुख्य दिवस माघ शुक्ल द्वितीया मंगलवार 20 जनवरी को प्रातःकाल मंगलाआरती के पश्चात माँ भगवती का भव्य श्रृंगार, विधिवत पूजन एवं कमल पुष्पों द्वारा सहस्त्रार्चन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्तिमय वातावरण ने संपूर्ण परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से आप्लावित कर दिया।

## भजन-कीर्तन एवं जयकारों से गूंजा मार्ग

मध्यान्ह 12:00 बजे माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी की भव्य-दिव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें माँ की मनोहारी झांकी, ध्वज-पताकाएं, भजन-कीर्तन एवं जयकारों से संपूर्ण नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया। शोभायात्रा माँ बगलामुखी सिद्ध पीठ से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लाडगंज थाना, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, अंधेरदेव, तुलाराम चौक, करमचंद चौक एवं श्रीराम मंदिर सिविक सेंटर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई।



## देर रात तक चला जागरण

शोभायात्रा के पश्चात श्रद्धालुओं को माँ पीतांबरा का महाप्रसाद (भंडारा) वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। संध्या काल में रात्रि 7:00 बजे माँ भगवती के सहस्त्र नामों से लड्डु एवं द्राक्षा द्वारा सहस्त्रार्चन, विशेष पूजन एवं पंच महाआरती सम्पन्न हुई। इसके पश्चात रात्रि 8:00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भक्ति गीतों के माध्यम से माँ की आराधना की।



## माँ बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या

इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीतांबरा भी कहा जाता है। सम्पूर्ण सृष्टि की समस्त तरंगों की अधिष्ठात्री देवी माँ बगलामुखी भक्तों को भोग एवं मोक्ष प्रदान करती हैं तथा शत्रु बाधाओं से रक्षा कर कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

## यह रहे उपस्थित

शोभायात्रा एवं कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, विधायक लखन घनघोरिया, मनीष मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, लेखराज सिंह मुन्ना, भारत सिंह यादव, संदीप जैन, पंकज दुबे, डॉ. सुधांशु गुप्ता, ठाकुर शैलेन्द्र सिंह, सी.ए. अखिलेश जैन, मनीष जैन (कल्लू), रंजीत पटेल, विजय घनघोरिया, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दुबे, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में गुरु भक्त उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने माँ बगलामुखी के दर्शन कर धर्म लाभ अर्जित किया और अपने मानव जीवन को कृतार्थ किया।




## प्रेस्टीज हुंडई में न्यू टैक्सी 'प्राइम' कार लॉन्च, टैक्सी पार्टनरशिप डे का आयोजन

**जबलपुर**। प्रेस्टीज हुंडई शोरूम में टैक्सी वाहनों की लॉन्चिंग के साथ टैक्सी पार्टनरशिप डे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के बड़ी संख्या में टैक्सी संचालक शामिल हुए। इस अवसर पर प्रेस्टीज हुंडई की नई टैक्सी रेंज प्राइम कार को विधिवत लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में प्रेस्टीज हुंडई के डायरेक्टर श्री अनुराग वाधवा, तन्मय शेलतृ, अनुष्क वाधवा, हुंडई टीएसएम श्री प्रभात शुक्ला एवं ग्रुप जनरल मैनेजर संजय शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने टैक्सी सेगमेंट के लिए उपलब्ध हुंडई वाहनों की विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईओएस और प्राइम टैक्सी वाहन आकर्षक कीमत 6,39,900/- से प्रारंभ हैं और टैक्सी संचालन के सभी मापदंडों पर खरे उतरते हैं। सभी वाहन शोरूम में टेस्ट ड्राइव के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शहर में अब 4–5 सीएनजी स्टेशन उपलब्ध होने से सीएनजी टैक्सी संचालन और अधिक सुविधाजनक हो गया है। कार्यक्रम में टैक्सी संचालकों ने नए मॉडलों में विशेष रुचि दिखाई।

## श्रद्धा कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**जबलपुर**। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में उखरी रोड स्थित श्रद्धा कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का विगत दिवस भक्तिमय वातावरण में भव्य समापन हुआ। 13 जनवरी से प्रारंभ हुई इस आठ दिवसीय कथा में भागवत मनीषी पं. अतुल जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण रसपान कराया।

कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा से हुआ, जिसमें गाजे-बाजे, भक्तिमय बैंड धुनों और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा कॉलोनी क्षेत्र में जयघोष किया। इसके पश्चात व्यास पीठ पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कथा प्रारंभ हुई। कथा के दौरान परीक्षित जन्म, ध्रुव भक्त चरित्र, प्रहलाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया। कथा प्रारंभ पूर्व व्यास पीठ का पूजन राजू रजक एवं रणजीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी, कथा मार्गदर्शक डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, सुनीता मिश्रा, सरोज विश्वकर्मा, कंचन पटेल, राजकुमारी सोनी, हरिओम पटेल, कुसुम पटेल, पुष्पा सोनी, कुसुम त्रिवेदी, विमला चौबे, उषा खरे, पूजा पाण्डेय, संजय सूर्यवंशी, अंशुल यादव, राजेश सोनी, अशोक सोनी, ब्रजेश स्थापक, वर्षा साहू, कविता लालवानी एवं उमाकांत रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं शासकीय बुंदेलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के संयुक्त तत्वावधान में सी.पी.आर. एवं अन्य जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस विभाग की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला में अधीक्षण अभियंता एम.वाय. मंसूरी एवं कार्यपालन अभियंता एस.के. मुड़ा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सहायक अभियंता एम.ए. बेग एवं कनिष्ठ अभियंता जे.पी. असाटी के प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला में एम.पी. ट्रांसको एवं मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी, सागर के लगभग 100 मेंटेनेंस, ऑपरेटिंग एवं सुरक्षा कर्मियों ने सहभागिता की। मानव पुतलों एवं वीडियो के माध्यम से सी.पी.आर. का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही पानी में डूबे व्यक्ति का बचाव, शॉक की स्थिति, श्वास नली में फंसी वस्तु एवं चोट पर प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण बीएमसी, सागर के विशेषज्ञ चिकित्सकों—डॉ. सत्येंद्र उईके, डॉ. मोहम्मद इलियास, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. सौरभ जैन एवं डॉ. उमेश पटेल द्वारा दिया गया।




## हिन्दू धर्म में जनेऊ संस्कार का विशेष महत्व : आचार्य संतोष शास्त्री महाराज

**जबलपुर**। ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा द्वारा पंचमुखी हनुमान मंदिर, उखरी रोड, विजय नगर में वृहद सामूहिक यज्ञोपवीत (उपनयन) एवं कर्णछेदन संस्कार का आयोजन पूर्ण वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर जबलपुर सहित समीपवर्ती जिलों के 51 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार एवं बालक-बालिकाओं का कर्णछेदन संस्कार किया गया। कार्यक्रम में नगर पंडित सभा के महामंत्री आचार्य संतोष शास्त्री महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में जनेऊ संस्कार का विशेष महत्व है, जिसे सोलह संस्कारों में से एक माना गया है। उपनयन का अर्थ है व्यक्ति को ईश्वर और ज्ञान के समीप ले जाना। जनेऊ के तीन धागे देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक हैं। महासभा के संस्थापक पं. वीरेंद्र तिवारी, अध्यक्ष पं. मुन्नालाल दुबे, महासचिव पं. दिलीप तिवारी एवं संगठन मंत्री पं. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि यह सामूहिक कर्णछेदन संस्कार पूरे प्रदेश में अपने प्रकार का प्रथम वैदिक आयोजन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा एवं भगवान परशुराम के पूजन-अर्चन से किया गया। आयोजन में जिला कार्यकारिणी* अध्यक्ष पंडित मुन्नालाल दुबे,महासचिव पंडित दिलीप दुबे, संगठन मंत्री पंडित चंद्रशेखर शर्मा पत्रकार, पंडित बृजेंद्र उरमालिया, पंडित विनय मोहन मिश्रा, महेश स्थापक, पंडित अवधेश मिश्रा, राकेश खम्परिया, अजय तिवारी, पंडित विजय मिश्रा, पंडित सत्य प्रकाश शर्मा, पंडित रामस्वरूप उपाध्याय, दिवाकर शर्मामहिला प्रदेश कार्यकारिणीअध्यक्ष मीरा दुबे जागृति शुक्ला, मिथिलेश तिवारी, जया मिश्रा, वनिता मालवीय, पुष्पा तिवारी,सुनीता तिवारी, विभा उपाध्याय, सीमा तिवारी, संगीता तिवारी, अनीता शुक्ला, कविता पाठक, आरती मिश्रा,मीनाक्षी तिवारी, स्वाति दीक्षित, कल्पना अजीत तिवारी, संरक्षक मंडल पंडित रविंद्र वाजपेई, पंडित सुशील शुक्ला, पंडित प्रेम शंकर तिवारी, पंडित त्रिपाठी, डॉक्टर संजय गौतम, मार्गदर्शक पंडित राम दुबे, पंडित बलदेव प्रसाद त्रिपाठी, पंडित नलिन कांत बाजपेई पत्रकार, पंडित एच पी तिवारी, पंडित अतुल बाजपेई, पंडित अतुल मिश्रा, पंडित राजेश पाठक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।





## "सनातन नाइट्स" : युवाओं के लिए भजन क्लबिंग का नया अनुभव

जबलपुर। सौभाग्य लक्ष्मी ऑर्गनाइजेशन द्वारा कचनार क्लब में विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम "सनातन नाइट्स" का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं के लिए समर्पित था, जिसमें भजन क्लबिंग की नई और आकर्षक अवधारणा प्रस्तुत की गई। आयोजक टीम मंजु तिवारी, सीमा साहू, निशा यादव, सुनीता पचौरी और नम्रता तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नाइट क्लबिंग, पार्टियों और शराब जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखते हुए उन्हें भक्ति, संगीत और आध्यात्मिकता की ओर आकर्षित करना था। "सनातन नाइट्स" के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि आनंद, ऊर्जा और उत्साह केवल भौतिक मनोरंजन में ही नहीं, बल्कि भजन, कीर्तन और सनातन संस्कृति में भी समान रूप से पाया जा सकता है। कार्यक्रम में अंशुली सिंह, सुरभि तिवारी, शिवा पाठक, ईशी साहू और समृद्धि गुप्ता ने विशेष सहयोग दिया। "सनातन नाइट्स" युवाओं के लिए न केवल एक कार्यक्रम, बल्कि एक नई सोच, नया मार्ग और नया अनुभव लेकर आया।

गैलेक्सी
सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल

## एमपीपीजीसीएल कर्मचारियों को मिलेगी गैलेक्सी हॉस्पिटल में कैशलैस उपचार सुविधा

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, विजय नगर, जबलपुर को कैशलैस उपचार हेतु अधिकृत पैनल हॉस्पिटल के रूप में मान्यता प्रदान की है। इसके अंतर्गत एमपीपीजीसीएल के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके आश्रित गैलेक्सी हॉस्पिटल, उखरी तिराहा, विजय नगर में कैशलैस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। गैलेक्सी हॉस्पिटल में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा आधुनिक तकनीक के साथ जटिल से जटिल रोगों का उपचार किया जा रहा है। अस्पताल में कार्डियक केयर, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इम्प्लांटेशन, बायपास सर्जरी, जनरल सर्जरी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, न्यूरो मेडिसिन, मूत्र मार्ग सर्जरी एवं दंत रोगों की उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पात्र अधिकारी-कर्मचारी पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर कैशलैस उपचार का लाभ ले सकेंगे। साथ ही सीजीएचएस, सीएसएमए, ईसीएचएस एवं अन्य मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के लाभार्थी भी नियमानुसार कैशलैस अथवा रिइम्बर्समेंट सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। गैलेक्सी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विवेक गुप्ता ने एमपीपीजीसीएल सहित समस्त राज्य कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों से समय पर जांच, परामर्श एवं उपचार के लिए अस्पताल की अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## जायसवाल समाज महिला मंडल ने किया एक शाम समाज के नाम का आयोजन

**जबलपुर**। जायसवाल समाज जबलपुर के महिला मंडल द्वारा युवराज होटल, विजय नगर में "एक शाम समाज के नाम" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ समाज के अध्यक्ष केशव जायसवाल, राजलक्ष्मी शिवहरे, आर.एल. शिवहरे, विनिता राय एवं समारोह की अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों एवं बड़ों ने नृत्य प्रस्तुतियों से समां बांधा। "जायसवाल गॉट टैलेंट" के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं रैंप वॉक में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं ने ब्रेड से बने स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रतियोगिता के माध्यम से अपने हुनर का परिचय दिया। व्यंजन प्रतियोगिता में 50, नृत्य प्रतियोगिता में 35, जायसवाल गॉट टैलेंट में 25 एवं रैंप वॉक में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में महिला मंडल की अनेक सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।अध्यक्ष केशव जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकता को मजबूत करते हैं और लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को पुरस्कार 26 जनवरी को समाज द्वारा मदन महल रेलवे स्टेशन स्थित उत्सव भवन में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन में प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन श्वेता विशाल जायसवाल एवं राजश्री जायसवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सचिव विजय जायसवाल ने किया।




## जीवन को संतुलित करने मुनिश्री प्रमाण सागरजी ने रखे उद्गार

# बीमारी की जड़ तन नहीं मन है

जबलपुर।

स्वास्थ का संबंध केवल तन से ही नहीं, बल्कि मन और चेतना से हैश् यदि हमने मन को साध लिया तो तन अपने आप स्वस्थ रहेगा उपरोक्त उद्गार भावनायोग प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने डी.एन.जैन महाविद्यालय के विशेष पांडाल में समग्र जीवन को संतुलित करने का मार्गदर्शन देते हुये प्रातःकालीन धर्म सभा में व्यक्त किये। उन्होंने धर्म अर्थ काम, मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों की बात करते हुये कहा कि चारों के मूल में श्आरोग्यश् ही प्रमुख है,जिसका स्वस्थ शरीर इन्द्रियाँ संयत हों ,मन नियंत्रित हो तथा आत्मा प्रसन्न हो वह व्यक्ति स्वस्थ माना जाता है, मुनि श्री ने कहा जब बीमारी आती है, तो सबसे पहले तन पर प्रभाव पड़ता है, भावनाओं में विकृति तथा मन और विचार में परिवर्तन से शरीर के हार्मोन्स बिगड़ने लगते है,

जिससे विषाक्त रसायन उत्पन्न हो जाते है, मुनि श्री ने कहा कि श्बीमारी की जड़ तन नहीं मन हैश् उन्होंने आजकल युवाओं की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुये कहा कि देर रात तक मोबाईल की रील देखने में तथा आधी दोपहर तक सोने की हो गई है अनिमियत दिनचर्या से पित्त भड़कता है, जिससे अनावश्यक क्रोध, भय और चिंता सताती है, इससे ब्लड प्रेशर, अलसर आदि रोग पनपते है,तथा नकारात्मक प्रवत्तियां हावी होती है, जिससे हमारा इंम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता है, मुनि श्री ने बृह्म मुहूर्त में उठने के फायदे गिनाते हुये कहा कि यह साधना का काल कहलाता है, इससे स्मरण शक्ति मजबूत होती है। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं सुवोध कामरेड ने बताया प्रवचन के पश्चात बाल ब्र.अभय भैया आदित्य ने टेलीग्राफ ग्राउण्ड रानीताल में आगमी 30 जनवरी से 6 फरबरी तक जबलपुर शहर में प्रथम बार संस्कृत भाषा में निवद्ध श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भूमि पूजन कराया तथा मध्यान्ह में अहमदाबाद से आये निरंजन जी ने भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी वर्कशॉप के माध्यम से दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय दिगम्वर जैन युवा महासंघ तथा सकल दि. जैन समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## अशोक हॉल स्कूल में हुआ दीक्षांत समारोह




जबलपुर।

अशोक हॉल स्कूल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दीक्षांत समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के स्वागत गीत से हुई, इसके बाद कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने प्रेरक भाषण और सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अभिभावकों का मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम शाला की संस्थापिका श्रीमती अर्पिता मालपाणी, सी.ई.ओ. गंगाधरन, प्राचार्या श्रीमती आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका श्रीमती आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15445195H, RANK- SEP, NAME BHOSALE MADHAV VISHNU S/O VISHNU KISANHARI BHOSALE, OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O SOMANWADI, BEED MAHARASHTRA 431519 solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother, Aadhar card my Mother Name (UJVALA VISHNU BHOSALE) which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded (UJWALA) Which is incorrect. True and correct Name of my Mother is (UJVALA VISHNU BHOSALE) and same Name shall be corrected in my Army service Record. Above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME
(UJVALA VISHNU BHOSALE)
INCORRECT NAME-(UJWALA)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मोहम्मद सखावत कुरैशी पिता हाजी नन्हें मियां, उम्र 62 वर्ष, निवासी- म. लनं. 742/1106, मंडी मदारटेकरी, रजा चौक, जामा मस्जिद के पास, जबलपुर। मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ व जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। भारतीय पासपोर्ट क्रं. A475996 का धारक हूँ, जो कि पासपोर्ट में मेरा नाम मो. सखावत (MOHD- SAKHAVAT) दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों, आधार कार्ड, पेनकार्ड में मेरा नाम मोहम्मद सखावत कुरैशी (MOHAMMAD SHAKHAWAT QURESHI) दर्ज है। मो. सखावत (MOHD- SAKHAVAT) एवं मोहम्मद सखावत कुरैशी (MOHAMMAD SHAKHAWAT QURESHI) दोनों एक ही व्यक्ति यानि मुझ शपथकर्ता के ही नाम हैं मैं दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ। मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम मोहम्मद सखावत कुरैशी (MOHAMMAD SHAKHAWAT QURESHI) लिखा, पढ़ा, माना व अंकित किया जावे।

**सही नामः**
**मोहम्मद सखावत कुरैशी**
**गलत नामः**
**मो. सखावत कुरैशी**



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।



लाइफ Style

# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।

हॉलीवुड मसाला



# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।



# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।

टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी।' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली।



संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।

# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।



**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

*नई दिल्ली। 70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*



### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## रोचक खबरें



## सिर्फ एक रात में लिखी गई ये शैतानी किताब

**लंदन।** दुनिया की सबसे रहस्यमय किताबों में कोडेक्स गिगास का नाम सबसे ऊपर आता है। इसे डेविल्स बाइबिल भी कहा जाता है। ये किताब 13वीं सदी में बनाई गई थी और अपने विशाल आकार की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर है। करीब 90 सेंटीमीटर लंबी और 75 किलो वजनी ये किताब 160 जानवरों की खाल से बने पन्नों पर लिखी गई है। इसमें पूरी बाइबिल के साथ मेडिकल साइंस इतिहास और जादुई मंत्रों तक का जिक्र मिलता है। कहानी के मुताबिक, एक बेनेडिक्टाइन भिक्षु ने अपने नियम तोड़ दिए थे और उसे जिंदा दीवार में चुनवाने की सजा मिलने वाली थी। खुद को बचाने के लिए उसने वादा किया कि, वो एक ही रात में मानव ज्ञान से भरी किताब लिख देगा। जब ये नामुमकिन लगा तो उसने शैतान को पुकारा और अपनी आत्मा के बदले मदद मांगी। माना जाता है कि उसी सौदे की याद में किताब में शैतान की पूरी पेज की तस्वीर बनाई गई। इतिहासकार मानते हैं कि इतनी बड़ी किताब को एक रात में लिखना असंभव है। रिसर्च के मुताबिक, अगर कोई इंसान दिन-रात लिखे तब भी इसे पूरा करने में कम से कम 20 से 25 साल लगते। हालांकि, पूरी किताब एक ही लिखावट में है जो इस रहस्य को और गहरा बना देती है। माना जाता है कि, इंसानों के मन में कौतूहल पैदा करती इस किताब को कागज के पन्नों पर नहीं, बल्कि चमड़े से बने पन्नों पर लिखा गया है।

## स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए 'पिंक टैग प्रोजेक्ट' लॉन्च

**मुंबई।** फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन, न्यूज18 नेटवर्क और नॉलेज पार्टनर टाटा ट्रस्ट्स की पहल "संजीवनीः यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर" के तीसरे संस्करण में "द पिंक टैग प्रोजेक्ट" का शुभारंभ किया गया। यह पहल महिलाओं में स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए व्यवहार परिवर्तन पर आधारित एक अनूठा प्रयास है।इस परियोजना के तहत महिलाओं के कपड़ों में एक छोटा गुलाबी टैग सिलाया जाता है, जिस पर स्तन की स्वयं जांच (सेल्फ एग्जामिनेशन) की सरल जानकारी दी गई है। यह टैग महिलाओं को उनके रोज़मर्रा के सबसे निजी क्षणों में अपनी सेहत के प्रति सजग रहने की याद दिलाता है। फेडरल बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एम. वी. एस. मूर्ति ने कहा कि यह पहल दिखावटी अभियानों के बजाय संवेदनशील और सतत प्रयासों के जरिए बदलाव लाने का उदाहरण है। न्यूज18 स्टूडियोज के सीओओ श्री सिद्धार्थ सैनी ने इसे जागरूकता को आदत में बदलने वाली पहल बताया। वहीं, हडलर्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं सीईओ सुरोजित सेन ने कहा कि यह परियोजना महिलाओं के वास्तविक जीवन और समय की समझ पर आधारित है। इस पहल पर आधारित शॉर्ट फिल्म को अभिनेत्री शीबा चड्ढा ने अपनी आवाज दी है। फिल्म का निर्देशन रुक्साना तबस्सुम ने किया है। यह फिल्म संजीवनी के डिजिटल प्लेटफॉर्म, न्यूज18 नेटवर्क और चुनिंदा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।




## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# प्यासी मरने वाली है दुनिया? खतरे में 75 करोड़ लोग

वॉशिंगटन। नई वैज्ञानिक रिसर्च में सामने आया है कि दुनिया के कई हिस्सों में पीने का पानी खत्म होने का खतरा अब लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक इसे डे जीरो ड्रॉट कह रहे हैं। वह दिन जब शहरों के नल इसलिए बंद हो जाएंगे क्योंकि जलाशयों में पानी ही नहीं बचेगा. यह हालात कई जगहों पर 2020 से 2030 के बीच ही बन सकते हैं। ऐसा सोचें की अगर एक दिन आपके शहर में नल से पानी आना अचानक बंद हो जाए तो वजह कोई खराब पाइप नहीं होगी। सूख चुके जलाशय होंगे। यह चौंकाने वाला होगा. वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा दिन अब दूर नहीं है। एक स्टडी के मुताबिक डे जीरो ड्रॉट की स्थिति कई इलाकों में सामने आ सकती है।

### क्या होता है डे जीरो ड्रॉट

वैज्ञानिकों के मुताबिक डे जीरो ड्रॉट तब होता है, जब कई साल तक सूखा पड़ता है। तापमान बढ़ता है, नदियों में पानी बहुत कम हो जाता है। दूसरी तरफ पानी की मांग लगातार बढ़ती रहती है। जब इन सबका असर एक साथ पड़ता है और बड़े-बड़े जलाशय खाली होने लगते हैं। तब हालात बेहद गंभीर हो जाते हैं। बता दें कि रिसर्च में कई क्लाइमेट मॉडल का इस्तेमाल किया गया है। इनमें पाया गया कि अगर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही चलता रहा तो साल 2100 तक सूखे से प्रभावित करीब तीन-चौथाई इलाकों में ऐसा जल संकट आ सकता है, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया होगा।

## वैज्ञानिकों ने की शून्य दिवस सूखा की भविष्यवाणी



### केप टाउन से मिली थी पहली चेतावनी

साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका का केप टाउन शहर कुछ महीनों के लिए नलों का पानी बंद करने के बेहद करीब पहुंच गया था। तीन साल तक कम बारिश होने से वहां के जलाशय लगभग सूख गए थे। भारत का चेन्नई और अमेरिका का लॉस एंजिलिस भी ऐसे हालात झेल चुके हैं। यहां पर लोगों को पानी बचाने के लिए सख्त पाबंदियों का सामना करना पड़ा था।

### शहरों पर ज्यादा मार

जब पहली बार डे जीरो ड्रॉट जैसी स्थिति आएगी तब करीब 75 करोड़ लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। इनमें से लगभग 46 करोड़ लोग शहरों में रहने वाले होंगे। भूमध्यसागर वाला इलाका सबसे ज्यादा खतरे में है। जहां करोड़ों शहरी और ग्रामीण लोग पानी की कमी झेल सकते हैं। हालांकि, अफ्रीका और एशिया के कुछ ग्रामीण इलाकों में किसानों पर इसका असर पहले दिख सकता है।

### तापमान बढ़ना बड़ा कारण

वैज्ञानिकों का कहना है कि डे जीरो ड्रॉट का सीधा संबंध ग्लोबल वार्मिंग से है। रिसर्च में पाया गया कि 60 फीसदी से ज्यादा इलाकों में यह संकट तब सामने आता है जब धरती का तापमान औद्योगिक दौर से 1 से 2.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा हो जाता है। 1.5 डिग्री पर ही करोड़ों लोग पानी के बड़े संकट का सामना कर सकते हैं।

### क्या करना जरूरी है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर अभी भी उत्सर्जन कम किया जाए तो लंबे समय के खतरे को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही पानी के बेहतर इस्तेमाल बारिश का पानी जमा करने, गंदे पानी को दोबारा इस्तेमाल करने और जलाशयों का सही प्रबंधन करने की जरूरत है।



### कहां सबसे ज्यादा खतरा

स्टडी के मुताबिक सदी के अंत तक भूमध्यसागर के आसपास के इलाके, दक्षिणी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्से, भारत, उत्तरी चीन और दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में पानी की भारी किल्लत बनी रह सकती है। कई जगहों पर 2030 के तक ही डे जीरो जैसी स्थिति शुरू हो सकती है। ऐसा अनुमान है कि दुनिया के करीब 14 फीसदी बड़े जलाशय अपने सबसे खराब दौर में लगभग खाली होने की कगार पर पहुंच सकते हैं। ऐसे में पीने का पानी, खेती, बिजली और उद्योग सब पर असर पड़ने वाला है।

# चीन अकेला ढूंढ़ेगा मंगल पर जीवन, अमेरिका ने डाले हथियार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का मार्स सैंपल रिटर्न प्रोग्राम कैंसिल कर दिया गया है। इसका मतलब है कि नासा मंगल ग्रह पर जीवन के सबूत ढूंढ़ने पर आगे नहीं बढ़ेगा। इन सबूतों को इकट्ठा करने के लिए नासा के पास बजट नहीं है। इससे नासा के पर्सेवरेंस रोवर के उन सैंपल्स को इकट्ठा करने की कोशिशें खत्म हो गई हैं, जिनमें मंगल पर एलियन जीवन के सबूत हो सकते थे। अमेरिकी एजेंसी के इस दौड़ से हटने के बाद मंगल पर जीवन ढूंढ़ने के मिशन में चीन अकेला रह गया है। अमेरिकी सीनेट ने हाल ही में एक नए खर्च बिल को मंजूरी दी है। यह बिल उनके लिए झटका है, जो पर्सेवरेंस के 30 भूवैज्ञानिक नमूनों की जांच करने की उम्मीद कर रहे थे। इसमें वह नमूना भी शामिल है, जिसे नासा ने मंगल ग्रह पर अब तक मिला जीवन का सबसे स्पष्ट संकेत माना था। अब इन नमूनों के 2040 तक पृथ्वी पर आने की उम्मीद नहीं है।

**नासा का मार्स सैंपल रिटर्न**



### नासा ने बदली रणनीति

नासा ने प्रोग्राम में एक बड़े बदलाव के तहत कहा है कि वह नमूनों को लाने के लिए दो अलग-अलग रणनीतियों पर काम करेगा। इसमें एक आजमाया हुआ लैंडिंग सिस्टम होगा, जिसमें रॉकेट से चलने वाली स्काई क्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी कुल अनुमानित लागत 6.6 से 7.7 अरब डॉलर के बीच होगी। नासा ने 2026 में इस पर फैसला करने की योजना बनाई थी। द प्लैनेटरी सोसाइटी का कहना है कि 110 मिलियन डॉलर का आवंटन सैंपल रिटर्न के भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है। हालांकि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि अमेरिका अब लाल ग्रह पर जीवन की तलाश में दिलचस्पी छोड़ रहा है।

### चीन के लिए मंगल पर मौका!

अमेरिका मंगल ग्रह से सैंपल वापस लाने का सपना छोड़ देता है तो चीन के लिए कोई वहां मुकाबला नहीं बचेगा। चीन का तियानवेन-3 सैंपल रिटर्न मिशन उस जगह की तुलना में आसानी से पहुंचने वाली और कम संभावना वाली जगह से सैंपल इकट्ठा करने का लक्ष्य रखता है। जहां जीवन के संभावित संकेतों की तलाश की जा रही है। तियानवेन-3 मिशन 2028 में लॉन्च होने और 2031 में चट्टानें वापस लाने के लिए शेड्यूल किया गया है। सैंपल रिटर्न को एक रेस की तरह मान लिया जाए तो चीन अब इसे अकेले दौड़कर जीत सकता है। यह अंतरिक्ष में चीन के लिए अमेरिका पर एक बड़ी जीत की तरह होगा। हालांकि इस पर अभी कोई फाइनल बात कहना जल्दीबाजी होगी।

## रिपब्लिक डे पर मोटोरोला की फ्लिपकार्ट सेल आज से

**मुंबई।** एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने आज अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत, उपभोक्ताओं को अविश्वसनीय कीमतों में ढेरों फीचर्स से लैस 5जी डिवाइस में अपग्रेड करने का एक अवसर मिलेगा। ये ऑफर्स आज से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे। रिपब्लिक डे सेल के तहत ऐसे समय में जब पूरे उद्योग में स्मार्टफोन की कीमतों में वृद्धि देखी गई है, मोटोरोला ने अपनी पूरी रेंज में कीमतों में पैसा वसूल उत्पाद देना जारी रखा है।




## दोनों तरफ 600 मीटर गहरी खाई, बीच में पतली सड़क

**बीजिंग।** दुनियाभर में कई ऐसे खतरनाक रास्ते हैं, जिनसे होकर गुजरना मौत को दावत देने जैसा है। ऐसा ही एक खतरनाक रास्ता चीन के चोंगकिंग प्रांत में स्थित दाओबेइलियांग सड़क है। यहां गाड़ी चलाना किसी खौफनाक सपने से कम नहीं। 'चाकू की धार' जैसी इस सड़क के दोनों ओर सैकड़ों मीटर गहरी खाई है। इंजीनियरिंग की दुनिया में चीन अक्सर ऐसे कारनामे करता रहता है, जिन्हें देखकर पूरी दुनिया दांतों तले उंगलियां दबा लेती है। चाहे वो रातों-रात हॉस्पिटल की बिल्डिंग खड़ी करने की बात हो या फिर खतरनाक पहाड़ी पर चाकू की धार जैसी सड़क बनाने की. कई बार ऐसे हैरतअंगेज चीजों को देखकर लगता है कि यह सिर्फ चीन ही कर सकता है। आज हम आपको चीनी इंजीनियर्स की एक ऐसी ही मिसाल के बारे में बताने जा रहे हैं, जो चोंगकिंग प्रांत के शिजु में स्थित है। यहां का 'दाओबेइलियांग स्काई रोड चीनी इंजीनियरों के कारनामों का जीता-जागता उदाहरण है। दाओबेइलियांग का हिंदी में मतलब होता है 'चाकू की धार'। यह नाम इस सड़क के लिए बिल्कुल सटीक है, क्योंकि यह एक बेहद संकीर्ण पहाड़ की चोटी पर बनी है, जिसके दोनों तरफ लगभग 600 मीटर की सीधी और गहरी खाई है। यहां एक छोटी सी चूक का मतलब है सीधे मौत के मुंह में समा जाना। बता दें कि पहाड़ी रास्ते वैसे भी अपनी घुमावदार मोड़ों और कम दृश्यता के कारण ड्राइवरों के लिए चुनौतीपूर्ण होते हैं, लेकिन 'दाओबेइलियांग'स्काई रोड इन सबमें सबसे खतरनाक मानी जाती है।

## आईआरपीआरए-40 : देशभर के युवा रीजनल पीआर प्रोफेशनल्स सम्मानित

**इंदौर।** इंडियाज़ रीजनल पीआर अवॉर्ड्स (आईआरपीआरए)-40 अंडर 40 का चौथा संस्करण शनिवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुआ। इस मंच पर 40 वर्ष से कम उम्र के उन पीआर प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट काम, रणनीति और सोच के जरिए पब्लिक रिलेशंस इंडस्ट्री में उल्लेखनीय पहचान बनाई है।कार्यक्रम की शुरुआत "रीजनल मार्केट्स ऐज़ ग्रोथ इंजनः ब्रांड्स मेट्रो शहरों से बाहर पीआर बजट क्यों शिफ्ट कर रहे हैं" विषय पर पैनल डिस्कशन से हुई। इसमें यह उजागर किया गया कि टियर-2 और टियर-3 शहर तेजी से ब्रांड ग्रोथ के नए केंद्र बन रहे हैं और ब्रांड्स अब लोकल स्ट्रैटेजी और रीजनल पीआर नेटवर्क पर भरोसा कर रहे हैं।इस वर्ष अवॉर्ड्स पाँच प्रमुख कैटेगरीज़ में प्रदान किए गए: ब्रांड बिल्डिंग, रूरल एरिया, क्रिएटिव एंटरटेनमेंट, हेल्थकेयर कम्युनिकेशन और स्टार्टअप पीआर। कुल 20 पीआर प्रोफेशनल्स और 20 पीआर एजेंसियों को सम्मानित किया गया।




## न दुकानदार, न कैमरा, न पहरा...सिर्फ भरोसे पर चल रही है केरल की ये दुकान

**तिरुवनंतपुरम। केरल** के पय्यानूर त्रिकारिपुर बायपास रोड पर थालिचलम ब्रिज के पास एक छोटी सी दुकान है, जो आजकल चर्चा में है। इस दुकान को शुरू किया है थालिचलम के रहने वाले मुंडकुंडिल सुलैमान ने। विदेश में काम करने के बाद जब वह घर लौटे, तो उन्होंने लोगों पर भरोसा करते हुए ये दुकान खोली।

### क्या-क्या मिलता है यहां

इस दुकान में यात्रियों और आसपास के लोगों के काम की चीजें मिलती हैं। नमकीन, मिठाई, मठा यानी छाछ और कुछ स्टेशनरी आइटम। हर सामान पर दाम साफ साफ लिखा है। कोई काउंटर नहीं, कोई कैशियर नहीं। जो चाहिए उठाओ और आगे बढ़ जाओ।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291 (रायपुर /03/फरवरी 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।




## शब्द पहेली - 6115



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6114 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | वं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6125

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6124 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 दावोस में हरित ऊर्जा निवेश पर हुआ संवाद
- वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने की ग्रीन एनर्जी-3000 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

# मप्र में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा में वैश्विक सहयोग पर 'मंथन'



दावोस में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मंत्री शुक्ल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम दावोस में मप्र के नवकरणीय ऊर्जा रोडमैप, हालिया परियोजना विकास और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की ओर से अपनाई जा रही नीतियों की जानकारी दी।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की निविदा एवं खरीद प्रक्रियाएं विदेशी डेवलपर्स की भागीदारी को सक्षम बनाती हैं और ग्रीन एनर्जी-3000 जैसी वैश्विक कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। मंत्री शुक्ला ने दावोस स्थित मप्र स्टेट लाउंज में जर्मनी स्थित 'ग्रीन एनर्जी-3000' के प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एलएलसी के साथ नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर्स फेलिक्स रेंकर और एंड्रियास रेंकर मौजूद रहे। कंपनी के पदाधिकारियों ने मप्र की नवकरणीय परियोजनाओं की जानकारी ली और विचार-विमर्श किया।

### संभावित भागीदारी का मार्ग होगा प्रशस्त

*अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव की ओर से 'ग्रीन एनर्जी-3000' को हाल ही में मप्र में संपन्न निविदाओं का विवरण, जानकारी साझा की, जिससे परियोजना संरचनाओं और बोली प्रक्रियाओं की भविष्य की निविदाओं में संभावित भागीदारी का मार्ग प्रशस्त हो सके। यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को गति देने और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को सशक्त करने की दिशा में मप्र शासन के सतत प्रयासों को दर्शाती है।*

### मंत्री शुक्ला ने की पीस इन्वेस्ट कम्पनी के साथ जल-ऊर्जा परियोजनाओं पर बातचीत

*मंत्री शुक्ला ने जिनेवा स्थित पीस इन्वेस्ट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर यूसुफ मर्चेंट के साथ बैठक कर जल एवं ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास आधारित निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। पीस इन्वेस्ट संस्था ग्लोबल साउथ में प्रभावकारी निवेश के माध्यम से मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मंत्री शुक्ला ने मप्र ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों को साझा करते हुए जल एवं ऊर्जा आधारित सतत परियोजनाओं में निवेश के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने को-इन्वेस्टमेंट मॉडल से स्वच्छ ऊर्जा और जल प्रबंधन परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।*

प्रमुख सचिव सिंह की मौजूदगी में हुई अहम चर्चा

## दावोस में तकनीक और नवाचार सहयोग पर मध्यप्रदेश और इज़राइल के मध्य हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम-2026 के दौरान दावोस स्थित मध्यप्रदेश स्टेट लाउंज में मप्र शासन और इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के बीच तकनीक एवं नवाचार सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक में इजराइल इनोवेशन अथॉरिटी के चेयरमैन डॉ. एलन स्टोपेल के साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने विस्तार से विचार-विमर्श किया।

### आईआईए के चेयरमैन और मप्र के पीएस के बीच हुई अहम चर्चा

बैठक का मुख्य उद्देश्य तकनीक-आधारित आर्थिक विकास को गति देने तथा नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाओं को तलाशना रहा। चर्चा के दौरान डॉ. स्टोपेल ने इज़राइल के नवाचार-आधारित विकास मॉडल की जानकारी साझा की। विशेष रूप से क्वांटम तकनीक, शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक), रक्षा प्रौद्योगिकी, जल समाधान क्षेत्रों में इजराइल की क्षमताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इज़राइल का सशक्त अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पारिस्थितिकी तंत्र निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी और सह-निवेश मॉडल पर आधारित है, जो सार्वजनिक सहयोग को व्यावसायिक व्यवहार्यता से जोड़ता है।



### मध्य प्रदेश की परियोजनाओं और नवाचारों से कराया अवगत

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने मध्यप्रदेश में नागरिक प्रौद्योगिकी (सिविल टेक्नोलॉजी) के क्षेत्र में सरकार-से-सरकार (जी 2 जी) सहयोग, पायलट परियोजनाओं और स्टार्टअप आधारित नवाचार को प्रोत्साहित करने की राज्य की मंशा से अवगत कराया। उन्होंने भारत–इज़राइल के बीच मौजूदा सहयोग ढांचों के तहत संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश तंत्र के माध्यम से निवेश एवं औद्योगिक साझेदारियों को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में यह भी सहमति बनी कि मप्र और इज़राइल के बीच प्रौद्योगिकी पायलट, नवाचार साझेदारी और संस्थागत संपर्कों को मजबूत करने के लिए एक औपचारिक सहयोग ढांचे की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा।

मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने एचसीएल टेक के साथ निवेश पर की चर्चा

## टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मप्र में विस्तार की संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस दौरे के प्रथम दिन मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एचसीएल हाई टेक के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी से चर्चा की। चर्चा के दौरान मप्र शासन के टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में विस्तार की संभावनाओं पर संवाद हुआ। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने टियर-2 टेक्नोलॉजी हब के रूप में मध्यप्रदेश में विस्तार की संभावनाओं की जानकारी दी।

बैठक में कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट अभय चतुर्वेदी ने बताया कि कंपनी पारंपरिक आईटी केंद्रों से आगे बढ़ते हुए टियर-2 शहरों में अपने संचालन का विस्तार करने के अवसरों का आकलन कर रही है। इस संदर्भ में मप्र को एक उभरते और संभावनाशील गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है।




प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए।

### आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया

चर्चा के दौरान एचसीएल टेक की प्रमुख आवश्यकताओं पर विस्तार से विचार किया गया, जिनमें कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता, विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कनेक्टिविटी शामिल है। मध्यप्रदेश की ओर से इन सभी मानकों पर राज्य की सुदृढ़ स्थिति को रेखांकित किया गया, जिसे मजबूत नीतिगत ढांचे और निरंतर बेहतर होती अधोसंरचना का समर्थन प्राप्त है।

### रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की

मप्र शासन की ओर से बैठक में अपनी विशेष ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी, प्रतिस्पर्धी लागत लाभ और रेडी-टू-मूव-इन ऑफिस स्पेस की उपलब्धता की जानकारी साझा की। साथ ही लीज रेंटल में प्रोत्साहन, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधानों, सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रभावी क्रियान्वयन को भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में यह बताया गया कि राज्य में आईआईटी, एनआईटी, और आईआईएसईआर जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की मौजूदगी के साथ बेहतर होती जीवन गुणवत्ता, मप्र को टेक्नोलॉजी आधारित निवेश के लिए एक आकर्षक स्थान बनाती है।

### अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए पसंदीदा गंतव्य मप्र

एचसीएल टेक ने मप्र में भविष्य के टेक्नोलॉजी सेंटर्स और ऑफशोर डेवलपमेंट सेंटर्स (ओडीसी) की संभावनाओं के आकलन में गहरी रुचि व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच संयुक्त आउटरीच गतिविधियों पर भी चर्चा हुई, जिसमें प्रवासी समुदाय से जुड़ाव के माध्यम से उन वैश्विक तकनीकी पेशेवरों तक पहुंच बनाने के अवसर शामिल हैं, जिनकी जड़ें मप्र से जुड़ी हैं। आगामी चरण में संभावित विस्तार के लिए एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करने और सहयोगात्मक आउटरीच पहलों पर आगे चर्चा किए जाने पर सहमति बनी। यह संवाद मप्र की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य स्वयं को अगली पीढ़ी के टेक्नोलॉजी निवेश और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

## एआई और उभरती तकनीकों पर हुआ वैश्विक संवाद, टच लैब के साथ मध्यप्रदेश ने सहयोग पर किया विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दावोस में मप्र शासन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती डिजिटल तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग और निवेश की संभावनाओं को लेकर एआई आधारित कंपनी टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा की। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने चर्चा में राज्य की तकनीकी क्षमताओं, नीतिगत समर्थन और संभावित साझेदारी के व्यावहारिक पहलुओं पर संवाद किया।

बैठक में टच लैब कंपनी के प्रतिनिधियों ने एआई आधारित उन्नत तकनीकी समाधानों को लेकर अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए बताया कि कंपनी का विस्तार यूनाइटेड किंगडम, टोक्यो और संयुक्त राज्य अमेरिका तक है। कंपनी ने बताया कि वे आगामी वैश्विक एआई समिट में भागीदारी कर रहे हैं। प्रमुख सचिव सिंह ने बताया कि मप्र एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में चरणबद्ध और यथार्थवादी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राज्य में उपलब्ध किफायती और विश्वसनीय विद्युत अधोसंरचना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह डेटा सेंटर और कंप्यूट-इंटेंसिव संचालन के लिए एक आधार प्रदान करती है। उन्होंने नाट्रैक्स को राज्य की एक विशिष्ट तकनीकी परिसंपत्ति बताते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव टेस्टिंग और वैलिडेशन ट्रैक होने से यह एडवांस्ड मोबिलिटी, एआई आधारित परीक्षण और अगली पीढ़ी की तकनीकी एप्लिकेशंस के लिए वास्तविक उपयोग-आधारित अवसर उपलब्ध कराता है।




टच लैब कंपनी के सलाहकार हर्वे कौराए से चर्चा करते प्रमुख सचिव सिंह।

### वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद

टच लैब ने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी तकनीक के संभावित उपयोग में रुचि व्यक्त की। यह रुचि मप्र की एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) और डिजिटल इनोवेशन से जुड़ी समर्पित नीतियों के अनुरूप है। दोनों पक्षों के बीच एआई केंद्रित पायलट परियोजनाओं, इको सिस्टम पार्टनरशिप और मप्र में तकनीक आधारित पहलों की संभावनाओं पर आगे भी संवाद जारी रखने पर सहमति बनी। यह संवाद दावोस में मध्यप्रदेश की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसके तहत राज्य वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ व्यावहारिक संवाद के माध्यम से एआई और डीपटेक जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसर तलाश रहा है।

### एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन

बैठक में शिक्षा और अनुसंधान आधारित सहयोग पर भी चर्चा हुई, जिसमें एसएमई की भागीदारी और एप्लाइड इनोवेशन को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रमुख सचिव सिंह ने राज्य के स्टार्ट-अप इको सिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि मप्र में छह हजार से अधिक पंजीकृत स्टार्ट-अप सक्रिय हैं, जो नई तकनीकों के पायलट प्रोजेक्ट, परीक्षण और सह-विकास के लिए सहयोगी वातावरण प्रदान करते हैं।

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में आज होगी कैबिनेट बैठक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्री परिषद की बैठक आज आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय, महानदी भवन में होगी। बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार की विभिन्न योजनाओं, नीतिगत निर्णयों और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर मंत्री परिषद विचार-विमर्श कर सकती है। बजट से पहले होने वाली इस बैठक को खास माना जा रहा है, जिसमें विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर अहम निर्णय लिए जा सकते हैं।

डॉक्टरों ने किया जटिल ऑपरेशन, शरीर से निकाले दोनों तीर, पुलिस कर रही मामले की जांच

## आपसी विवाद के चलते बेटे ने मारे पिता को तीर, घायल अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में बीती रात सुकमा से एक ग्रामीण को गंभीर अवस्था में लाया गया। बताया गया कि उसके बेटे ने आपसी विवाद के चलते उसे दो तीर मार दिए थे। सुकमा में पर्याप्त उपचार न मिल पाने के कारण उसे मेकाज रेफर किया गया था, जहां हड्डी रोग विशेषज्ञों ने देर रात बड़ी सावधानी से दोनों तीरों को निकालते हुए मरीज को जीवनदान दिया। तीर से घायल पिता का सफल ऑपरेशन सुकमा जिले में घरेलू विवाद के दौरान एक पुत्र ने अपने पिता पर तीर चला दिए। एक तीर जांघ में धंस गया, जबकि दूसरा कलाई के पास घुसकर हाथ की महत्वपूर्ण नस (नर्व) को दबा रहा था। स्थिति गंभीर होने के कारण घायल को सुकमा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन समय पर उपचार न मिलने पर जान का खतरा बढ़ गया था। घायल को तत्काल मेकाज रेफर किया गया। तत्परता से शुरू हुआ उपचार रात्रि लगभग 2 बजे मेकाज में आर्थोपेडिक्स विभाग की टीम ने तत्परता से उपचार शुरू किया।



सहायक प्राध्यापक डॉ. आदित्य कौशिक ने विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत पाल के मार्गदर्शन में जटिल शल्य प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। चिकित्सकीय जांच में रोगी हेमोडायनामिक रूप से अस्थिर नहीं था, लेकिन कलाई में धंसा तीर नस पर दबाव बनाए हुए था, जिससे स्थायी नर्व डैमेज का गंभीर खतरा था।

### नसों के समीप घातक हो सकती हैं चोटें

विशेषज्ञता से बचाई नस की कार्यक्षमता टीम ने बड़ी सावधानी और विशेषज्ञता के साथ दोनों तीरों को सुरक्षित रूप से निकाला। विशेष रूप से कलाई में की गई सटीक प्रक्रिया से हाथ की नस को होने वाली संभावित क्षति को समय रहते रोक लिया गया। इस जटिल ऑपरेशन में डॉक्टरों ने विशेष सावधानी बरती, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न हुई। चिकित्सकों के अनुसार, नसों के समीप ऐसी चोटें अत्यंत घातक हो सकती हैं। मध्य रात्रि में त्वरित निर्णय, अनुभवी हाथों और समन्वित टीमवर्क के कारण यह जीवन-रक्षक उपचार संभव हो पाया। वर्तमान में रोगी की स्थिति स्थिर है और हाथ की कार्यक्षमता सुरक्षित रहने की उम्मीद है।

ओबीसी-एससी-एसटी की आम सभा

## ओबीसी के लिए 27% आरक्षण कृपा नहीं, हमारा अधिकार है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित आम सभा में प्रदेश सरकार से ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण को शीघ्र बहाल करने की स्पष्ट मांग की गई। सभा में अपना दल एस के डॉ. अतुल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों को वर्षों से अधर में रखा गया है, जो सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर रिक्तियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिखाती है, वहीं दूसरी ओर 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर देना ओबीसी समाज के साथ अन्याय है।



डॉ. अतुल ने कहा कि, 27 प्रतिशत आरक्षण कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकार है। हम किसी का हक़ नहीं मार रहे बल्कि अपने हक़ की मांग कर रहे हैं।

भारत ने प्रत्येक वैश्विक मंच पर स्थापित की अपनी साख, मध्यांचल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया मध्यांचल उत्सव-2026

## मप्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं हैं उपलब्ध

- ***21वीं सदी भारत की होगी स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी भी हो रही है***
- ***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के छात्रों को किया संबोधित***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की यह भविष्यवाणी कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज साकार होती दिखाई दे रही है। प्रत्येक वैश्विक मंच पर भारत ने अपनी साख स्थापित की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हैं। भारत आज विश्व का नेतृत्व करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो विश्व का सबसे युवा लोकतांत्रिक देश है और प्रधानमंत्री मोदी प्रभावी रूप से इस युवा लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शंकरलाल सभागार में मप्र के अध्ययनरत छात्रों के संगठन मध्यांयल स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित मध्यांचल उत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे। मध्यांचल उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया। उन्होंने कहा कि मप्र के कोने-कोने से आए युवा संगठित होकर दिल्ली में अध्ययन कर रहे हैं, यह प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं से हुई भेंट ने उनकी दिल्ली यात्रा को सार्थक बना दिया है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने मध्यप्रदेश के छात्रों को संबोधित किया।

### मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिलः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश के सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं के साथ है। युवाओं को सक्षम बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निवेश, उद्योग और रोजगार के लिए सभी प्रकार की अनुकूलताएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा हमारा लक्ष्य है कि मप्र का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनें।

### रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र बिजली सरप्लस स्टेट है और रिन्यूएबल एनर्जी में सबसे कम दर पर बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, जिसकी दर मात्र 2 रुपये 10 पैसे है, जो कि देश में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का मेट्रो मप्र की बिजली से चल रही है। राज्य में माइनिंग सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है और जैव विविधता के मामले में भी प्रदेश अग्रणी है। भोपाल के बड़े तालाब में शिकारे चलाए जा रहे हैं और फिल्म व पर्यटन नीति के माध्यम से निवेशकों व युवाओं को विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मध्यांचल छात्र संगठन को इस विशेष आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी छात्र इसी प्रकार संगठित होकर सकारात्मक कार्य करते हुए प्रदेश व देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

### मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल

मध्यांचल उत्सव में श्याम टेलर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मप्र की प्रगति की गति दोगुनी हुई है। मां नर्मदा का प्रवाह और बाबा महाकाल मप्र की पहचान हैं। दिल्ली में अध्ययनरत युवाओं की ओर से प्रदेश की कला-साहित्य-शालीनता और सभ्यता के संगम के रूप में आयोजित मध्यांचल उत्सव का आयोजन सराहनीय पहल है। मप्र के युवाओं ने कभी भी अलगाव के विचार से कार्य नहीं किया। सदैव सहयोगात्मक व्यवहार ही उनकी पहचान रहा। कार्यक्रम को राजनिति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेखा सक्सेना और दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चर कॉउंसिल के संचालक अनूप लाखर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्ली में अध्ययनरत छात्र उपस्थित रहे।

# वनडे की हार का बदला लेने उतरेगा भारत, सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर फोकस

## नागपुर में आज शाम 7 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नागपुर

पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार 21 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे, जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी।

सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी, जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा।

### भारत ने जीते 25 में से 18 मैच

लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है।



### सूर्यकुमार ने 19 मैचों में बनाए केवल 218 रन

इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### तिलक की जगह श्रेयस को मौका

किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है।

### टी20 श्रृंखला में पंड्या-बुमराह की वापसी

टी20 श्रृंखला में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी वापसी होगी, जिन्हें वनडे श्रृंखला में विश्राम दिया गया था। पंड्या अपने कौशल से टी20 टीम में संतुलन लाते हैं और उनकी मौजूदगी का मतलब है कि टीम प्रबंधन एक अतिरिक्त विशेषज्ञ खिलाड़ी को खिलाने का जोखिम उठा सकता है। वरुण चक्रवर्ती टीम के तुरुप का इक्का होंगे, जिनके खिलाफ न्यूजीलैंड ने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं।

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फाउल्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी, क्रिस्टियन क्लार्क।

## खबर संक्षेप



### तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे प्रज्ञानानंदा

**स्टावेंजर।** भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । उन्होंने कहा,' नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारुप।' नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा,' प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा।' प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारुप में पहली बार हराया। इसी साल वह शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

### बीसीसीआई ने किया आईपीएल के लिए जेमिनी से करार

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रुपए का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया,'यह करार तीन साल के लिए है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है।' बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिए नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रुपए के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना।

### यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया



**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः सिनर ने एरिना को हराया, खिताबी हैट्रिक के लिए अभियान की शुरुआत

# सिनर और कीज ने दिखाई चैंपियन वाली झलक, दूसरे राउंड में शानदार एंट्री

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की। विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, 'मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था।' सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।



### कीज ने ओलेक्सांद्रा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, 'मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।' कीज ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया।



### दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हारी

इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।

### शेल्टन ने किया दूसरे दौर में प्रवेश

बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच



गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे। आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में एलियट स्पिज़िरी भी शामिल हैं, जिन्होंने 19 वर्षीय ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका को 6-4, 2-6, 6-1, 6-2 से हराया। करेन खाचानोव और सेबेस्टियन बाएज़ भी दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

## अच्छी चुनौती के बाद हारी पूनाचा-इसारो की जोड़ी, टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे। युगल स्पर्धा में भारत की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उन्हें 10वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट (पूर्व विश्व नंबर एक लेटन हेविट के बेटे) से होगा। सुमित नागल की रैंकिंग में 2025 के सत्र में काफी गिरावट के कारण पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

## सानिया ने किया महिला खिलाड़ियों के लिए 'द नेक्स्ट सेट' लॉन्च

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने 'द नेक्स्ट सेट' नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है, जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से एक समर्पित सहायता प्रणाली तक सहजता से पहुंच बनाना होगा, जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट आदि शामिल होंगे, जो पूरे सत्र में खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट में यात्रा कर सकते हैं ताकि पूरे सत्र में निरंतर तैयारी और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के तहत सानिया की अकादमी में उनके नेतृत्व में विशेष टेनिस शिविर और कोचिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्रदर्शन के तकनीकी, रणनीतिक, शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा। सानिया ने कहा, 'द नेक्स्ट सेट' मेरे लिए बेहद व्यक्तिगत है।



### ब्रैसवेल की चोट बढ़ाएगी कीवी टीम की टेंशन, क्लार्क रहेंगे स्क्वॉड का हिस्सा

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'माइकल टीम के साथ नागपुर गए हैं लेकिन टी20 श्रृंखला से पहले कम समय बचा है, इसलिए हमें उनकी फिटनेस पर जल्द ही गौर करना होगा।' वाल्टर ने यह भी पुष्टि की कि तेज गेंदबाज क्रिस्टियन क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस श्रृंखला के पहले तीन मैचों के लिए हमारे पास पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प हों और क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे पर टीम के साथ थोड़ा और समय बिताने का यह एक शानदार अवसर है। वाल्टर ने कहा, 'ब्रैसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी।

## डब्ल्यूपीएल में वैष्णवी की सरप्राइज एंट्री, डेब्यू मैच में मचाई थी सनसनी

### चोटिल कमलिनी की जगह मुंबई की टीम में मिला मौका



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की, जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने कहा, 'वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी।' वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

## अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया जादरान-रसूली की रिकॉर्ड साझेदारी

**दुबई।** इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर नाबाद 87 रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए। इन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की तरफ से तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। इससे अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेस्टइंडीज नौ विकेट पर 143 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से क्विंटिन सैम्पसन (30) और गुडाकेश मोती (28) ने कुछ योगदान दिया लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 19 रन देकर दो और मुजीब उर रहमान 29 रन देकर दो विकेट लिए। यह श्रृंखला अगले महीने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है, जिसके लिए वेस्टइंडीज ने अभी तक अपनी टीम को अंतिम रूप नहीं दिया है।



## जोबर्ग सुपर किंग्स की पार्ल रॉयल्स पर आसान जीत, प्लेऑफ में एंट्री



**पार्ल।** ल्यूस डु प्लोय के तूफानी अर्धशतक और प्रेनेलन सुब्रायन के तीन विकेट की बदौलत जोबर्ग सुपर किंग्स ने पार्ल रॉयल्स पर 44 रन की आसान जीत के साथ एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली। डु प्लोय ने 27 गेंदों में 54 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी से सुपर किंग्स ने पांच विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में रॉयल्स की टीम दबाव में बिखर गई तथा लहुआंद्रे प्रिटोरियस के 25 गेंदों में 32 रन और डैन लॉरेंस के 45 रन के बावजूद 18.1 ओवरों में मात्र 122 रन पर ऑल आउट हो गई। सुपर किंग्स की तरफ से दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर सुब्रायन ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नंद्रे बर्गर (29 रन देकर दो) और इमरान ताहिर (17 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ग्रुप चरण के बाद 28 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और उसकी टीम बुधवार को पहले क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर काबिज प्रिटोरिया कैपिटल्स (24 अंक) से भिड़ेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली रॉयल्स की टीम गुरुवार को सेंचुरियन में होने वाले एलिमिनेटर में फिर से सुपर किंग्स से भिड़ेगी।




हाईकोर्ट ने निरस्त की अफगानी युवक की याचिका

# बिना वीजा भारत में रहने का अधिकार नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अफगानी युवक की याचिका निरस्त कर दी। याचिका में वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध ठहराव के आरोप में भारत सरकार द्वारा जारी लीव इंडिया नोटिस को चुनौती दी गई थी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने साफ किया कि याचिकाकर्ता को बिना वीजा भारत में रहने का अधिकार नहीं है। दरअसल, अफगानी युवक सैयद राशिद 2019 में वीजा पर भारत आया था और भोपाल के एक निजी विश्वविद्यालय से एमए की पढ़ाई कर रहा था। कोरोना काल और महामारी के कारण उसे वीजा विस्तार मिला और 2022 में उसने कोर्स पूरा भी कर लिया। इसके साथ ही सैयद राशिद ने छात्र वीजा रहते हुए विश्वविद्यालय में नौकरी भी शुरू कर दी, जबकि उसका रोजगार वीजा कभी स्वीकृत नहीं हुआ था। सरकार ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अफगानी युवक का वीजा 24 मार्च 2024 तक बढ़ाया। लेकिन उसके बाद भी याचिकाकर्ता भारत में बना रहा। भोपाल के डिप्टी कमिश्नर ने आठ जनवरी,



2025 को आवेदक को लीव इंडिया नोटिस भेजकर एफआइआर दर्ज कराई। जिसे चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि यूएनएचसीआर (संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग ) से शरणार्थी का दर्जा मिलना भारतीय वीजा कानून से छूट नहीं देता और बिना वैध वीजा भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं बनता। वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भारत में रुकना विदेशी अधिनियम 1946 की धारा-14 का उल्लंघन है। लिहाजा, प्रशासन द्वारा जारी लीव इंडिया नोटिस और एफआइआर वैध है।

*हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी को जारी किए नोटिस*

## जनहित याचिका में 2025 में प्रदेश में 54 बाघों की मौत का आरोप

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर दावा किया गया है कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है। इस पर नियंत्रण हो और इसकी जांच होनी चाहिए। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार के साथ नेशनल टाइगर कंज़र्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

भोपाल के वन्य प्राणी कार्यकर्ता अजय दुबे ने याचिका दायर कर बताया कि पूरी दुनिया में कुल 5,421 बाघ हैं, जिनमें से 3,167 भारत में पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश में ही 785 टाइगर मौजूद हैं। इस कारण मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी और अधिवक्ता अलका सिंह ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है। दलील दी गई कि वर्ष 1973 में शुरू हुए प्रोजेक्ट टाइगर के बाद यह पहला मौका है जब किसी एक राज्य में एक ही वर्ष में इतने अधिक बाघों की मौतें हुई हैं। मौतों के पीछे पोचिंग, करंट, रेल हादसे और रहस्यमयी घटनाएं शामिल हैं। इनकी जांच की जानी चाहिए।।

### हर साल बढ़ रही मौतों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| 2021 | : | 34 मौतें |
| 2022 | : | 43 मौत |
| 2023 | : | 45 मौतें |
| 2024 | : | 46 मौतें |
| 2025 | : | 54 मौतें |

यात्री ट्रेनों में स्टाफ की वर्दी में लगेगा क्यूआर कोड

## खाद्य पदार्थों के मनमाने दामों पर लगेगी लगाम

**जबलपुर।** अब ट्रेनों में कोई भी वेंडर खाद्य सामग्री के निर्धारित दाम से अधिक वसूली नहीं कर पायेगा। रेलवे टूरिज्म कार्पोरेशन ने वेंडर्स की यूनिफार्म में क्यूआर कोड लगाने की व्यवस्था निर्धारित की है। रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानरकरी के अनुसार इंडियन रेलवे कैटरिंग एवं टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) वेंडर्स की यूनिफॉर्म में क्यूआर कोड लगाने की नई व्यवस्था करने जा रहा है।इस नई व्यवस्था के लागू होने से यात्री वेंडर की वर्दी पर लगे क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर सकेंगे। स्कैन करते ही यात्रियों को खाने-पीने की वस्तुओं की वास्तविक कीमत और लिस्ट आसानी से दिखाई दे जाएगी।

### यात्रियों को मिलेगी राहत

गौरतलब है कि रेलवे बोर्ड और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों में खान-पान व्यवस्था में धांधली और मनमाने रेट वसूलने संबंधी हजारों शिकायतें लगातार पहुंचती थीं। कई बार खराब खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने की भी शिकायतें आती थीं, जिनमें से कई का निराकरण होता था और कई लंबित रह जाती थीं। यात्रियों को इन समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए ही क्यूआर कोड व्यवस्था लागू की गई है। इससे यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि लंबी दूरी की हजारों ट्रेनों में पैंट्री कार के माध्यम से यात्रियों की मांग के अनुसार खाद्य पदार्थों की आपूर्ति की जाती है।

### बमबाजी की वारदात में 1 युवक घायल

**जबलपुर।** घमापुर थाना क्षेत्र में रोड पर खड़े एक युवक से गालीगलौज कर बदमाशों ने सुअरमार बम पटक दिए, जिससे युवक की आंख व नाक में चोटें आ गई है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा आटा चक्की के सामने घमापुर निवासी 26 वर्षीय पुष्पेंद्र बिनोदिया गत रात लगभग 10.30 बजे आशा आटा चक्की रामश्याम की दुकान के पास रोड़ पर राजा के साथ खड़ा था उसी समय तोता रजक आया और उसे गालियां देने लगा, मना करने पर शनि रजक, नीरज रजक ने दो सुअरमार बम फैंके जो राम श्याम की दुकान की शटर, दरवाजे में लगा और छर्रे लगने से उसके नाक एवं आंख के नीचे चोटे आ गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 3(5) बीएनएस तथा 3, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अमानत में ख्यानत, कार लेकर ड्राईवर फरार

**जबलपुर।** गोरखपुर थानाक्षेत्र सेठीनगर में दीदी के यहां जाने का कहकर एक आरोपी ड्राईवर ने कार मालिक से कार ली और वापस मांगने पर आनाकानी करने लगा। पुलिस ने कार न लौटने वाले ड्राईवर के विरूद्ध अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेठीनगर पानी की टंकी के पास गोरखपुर निवासी 46 वर्षीय राजभान जायसवाल ने लिखित शिकायत में बताया कि ड्राइवर की आवश्यकता होने पर करीब तीन माह पूर्व उन्होंने ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था। अगले ही दिन कटनी निवासी योगेश वर्मा पिता तुलसीदास वर्मा ने नौकरी के लिए संपर्क किया। बातचीत के बाद योगेश को 11 हजार रुपये मासिक वेतन पर रखा गया। काम पर रखने से पहले योगेश ने सुरक्षा के तौर पर अपना आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जमा कराया था। रहने के लिए राजभान ने अपने घर के पास ही कमरा भी दिलवाया।

शिकायतकर्ता के अनुसार योगेश लगभग एक माह तक उनकी मारुति सुजुकी ऑल्टो (एमपी 20 टीए 1802) चलाता रहा। दिनांक 15 नवंबर 2025 की शाम करीब 6 बजे योगेश ने दीदी के यहां जाने की बात कही। ऑल्टो की चाबी उसने वापस कर दी, लेकिन किराने की दुकान के गेट के पास रखी मारुति सुजुकी शिफ्ट डिजायर (एमपी 20 जेडए 5698) की चाबी लेकर कार सहित चला गया।

कुछ दिन इंतजार के बाद भी जब कार वापस नहीं आई तो पूछताछ करने पर योगेश ने रांझी में दीदी के यहां होने की बात कही। इसके बाद शिकायतकर्ता के मोबाइल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के फास्टैग से टोल कटने के मैसेज आने लगे। पहले शहपुरा टोल, जबलपुर और फिर 12 दिसंबर 2025 को अहमदाबाद के एक टोल नाके से राशि कटने का संदेश मिला। संपर्क करने पर आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया।

कार वापस न लौटाए जाने पर थाना गोरखपुर पुलिस ने आरोपी योगेश वर्मा निवासी बाल गंगाधर तिलक वार्ड, पन्ना मोड़, मुड़वारा जिला कटनी के खिलाफ धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरेगी स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर नांदेड़ में 24 एवं 25 जनवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रमों के मद्देनज़र रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे से भी गुजरेगी। गाड़ी संख्या 04524/04523 चंडीगढ़–हजूर साहिब नांदेड़–चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल ट्रेन (02-02 ट्रिप), गाड़ी संख्या 04524 चंडीगढ़–हजूर साहिब नांदेड़ स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 एवं 24 जनवरी 2026 को, चंडीगढ़ से सुबह 05:40 बजे प्रस्थान कर, रात 19:50 बजे बीना जंक्शन, 21:50 बजे भोपाल जंक्शन एवं 23:25 बजे इटारसी जंक्शन पर आगमन कर और दूसरे दिन दोपहर 13:30 बजे हजूर साहिब नांदेड़ पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04523 हजूर साहिब नांदेड़-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन दिनांक 25 एवं 26 जनवरी 2026 को हजूर साहिब नांदेड़ से रात 21:00 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन दोपहर 12:15 बजे इटारसी जंक्शन, 14:00 बजे भोपाल जंक्शन एवं सायं 16:10 बजे बीना जंक्शन पर आगमन कर और तीसरे दिन सुबह 08:00 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

लापता राशन दुकानों को कैसे हो गए नोटिस तामील!

## हजारों क्विंटल अनाज की गड़बड़ी!

हरिभूमि जबलपुर।

हजारों क्विंटल अनाज की हेराफेरी के मामले में ऐसी लापता दुकानों पर नोटिस तामीली के बाद अब दंड निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही हैं जिन दुकानों का शासकीय रिकार्ड में कोई अता-पता ही नहीं था। मामला उन राशन दुकानों का जिनका आस्तित्व महज कागजों पर था। इसकी सुध जिले के शीर्ष प्रशासनिक कार्यालय की जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति शाखा ने तब ली जब करीब डेढ़-दो साल से बंद इन राशन दुकानों के पोर्टल में स्टॉक नजर आया जबकि वास्तविकता में न तो दुकानें आस्तित्व में थी न हीं उनमें राशन मिला। हैरानी की बात ये रही कि जिन दुकानों का आस्तित्व ही नहीं था उनको नोटिस भी जारी हो गए और तामील भी हो गए यही नहीं जिला आपूर्ति नियंत्रक की मानें तो आरोपी राशन दुकानदारों और अन्य के खिलाफ अब दण्ड निर्धारण की प्रकिया चल रही हैं। ज्ञात हो कि जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा इन 17 राशन दुकानदारों को नोटिस जारी कर राशन का हिसाब मांगा गया था।

### आस्तित्वहीन दुकानों से हो गई गड़बड़ी

दरअसल पूरा मामला गरीबों के हक के हजारों क्विंटल राशन की हेराफेरी से जुड़ा हुआ हैं। महज कागजों में जिन राशन दुकानों का आस्तित्व था उनमें पोर्टल में राशन दिखाई देने और वास्तव में गायब हो जाने पर यह राशन कहां गया, इसकी जानकारी दुकानदारों को अरसे पूर्व जारी नोटिस में देकर एक सप्ताह के भीतर जानकारी देने की बात कहकर विभाग भूल गया कि कोई नोटिस जारी किया गया। इस मामले में यह भी बताया जा रहा है कि जिन दुकानों के पोर्टल में यह अनाज दिखाई दे रहा, अब उन दुकानों का अस्तित्व ही नहीं हैं। तो यह भी सवाल उठता है कि जब दुकानें अस्तित्व में नहीं हैं तो फिर नोटिस किसे जारी किया गया और तामील किसने किया।

### ये है मामला

सूत्रों से मिली जानकारों के अनुसार अब तक की सर्वाधिक विवादित रहीं पूर्व जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो बकई ने 17 अप्रैल 2025 को सभी एएसओ व जेएसओ को पत्र लिखकर शहर की करीब 17 दुकानों की जांच के निर्देश दिए थे। इस पत्र में यह भी कहा गया था कि कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा विगत कई महीनों से दुकान खोलकर हितग्राहियों को राशन सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा, जबकि एईपीडीएस पोर्टल पर उक्त दुकानों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक नजर आ रहा है, जिसके चलते इन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाना जरूरी है। इन राशन दुकानों में राशन दुकान क्रमांक 3316090, 3316091, 3316088, 3316093, 3316095, 3316096, 3316097, 3316100, 3316115, 3316176, 3316182, 3316185, 3316186, 3316201, 3316419, एवं दुकान क्रमांक 3304079 शामिल थीं। अप्रैल में नोटिस जारी कर भूले विभाग को विगत वर्ष अक्टूबर नवंबर माह में याद आया कि ऐसा कोई मामला था। आनन-फानन में नोटिस जारी ही नहीं हुए तामील भी हो गए।

### जांच दल में इन्हें किया था शामिल

बताया जाता है कि इन 17 दुकानों की जांच के लिए एक जांच दल भी गठित किया गया था जिसमें जिला आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय में पदस्थ श्रीमती सीमा बोरसिया, श्रीमती नीलम उपाध्याय, श्रीमती आभा शर्मा, सिद्धार्थ राय व पल्लवी जैन, श्रीमती वसुंधरा पेन्ड्रो, कुंजन सिंह मिश्रा, श्रीमती भावना तिवारी और रोशनी पांडेय को शामिल किया गया था। इन दुकानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है कि जब साल भर से दुकानें ही नहीं खुलीं तो पोर्टल में दर्ज राशन कहां गया। एक सप्ताह में जवाब देने का समय दिया गया था।

### चल रही दण्ड निर्धारित करने की प्रक्रिया

हाँ यह बात सत्य हैं कि दुकानों का कोई पता नहीं था यानि दुकानें आस्तित्व विहीन थी लेकिन सभी राशन दुकानदारों के ही नाम थीं जिनके नंबरों पर संपर्क कर कार्यालय बुलाकर नोटिस तामील कराए गए, अब दण्ड निर्धारित किए जा रहे हैं।

**प्रमोद मिश्रा**, जिला आपूर्ति नियंत्रक

शराब तस्करों ने गले लगाकर घोंप दिया चाकू, मौत

## रांझी मानेगांव में हत्या, 1 गिरफ्तार

**जबलपुर।** जबलपुर शहर में चाकूबाजी के मामलें थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार जारी इन वारदातों में मंगलवार की सुबह एक ओर वारदात जुड़ गई, जब रांझी थाना अतंर्गत मानेगांव इंद्रानगर आवास क्षेत्र में घर के सामने गालीगलौज से रोकने पर एक युवक को गले लिपटकर उसे चाकू मारकर मौत की नींद सुला दिया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनमें से एक को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है और दूसरे की तलाश है। बताया जाता है कि वारदात करने वाले एक आरोपी के घर में मृतक के मित्रों द्वारा तोड़फोड़ की गई, जिससे वहां खड़ी गाड़ियों को भी क्षति पहुंचाई गई हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रांझी मानेगांव इंद्रानगर आवास में मंगलवार को पूर्वान्ह लगभग 9 बजे 25 वर्षीय आयुष सोनकर उर्फ रीतेश के घर के बाहर अवैध शराब के कारोबार में लिप्त राजू सोनकर तथा लड्डू बावरिया एक्टिवा मोपेड से पहुंचे और फिर गालीगलौज करने लगे। शोर सुनकर आयुष घर के बाहर निकला और उसने राजू व लड्डू को गालीगलौज से रोका। बताया जाता है कि इस पर आरोपी आयुष उर्फ रीतेश के पास पहुंचे और पहले गले लगाया और फिर पास रखा चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में लहुलुहान होकर युवक वहीं मौके पर गिर पड़ा और यहां दोनों आरोपी भाग निकले। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार शोर सुनकर वे बाहर निकले और आरोपियों का पीछा भी किया, परंतु वे अपना दोपहिया मौके पर छोड़कर भागने में सफल रहे। यहां घायल युवक को उसके परिजन रांझी अस्पताल और फिर विक्टोरिया लेकर पहुंचे, परंतु यहां उचित उपचार न मिलने पर चौथा पुल स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### आरोपी के घर पर तोड़फोड़

आयुष की मौत की खबर मिलने के बाद उसके कुछ मित्रों ने वारदात में लिप्त लड्डू बाल्मीक के घर पर पथराव किया और इस दौरान मौके पर खड़ी एक कार, बाईक व एक्टिवा में तोड़फोड़ की।

### एक आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने सूचना मिलने पर मृतक के शव को पीएम के बाद शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर हत्या का मामला दर्ज किया। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लड्डू बाल्मीक को गिफ्तार कर लिया गया है तथा दूसरे आरोपी राजू सोनकर की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी के मुताबिक दोनों आरोपी अवैध शराब का कारोबार करते है और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के कई मामलें भी दर्ज हैं।

मूंग घोटाले में फंसे किसान आज रक्त से लिखा ज्ञापन सौंपेंगे कलेक्टर के नाम

# क्या किसानों का खून दिला पाएगा न्याय?

हरिभूमि, जबलपुर।

ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन के दौरान हुए घोटाले में पीड़ित किसानों की पीड़ा अब चरम पर पहुंच गई है, लेकिन जिला प्रशासन अब तक मौन बना हुआ है। एक सप्ताह पूर्व किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि उनका भुगतान नहीं किया गया या अनाज वापस नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। बावजूद इसके प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसी के विरोध में बुधवार को पीड़ित किसान शहपुरा अनुविभागीय कार्यालय (राजस्व) पहुंचकर अपने रक्त से लिखा ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपने जा रहे हैं। अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या किसानों का खून ही उन्हें न्याय दिला पाएगा? उल्लेखनीय है कि जबलपुर के मजीठा स्थित एमएलटी वेयरहाउस में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की खरीदी के दौरान करीब 1800 क्विंटल अनाज के घोटाले का मामला सामने आया था। इस मामले में वेयरहाउस संचालक, खरीदी समिति सहित अन्य को दोषी मानते हुए तत्कालीन कलेक्टर ने भेड़ाघाट थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस घोटाले में करीब 100 किसानों को संदिग्ध मान लिया गया, जिसके चलते अब तक उनका भुगतान नहीं हो सका। बीते चार महीनों से किसान कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन न तो भुगतान मिला और न ही कोई स्पष्ट जवाब। अब किसानों का सब्र जवाब दे चुका है। समाजसेवी अभय सिंह बेलखेड़ा ने कहा कि इस पूरे मामले में किसानों की कोई गलती नहीं है। यदि किसान दोषी हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई? जिला उपार्जन समिति के भ्रष्ट अधिकारियों ने किसानों को संदिग्ध बताकर स्वयं को बचाने का प्रयास किया है। हमारी मांग है कि या तो किसानों को उनकी उपज का भुगतान किया जाए या फिर शासन के कहने पर दिया गया अनाज वापस किया जाए। इन्हीं मांगों को लेकर आज एसडीएम शहपुरा को ज्ञापन सौंपा जाएगा।




### सोशल मीडिया पर भी उबाल

मूंग घोटाला और किसानों की दुर्दशा इन दिनों सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई है। पीड़ित किसान रोज़ाना मीम बनाकर अपनी पीड़ा सोशल मीडिया के माध्यम से सामने ला रहे हैं। इन मीम्स में उन अधिकारियों के चेहरों का भी ज़िक्र किया जा रहा है, जो घोटाले के समय चर्चा में रहे थे। हालांकि अब कुछ अधिकारी यह कहते नज़र आ रहे हैं कि जिन दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है, उनकी जमीन-जायदाद कुर्क कर किसानों का भुगतान किया जाएगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल अब भी अनुत्तरित है—किसानों को भुगतान आखिर कब मिलेगा? बताया जा रहा है कि संदिग्ध किसानों की सूची में ऐसे किसान भी शामिल हैं, जिन्होंने महज 10–12 क्विंटल मूंग या उड़द उपार्जन केंद्र में जमा किया था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240